CMYK

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 17 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 12 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अन्याय बड़ा हो, तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए: योगी पेज 2



कोलकाता टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 30 रनों से हराया खेल टाइम्स



आखिर क्यों नहीं रुकते देश में आतंकवादी हमले सम्पादकीय



मेक्सिको में भ्रष्टाचार के खिलाफ जेन-जी का प्रदर्शन पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट मामले में नया बड़ा खुलासा

# सुसाइड बॉम्बर की तलाश में था उमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस के आतंकी डा. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिरासत में लिया है। उसने पूछताछ में सामने आया है कि डाक्टरों वाला ये व्हाइट कॉलर मॉड्यूल पिछले साल ही एक सुसाइड बॉम्बर की तलाश में था। इसका जिम्मा डा. उमर पर ही था। वही मॉड्यूल के एजेंडे को लगातार आगे बढ़ा रहा था।

उमर का मानना था कि मॉड्यूल में एक सुसाइड बॉम्बर का होना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया हिरासत में काजीगुंड का जसीर उर्फ दानिश भी है। उसके मुताबिक अक्टूबर 2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में उसकी डाक्टरों वाले इस टेरर मॉड्यूल से मुलाकात हुई थी। इसके बाद उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी ले जाया गया, जहां किराए के कमरे में उसे रखा गया। मॉड्यूल चाहता था कि वह ओवर-ग्राउंड वर्कर बने, लेकिन उमर ने उसे कई महीनों तक सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए ब्रेनवॉश किया। मॉड्यूल की प्लानिंग इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक स्थिति खराब होने और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने का हवाला देकर सुसाइड बॉम्बर बनने से इन्कार कर दिया था। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवम्बर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 की हालत गंभीर है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम में एनएसजी ने फर्टिलाइजर्स की दुकानों की तलाशी ली। उनके रिकॉर्ड जांचे गए। साथ ही कार डीलर्स, विस्फोटक मैगजिन, मिलावट करने वाले और संवेदनशील रॉ मटेरियल का मैनेजमेंट करने वाली इंडस्ट्रीज की भी जांच की गई। दिल्ली धमाके के बाद से दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। सेंट्रल दिल्ली में एंटी-टेरर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। शनिवार रात अभियान में पुलिस ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए। साथ ही 417 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हथियारबंद जवान तैनात किए हैं। होटल, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, केमिकल शॉप्स और सिम विक्रेताओं पर सघन वेरिफिकेशन चल रहा है। किराएदारों और मजदूरों की जांच भी बढ़ाई गई है। हरियाणा के नूंह में डा. उमर नबी ने एक घर में किराए का कमरा लिया हुआ था। यहां की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मकान की मालिक फरार है, जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रिशियन का काम कराने वाले शख्स की बहन है।



**दावा: जिसका ब्रेनवॉश किया, उसने इस्लाम में खुदकुशी को हराम बताकर कर दिया था इन्कार**

## डा. उमर के साथी अमीर को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने उस कश्मीरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची थी।

इस हमले में 13 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 32 अन्य घायल हुए थे। यह गिरफ्तारी मामले की दिशा बदल सकती है और आतंकियों के नेटवर्क को उजागर करने में अहम साबित हो सकती है। एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। कई राज्यों में खोज अभियान चलाने के बाद आखिरकार अमीर रशीद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी की आतंकियों से संपर्क की अवधि कितनी लंबी थी, वह किस नेटवर्क के संपर्क में था और इस साजिश में अन्य कितने लोग शामिल थे।

**इसी के नाम थी धमाके में इस्तेमाल की गई कार**

## श्रीनगर थाने में ब्लास्ट तेज रोशनी व गर्मी से हुआ : फॉरेंसिक अधिकारी

**श्रीनगर/नई दिल्ली।** श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में 14 नवम्बर को सैंपलिंग के दौरान हुए ब्लास्ट को फॉरेंसिक टीम ने एक दुर्घटना बताया है। उसने स्पष्ट किया कि यह आतंकी हमला नहीं था। फॉरेंसिक टीम की जांच में सामने आया है कि एफएसएल और एनएसजी की टीम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर और अन्य केमिकल्स के आखिरी बॉक्स से सैंपल की जांच कर रही थीं, तभी बहुत ज्यादा रोशनी होने के कारण बाहर गर्मी बढ़ी और धमाका हो गया। ये सैंपल दिल्ली ब्लास्ट मामले में फरीदाबाद से जब्त लगभग 360 किलो विस्फोटक सामग्री से लिए गए थे। दरअसल 14 नवम्बर की रात करीब 11.20 बजे नौगाम थाने में ब्लास्ट हो गया, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए थे। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हास्पिटल में इलाज चल रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी नलिन प्रभात और संयुक्त सचिव (कश्मीर) प्रशांत लोखंडे ने संयुक्त बयान में कहा कि जब्त केमिकल बहुत खतरनाक और संवेदनशील थे। इसलिए टीम ज्यादा सावधानी से काम कर रही थी। इसके बावजूद धमाका हो गया।

# घाटी की जगह अब पाक-बांग्लादेश में आतंकियों की भर्ती

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और दिल्ली में लालकिले के पास धमाके के बाद कई अहम तथ्य उजागर हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसआई भारत में आतंकवाद के लिए अब आतंकियों की भर्ती कश्मीर में करने की बजाए पाकिस्तान व बांग्लादेश में करने लगी है।

ऐसा केंद्र सरकार की घाटी में बढ़ती कार्रवाई के बाद किया जा रहा है। भारतीय सेना में सेंट्रल कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ रहे सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल रवींद्र प्रताप शाही (एवीएसएम) कहते हैं कि घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सैन्य बलों की सख्ती के चलते पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की कमर टूटी है। वे सख्त निगरानी के कारण लोकल रिक्रूटमेंट नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने अब नया पैंतरा अपनाते हुए आतंकियों को बांग्लादेश व पाकिस्तान में बुलाकर प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। ये पिछले दिनों की चल रही जांच में सामने आया है। वर्ष 1983-85 व 1994-95 तक कश्मीर के अनंतनाग, पहलगाम और राजौरी में तैनात रहे ले. जनरल आरपी शाही कहते हैं कि संभव नहीं है कि महज तीन-चार माह में 360 किलो विस्फोटक इकट्ठा कर लिया जाए। किसी को शक न हो इसलिए आतंकी संगठनों ने अपने मंसूबों को साकार करने के लिए डाक्टरों को चुना। विदेशी ताकतों ने ट्रेनिंग और वित्तीय मदद की है, जिसका खुलासा इंटरपोल की मदद से जल्द ही होगा। शाही कहते हैं कि जांच एजेंसियां, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सक्रियता के चलते बड़ी साजिश नाकाम हो गई। अब सेना को एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाने का वक्त आ गया है। कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव कहते हैं कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन ऐसे हमले से भारत को उकसा रहा है कि वह उससे युद्ध करे। वे नहीं चाहते हैं कि भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र बने लेकिन हमें इसका माकूल जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 शुरू किया जाए।



**केंद्र सरकार की जम्मू- कश्मीर में बढ़ती सख्ती के बाद आईएसआई ने बदली भारत में रणनीति**

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 110 म्यूल बैंक खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 म्यूल बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और करीब 70 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। एजेंसी को तलाशी के दौरान दुबई-आधारित क्रिप्टोकरंसी वॉलेट के उपयोग के सबूत भी मिले। ईडी ने यह कदम नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की उस शिकायत के आधार पर उठाया, जिसमें नवम्बर 2024 में 82.53 किलो हाई-ग्रेड कोकीन की बरामदगी का मामला दर्ज किया गया था। इस ड्रग की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 900 करोड़ रुपये आंकी गई थी। एनसीबी ने इस मामले में पहले ही पांच लोगों को गिरफ्तार कर रखा है। ईडी ने 14 नवम्बर को दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में कुल पांच जगहों पर तलाशी ली। इस दौरान 110 म्यूल बैंक खाते फ्रीज (इनमें 73 यूपीआई और डिजिटल वॉलेट से जुड़े खाते शामिल), 70 लाख रुपये नकद, कई डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज, दुबई आधारित क्रिप्टो वॉलेट के जरिये धन भेजने के सबूत हैं।

### दिल्ली में एक्यूआई 450 पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ठंड के साथ-साथ प्रदूषण का लेवल बढ़ गया है। रविवार सुबह 8.30 बजे तक एक्यूआई लेवल 450 से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। उत्तर भारत से बर्फीली हवाएं लगातार चलने से राजस्थान में सर्दी बरकरार है। रविवार को सीकर जिले में कोल्ड-वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर, अजमेर संभाग के जिलों में सुबह-शाम शीतलहर (कोल्ड-वेव) का प्रभाव है। इन संभाग के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है।शीतलहर ने मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा और बिहार-झारखंड में ठंड बढ़ गई है। बीते चौबीस घंटे में 2डिग्री से 3डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क गया है। राजस्थान के फतेहपुर में 5डिग्री और सीकर में 5.4डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे चल रहा है। रीवा और नौगांव में पारा 7 डिग्री के आसपास चल रहा है।

### सुरेश गोपी को मिला मनोरमा न्यूज न्यूजमेकर पुरस्कार

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को यहां एक समारोह में केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री एवं अभिनेता सुरेश गोपी को मनोरमा न्यूज़ न्यूज़मेकर पुरस्कार 2024 प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सिनेमा और राजनीति की चुनौतियों पर प्रकाश डाला और दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफलता के लिए सुरेश गोपी की प्रशंसा की। श्री राधाकृष्णन ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए देश में सकारात्मक विकास को उजागर करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और बेजुबानों को आवाज़ देने में पत्रकारिता की ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया।

# आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ: थरूर

**श्रीनगर।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ और धीरे-धीरे मुंबई, पुणे, दिल्ली तक फैल गया है। भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा है। अब इस पर कठोर और असरदार एक्शन की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हर आतंकी घटना में दो चीजें बेहद अहम होती हैं। यह पता लगाना कि वारदात किसने और क्यों की और ऐसे हमलों को दोबारा होने से रोकने के उपाय। हर मुद्दे को युद्ध और शांति के चश्मे से नहीं परखा जा सकता। आतंकवाद पर सख्ती जरूरी है, लेकिन देश के विकास के बड़े लक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। थरूर का ये बयान जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला के दिल्ली ब्लास्ट पर दिए बयान पर आया।



**कहा: भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा**

# पीएम ने बुलेट ट्रेन परियोजना टीम के सदस्यों से की बातचीत

**सूरत/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की टीम के सदस्यों से बातचीत की और उनसे समय-सारिणी के लक्ष्यों के पालन सहित परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने देश की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) की प्रगति की समीक्षा शनिवार को की थी और सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया था। यह परियोजना देश के हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के युग में प्रवेश का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के साथ ही बुलेट ट्रेन से जुड़े कई कर्मचारियों बातचीत की। केरल की इंजीनियर ने गुजरात के नवसारी के नॉइज़ बैरियर फैक्ट्री में काम करने का अनुभव साझा किया, जहां रीबार केज वेल्डिंग के लिए रोबोटिक इकाइयों का उपयोग किया जा रहा है। श्री मोदी ने उनसे देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण के व्यक्तिगत अनुभव और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को परिजनों के साथ साझा करने के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण में योगदान पर गर्व होता है।



## जयंत चौधरी रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

**लखनऊ/मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन-2025 में रविवार को जयंत चौधरी सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुने गए हैं। मथुरा के कोसीकलां में रविवार को आयोजित पार्टी अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों ने श्री जयंत का स्वागत किया। अधिवेशन में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर भी व्यापक चर्चा हुई। आर्थिक प्रस्ताव के तहत कृषि भूमि के विभाजन और युवाओं के पलायन को रोकने के लिए गांव-कस्बों में स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया।



# समुद्रयान चेन्नई के ओशन इंस्टीट्यूट में ले रहा आकार

**चेन्नई, वार्ता**

**चेन्नई के** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी)में समुद्रयान आकार ले रहा है। इस वैज्ञानिक पनडुब्बी के हिस्से असेम्बल हो रहे हैं। दिलचस्प बात है कि पहले समुद्रयान के शत-प्रतिशत पार्ट्स इम्पोर्ट किए जाने थे, लेकिन कोविड और जियो पॉलिटिकल कारणों से पार्ट्स नहीं मिल पाए।

नतीजतन, अब 2025 में समुद्रयान के 50 फीसदी हिस्से भारतीय संस्थानों ने ही तैयार कर लिए। एनआईओटी के उपनिदेशक एस. रमेश ने कहा कि समुद्रयान का बेसिक फ्रेम, मत्स्य-6000, कम्युनिकेशन, नेविगेशन और कंट्रोल सिस्टम सॉफ्टवेयर भारत में ही विकसित किए गए हैं। कुछ कैमरे, सेंसर, अकास्टिक फोन और सिंटेक्टिक फोम आयात करने पड़े। लक्ष्य है कि 2026 में 30 मीटर, 200 मीटर और 500 मीटर की गहराई में समुद्रयान के तीन अलग-अलग रिहर्सल और टेस्ट होंगे। सभी उपकरणों और हर हिस्सों को नार्वे की एजेंसी डीएनवी (डेट नार्स्क वेरीटॉस) से सर्टिफिकेशन हासिल हो चुका है। समुद्रयान का टाइटेनियम मिश्रधातु से बना मुख्य ढांचा एनआईओटी परिसर के असेंबली हाल में आ चुका है। इसे तैयार करने में इलेक्ट्रान बीम वेल्डिंग का देश में पहली बार इस्तेमाल हुआ है। समुद्रयान मिशन भारत का पहला मानवयुक्त समुद्र मिशन है, जिसका मकसद मत्स्य-6000 नाम के मानवयुक्त पनडुब्बी में 3 वैज्ञानिकों को समुद्र की 6,000 मीटर की गहराई तक भेजना है। यह भारत के डीप ओशन मिशन का एक हिस्सा है। इसके तहत समुद्र के संसाधनों और जैव-विविधता का अध्ययन किया जाएगा। 2027 में गगनयान के मानव मिशन के साथ हिंद महासागर में 3 भारतीय एक्वानाट्स समुद्र की गहराई में गोता लगाएंगे। समुद्रयान सागर निधि जहाज से हिंद महासागर पहुंचेगा। 30 मीटर प्रति मिनट की गति से उतरते हुए करीब 4 घंटे में यह 6 किमी की गहराई तक पहुंचेगा। सैंपल कलेक्शन, सर्वे, स्कैनिंग और साइंटिफिक गतिविधियों के लिए चार घंटे मिलेंगे। समुद्रयान के मोबाइल व्हीकल मत्स्य-6000 में एक्वानाट सैंपल लेंगे। मत्स्य-6000 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें 3 एक्वानाट यात्रा कर सकेंगे। 2.1 मीटर व्यास के व्हीकल में सामान्य रूप से 12 घंटे, इमरजेंसी में 96 घंटे रहने का प्रावधान है। मत्स्य-6000 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें 3 एक्वानाट यात्रा कर सकेंगे। 2.1 मीटर व्यास के व्हीकल में सामान्य रूप से 12 घंटे, इमरजेंसी में 96 घंटे रहने का प्रावधान है।



**यान के 50 फीसदी हिस्से स्वदेशी**

**ये खास वैज्ञानिक पनडुब्बी चार घंटे में 6 किमी की गहराई में पहुंचेगी**

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 28 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप प्रकरण में शनिवार को अंतर्राज्ईय गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला जायसवाल सहित 28 कारोबारियों के खिलाफ कोतवाली में मामले दर्ज किए गए है। गाजियाबाद पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर बड़े ड्रग रैकेट का खुलासा किया गया था। इस मामले के तार जुड़ते हुए मुख्य आरोपी मैदागिन निवासी शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद तक पहुंचे हैं। इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की जांच में पाया गया कि करोड़ों रुपये की प्रतिबंधित कफ सिरप बेची और खरीदी गई।

### सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में गठित एसआईटी टीम ने जांच शुरू की

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में गठित दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम ने रविवार से अपनी जांच शुरु कर दी है। एसआईटी की टीम में शामिल आईजी डा. बलकार सिंह और आवास आयुक्त मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद गोपनीय रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मरियाडीह और रसूलपुर काशीपुर गांव में 22 आराजियों पर अतीक एवं अशरफ के करीबी जैद खालिद ने कब्जा किया हुआ था। बताया जा रहा है यह जमीन एटीएस को यूनिट स्थापित करने के लिए शासन की तरफ से जारी की गई थी, यहीं पर ईवीएम रखने के लिए वेयरहाउस बनाए जाने का भी प्रस्ताव था।

# चुनाव आयोग ने मतदाता विवरण डिजिटलीकरण की समय सीमा बढ़ाई

कोलकाता, वार्ता

■ अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म शामिल हो चुके

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गणना प्रपत्रों के माध्यम से एकत्रित मतदाता विवरणों के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए नवम्बर के अंत तक की समय सीमा तय की है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार बूथ स्तर पर पहले से ही चल रहे डिजिटलीकरण कार्य में अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म शामिल हो चुके हैं। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यूनीवार्ता को बताया कि आयोग के निर्देशानुसार रविवार से डेटा प्रविष्टि की गति बढ़ाई जाएगी। पूरी प्रक्रिया महीने के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। राज्य के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार शाम को जिलाधिकारियों और उनके अधीनस्थ चुनाव अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक के दौरान समय सीमा को अंतिम रूप दिया गया। ईसीआई के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली तरीके से बैठक में शामिल हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसीआई की चार सदस्यीय टीम चार नवम्बर से शुरू हुई संशोधन प्रक्रिया की प्रगति का आकलन करने के लिए 18 से 21 नवम्बर तक पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। प्रतिनिधिमंडल में उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती, प्रमुख सचिव एसबी जोशी और मलय मलिक और उप सचिव अभिनव अग्रवाल शामिल होंगे। चार दिवसीय प्रवास के दौरान ईसीआई की टीम कोलकाता, दक्षिण 24 परगना, नादिया, मुर्शिदाबाद और मालदा में एसआईआर कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी। गौरतलब है कि यह इस महीने ईसीआई टीम का दूसरा दौरा होगा। यह राज्य में संशोधन प्रक्रिया पर आयोग की करीबी निगरानी को रेखांकित करता है। इससे पहले भारती के नेतृत्व में एक टीम ने उत्तर बंगाल का दौरा किया था और गणना शुरू होने के तुरंत बाद चार जिलों में प्रगति की समीक्षा की। तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा एसआईआर चार नवम्बर को शुरू हुआ और अगले साल मार्च तक समाप्त होने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में आखिरी बार 2002 में इतना व्यापक संशोधन हुआ था।

# सरकार को एसआईआर पर घेरेंगे विपक्षी दल

## अब नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता



■ बिहार में हार के बाद कांग्रेस ने 12 राज्यों के नेताओं को बुलाया दिल्ली

बिहार में हार के बाद कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2-0 वाले राज्यों के नेताओं को दिल्ली बुलाया है, क्योंकि पार्टी अब नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहती है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार 18 नवम्बर को सुबह इंदिरा भवन में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान, निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के पार्टी नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस एसआईआर मामले को लेकर जनता के बीच नई रणनीति के तहत जाना चाहती है। क्योंकि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2-0 वाले 12 राज्यों में से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। यही वजह है कि बिहार में मिली हार के बाद पार्टी इन राज्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि इंडिया गठबंधन आगामी लोकसभा सत्र में भी एसआईआर पर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में हैं। इस मामले को लेकर नवम्बर के अंतिम सप्ताह में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की रामलीला मैदान में बड़ी रैली करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि एसआईआर 2-0 कार्यक्रम शुरू हो चुका है और यह 4 दिसम्बर तक चलेगा।

### मोदी के चेहरे और शाह के चक्रव्यूह के आगे विपक्ष चारों खाने चित: कृपा शंकर सिंह

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने रविवार को बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और गृह मंत्री अमित शाह के चुनावी चक्रव्यूह के आगे विपक्षी महागठबंधन चारों खाने चित हो गया। कृपा शंकर सिंह आज जौनपुर स्थित अपने आवास पर ष्यूनीवार्ताष से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में जीत विकास में विश्वास रखने वाले हर बिहारी की जीत है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर रहा है और उनके कार्यों और नीतियों की वजह से बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत मिला है। जंगलराज और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को अब बिहार में लूट का मौका नहीं मिलेगा।

## स्वाधीनता में वीरों एवं वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय

# अन्याय बड़ा हो, तो प्रतिशोध उससे भी बड़ा हो: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वीरांगना ऊदा देवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर किया था

■ लखनऊ के पासी चौराहा पर वीरांगना ऊदा देवी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने विदेशी हुकूमतों के चूलों को हिलाने एवं अत्याचार का जवाब देने के लिए 16 नवम्बर 1857 को लखनऊ के सिकंदरबाग में पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर किया था। उनका नाम इतिहास में अमर हो गया।

वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए। योगी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए देश के क्रांतिकारियों एवं युवाओं को मार्गदर्शन भी दिया। मुख्यमंत्री योगी एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ के सेक्टर-19, वृंदावन कॉलोनी स्थित पासी चौराहा पर वीरांगना ऊदा देवी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वाधीनता में वीरों एवं वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय है। इस मामले में लखनऊ की भूमि अनोखी है। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वातंर्त्य समर का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश ही था। शहीद मंगल पांडेय ने बैरकपुर में इसकी हुंकार भरी थी। धन सिंह कोतवाल ने उसे मेरठ में आगे बढ़ाया था। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई अमर योद्धा के रूप में उसे नेतृत्व दे रही थीं। बिठूर में तात्या टोपे उस लहर को मजबूती प्रदान कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बेगम हजरत महल का भी जिक्र किया और कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी जैसे अमर सेनानियों के साथ मिलकर विदेशी फिरंगियों को भगाने के लिए प्रथम स्वातंर्त्य समर की अमर योद्धा के रूप में वे स्मरण की जाती हैं। वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी शक्ति, बल्कि हर हिदुस्तानी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत का सम्मान कर रही है।

### जो काम वो नहीं कर पाए, वो योगी कर रहे हैं

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं योगी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि जो काम वो लोग नहीं कर पाए, वो योगीजी कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मुगलों के इतिहास को बढ़ा-चढ़ाकर नाम देने वालों ने पासी समुदाय का नाम नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं तो कभी कल्पना नहीं कर सकता था कि कोई ऐसा मुख्यमंत्री आएगा, जो समाज के बारे में इतना सोचेगा, जो योगी जी ने करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव जी का भव्य स्मारक बनाया गया है, ऐसा ही एक भव्य स्मारक महाराजा बिजली पासी जी का लखनऊ में भी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो यह फैसला किया है, इसकी भी सराहना की जानी चाहिए।

# एसआईआर को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात: मौर्य

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर इशारों में हमला करते हुए कहा है कि ष्मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद 'लठैतवादी' दलों में जो घबराहट दिख रही है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'लठैतवादी' दलों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) से डरना अच्छी बात है। अभी तक ऐसे दल लाठियों के बल पर अपनी राजनीति चमकाते थे। लेकिन एसआईआर जैसे नेक कार्य के बाद ऐसे दलों की राजनीति पर हमेशा के लिए विराम लग जाएगा। एसआईआर को लेकर एक दिन पूर्व बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वह अब देश के अन्य राज्यों में दोहराया नहीं जा सकेगा। उन्होंने दावा किया कि इस 'साजशि' का भंडाफोड़ हो चुका है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सहित किसी भी राज्य में भाजपा ऐसी रणनीति लागू नहीं कर पाएगी।



सेंसेक्स 84562.78
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 125428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160656
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारक बाजार की दिशा तय करेंगे। घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम कुल मिलाकर अच्छे रहे हैं और बाजार इस समय अपने उच्चतम स्तर के करीब बना हुआ है।

अब निवेशकों की नजर भारत. अमेरिका व्यापार वार्ता की प्रगति पर है। साथ ही अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े आने वाले हैं जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। लगातार दो सप्ताह की गिरावट के बाद बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,346.50 अंक (1.62 प्रतिशत) की बढ़त हासिल कर शुक्रवार को 84,562.78 अंक पर पहुंच गया। पांचों दिन सूचकांक हरे निशान में बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 417.75 अंक यानी (1.64 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.58 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त देखी गई। अच्छे तिमाही परिणाम के दम पर एशियन पेंट्स का शेयर 11 प्रतिशत उछल गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.40 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.88, अडानी पोर्ट्स में 4.34, टीसीएस और सनफार्मा दोनों में 3.76, टेक महिंद्रा में 3.68 और बीईएल में 3.07 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान एलएंडटी का शेयर 2.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.75, आईसीआईसीआई बैंक का 2.17, इंफोसिस का 1.70, एक्सिस बैंक का 1.59, टाइटन का 1.48, मारुति सुजुकी का 1.30 और भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.19 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे।

ट्रेंट में सबसे अधिक 5.09 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 4.54 फीसदी, टाटा स्टील का 4.02, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 3.46, इटरनल का 0.78 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0.67 प्रतिशत टूट गया।

### जीएसटी सुधारों के बाद देश में कृत्रिम धागों से मिलेगी कपड़ा उद्योग को गति

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत नई पीढ़ी के सुधारों में कपास और कृत्रिम धागों (एमएमएफ) पर कर की दर एक समान पांच प्रतिशत कर दी गई है, जिससे कपड़ा उद्योग की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। कपड़ा उद्योग पारंपरिक रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के सकल घरेलू उत्पाद में कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग का योगदान 2.3 प्रतिशत रहा। कुल औद्योगिक उत्पादन में इसका योगदान 13 प्रतिशत और निर्यात में 12 प्रतिशत है। भारत कपड़े और वस्त्रों का दुनिया में छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 34.4 अरब डॉलर का कपड़ा द्धतैयार वस्त्र और अन्य उत्पाद समेतत्र्च निर्यात किया गया था और इस क्षेत्र के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी 3.91 प्रतिशत है। कृषि के बाद यह सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। इसमें 4.5 करोड़ लोग सीधे काम करते हैं। कपास उगाने में पानी की काफी खपत के कारण यह अधिक महंगा होता है। यही कारण है कि दुनिया में अब कृत्रिम धागे ही ज्यादा इस्तेमाल किए जाते हैं। जीएसटी के तहत सितम्बर तक कपास पर पांच प्रतिशत और एमएमएफ पर 18 प्रतिशत कर लग रहा था। कारण देश में एमएमएफ का इस्तेमाल अब भी कपास से पीछे है। गत 22 सितम्बर से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों में अब कपास और एमएमएफ दोनों पर बराबर कर लगाया जा रहा है।

# चावल, गेहूं, दालों में साप्ताहिक तेजी चीनी नरम खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों के दाम भी चढ़ गए। चीनी सस्ती हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 76 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 11 रुपये की मजबूती के साथ 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अस्थिर रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल औसतन 149 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की औसत कीमत स्थिर रही। पाम ऑयल में 21 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त देखी गई। सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 72 रुपये और वनस्पति की 78 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल.दलहनों में साप्ताहिक तेजी रही। चना दाल की कीमत 46 रुपये और मूंग दाल की 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की औसत कीमत स्थिर रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी 16 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल।

# तापमान में हल्की मौसमी गिरावट होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में 18 नवम्बर तक आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है, तापमान में गिरावट कम होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिन और रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने की वजह से बीती रात इटावा, बरेली, कानपुर, बाराबंकी एवं अमेठी में शीतलहर का असर दिखाई दिया हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में हल्की मौसमी गिरावट होने की संभावना है, जिसके चलते रात एवं भोर के समय प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में 18 नवम्बर तक आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है, वहीं सोमवार से हवाओं की दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट कम होगी।

मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डा.एके सिंह ने कहा कि प्रदेश में इस समय कोई सक्रिय मौसम तंत्र मौजूद नहीं है, लेकिन पश्चिमी हिमालईय क्षेत्रों से आ रही ठंडी एवं शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा रही है। आसमान साफ रहने की वजह से रात में विकिरणीय शीतलन बढ़ गया है, वहीं मध्य भारत पर बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से ठंडी हवाओं के अधोगमन ने भी प्रदेश के मौसम को और अधिक शीतल बना दिया है। उन्होंने कहा कि इन सम्मिलित प्रभावों के परिणामस्वरूप पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात दोनों तापमान सामान्य से काफी नीचे बने हुए हैं। हालांकि दिन में धूप निकलने के बाद शीतलहर का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाएगा, लेकिन इस अवधि में अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 17 नवम्बर से हवाओं के दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट की यह प्रवृत्ति थमने लगेगी तथा ठंड में थोड़ी कमी महसूस होगी। इससे प्रदेश को शीतलहर जैसी स्थितियों से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है। इसी दौरान प्रात:कालीन घंटों में हल्की धुंध व कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी पड़ सकता है।

# फ्रंटियर टेक्नोलॉजी अपनाने से बदल जाएगी खेती की सूरत

**नई दिल्ली।** अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है ,तो कृषि को डेटा, नवाचार और तकनीक पर आधारित बनाना होगा। यह वास्तव में 'हर किसान तक तकनीक पहुंचाने' की रूपरेखा है, ताकि खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो सके। इस डेटा और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से भारत के खेतीबाड़ी के काम में तकनीकी क्रांति आएगी।

डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन 2-0 में किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना होगा। यह बात नीति आयोग की हाल ही जारी एक खास रिपोर्ट में कही गई है। 'कृषि की पुनर्कल्पना: फ्रंटियर टेक्नोलॉजी आधारित परिवर्तन हेतु एक रोडमैप' नामक यह रिपोर्ट भारत के कृषि क्षेत्र में बड़े तकनीकी बदलाव लाने की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह रोडमैप देश के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाया गया है। इस रिपोर्ट ने यह भी कहा है कि केवल तकनीक अपनाने से नहीं, बल्कि उसे 'स्मार्ट तरीके से लागू और जोड़ने' से असली बदलाव आएगा। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाना और पैदावार को बेहतर करना एक ऐसा जरूरी कदम है, जिस पर प्रगति जारी रखनी होगी। इस रास्ते में प्रमुख रुकावटें जलवायु परिवर्तन, सीमित भूमि, घटती उपज, तकनीकी असमानता, डेटा की कमी और वित्तीय बाधाओं की है। इसके अलावा मिट्टी और दूसरे प्रकार के डेटा की कमी, किसानों के भरोसे का अभाव, डिजिटल डिवाइड यानी तकनीकी को लेकर विभाजन, प्रतिभा की कमी, पूंजी की सीमाएं और नीति असंगति के कारकों को भारतीय कृषि के पिछड़ जाने के अहम बिदु के रुप में देखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का कृषि क्षेत्र ऐसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो विकास और पैदावार में बाधा डालती हैं। देश के 86 प्रतिशत किसान छोटी जोत वाले हैं जिनके पास औसतन 0.74 हेक्टेयर भूमि है। खेती की प्रमुख चुनौतियों में कम पैदावार, छोटी जोत और जलवायु परिवर्तन के असर शामिल हैं। कटाई के बाद होने वाला नुकसान सालाना 18 अरब अमे. रिकी डॉलर से अधिक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वामपंथी इतिहासकारों ने दरकिनार किया दलित-पिछड़े समाज के नायकों का इतिहास

## हर भारतीय बेटी बन सकती है ऊदा देवी: राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के इतिहास को लंबे समय तक कुछ वामपंथी इतिहासकारों ने अपनी सुविधा के अनुसार लिखा, जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और महिलाओं के असंख्य नायकों की वीरता को उचित स्थान नहीं दिया गया।



उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन वीरों की गाथाएं न तो पाठड पुस्तकों में जगह पा सकीं और न ही उन पर गंभीर शोध हुआ। पासी साम्राज्य जैसे गौरवशाली इतिहास पर आज तक किसी इतिहासकार ने व्यापक अध्ययन नहीं किया, जबकि यह समाज सदियों तक संघर्ष, साहस और स्वाभिमान की पराकाष्ठा का प्रतीक रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एका आंदोलन में मदारी पासी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। अत्यधिक लगान और अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ उन्होंने विद्रोह की अग्नि जलाई और किसानों के मसीहा बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि ऐसे योद्धाओं की स्मृति को सुरक्षित रखना देश का दायित्व है और वह मदारी पासी सहित सभी वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र की आन-बान-शान की रक्षा के लिए देश की हर बेटी ऊदा देवी बन सकती है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान महिला पायलटों और महिला सैनिकों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाई। यह साबित करता है कि नारीशक्ति आज भी उतनी ही अडिग और पराक्रमी है, जितनी ऊदा देवी ने अठारह सौ सत्तावन में दिखाई थी। उन्होंने कहा कि ऊदा देवी ने अदम्य साहस से अंग्रेजी सेना को मुंहतोड़ जवाब देते हुए राष्ट्रप्रेम का वह मानक स्थापित किया जो सदियों तक भारत के लोगों को प्रेरित करता रहेगा। रक्षा मंत्री ने लखनऊ की लड़ाई में वीरांगना ऊदा देवी के अद्वितीय योगदान को याद करते हुए कहा कि जब अंग्रेजों की एक बटालियन से लड़ते हुए वह शहीद हुईं तो उनका बलिदान इतना महान था कि ब्रिटिश अधिकारी भी उनके साहस के प्रति सम्मान में झुक गए। उन्होंने कहा कि ऊदा देवी ने न केवल पासी समाज, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है और हर भारतीय हृदय में गर्व की अनुभूति कराती हैं।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि ऊदा देवी की गाथा आत्मसम्मान का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने केवल अंग्रेजी हुकूमत को नहीं, बल्कि उस सामाजिक व्यवस्था को भी चुनौती दी जिसने सदियों तक उनके समुदाय को हाशिए पर रखा था। उन्होंने सिद्ध किया कि देशभक्ति, शौर्य और बलिदान किसी जाति या वर्ग की सीमा में बंधे नहीं हैं। देश की स्वतंत्रता की ज्वाला हर उस हृदय में प्रज्वलित हो सकती है, जिसमें मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण हो। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए जिसमें देश के हर नायक को उसका वास्तविक स्थान मिले। वीरांगना ऊदा देवी की कथा बताती है कि जब भी भारत की तरफ कोई आंख उठकर देखेगा, तो भारत की हर बेटी उसका डटकर मुकाबला करेगी। उनका बलिदान, साहस और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए अनंत प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

## आउटसोर्स कर्मियों के हित संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के निर्णय का राष्ट्रीय लोक दल ने स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि यह निर्णय आउटसोर्स व्यवस्था में वर्षों से हो रहे शोषण को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों को न केवल सुरक्षा मिलेगी, बल्कि उनकी सेवा शर्तें भी व्यवस्थित हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि निगम के गठन से मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी और एजेंसियों की मनमानी पर प्रभावी रोक लगेगी। चूंकि सेवा निगम नियामक और निगरानी की भूमिका भी निभाएगा, इसलिए कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा जैसी सुविधाओं के लिए निर्धारित धनरा. शि समय पर कर्मचारियों के खातों में पहुंचना सुनिश्चित होगा। अनुपम मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार आउटसोर्स व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाने जा रही है। न्यूनतम बीस हज़ार रुपये मानदेय तथा ईपीएफ और ईएसआई की अनिवार्य सुविधाओं से आउटसोर्स कार्मिकों के आर्थिक हितों को वास्तविक संरक्षण मिलेगा।

# राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग करेंगे विद्याकलश के स्काउट एवं गाइड



**अमेठी।** स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिनांक 20 नवंबर से 29 नवम्बर आयोजित होने वाली 19वीं अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग हेतु चयनित हुए हैं।

विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ल ने बताया कि विद्यालय के सात स्काउट शैलेश, आकाश, मोहसिन, आदर्श, अविनाश, अनंत एवं वैभव व सात गाइड लक्ष्मी, प्रिया, सोनाक्षी, अनमोल ,पूनम,गरिमा एवं आराधना का चयन 10 दिवसीय जंबूरी हेतु हुआ है । श्री शुक्ल ने बताया कि इस ऐतिहासिक जम्बूरी हेतु विद्यालय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं । विद्यालय के संरक्षक एवं भारत स्काउट एवं गाइड के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉद्ध राम कल्प तिवारी ने बताया कि ये 1964 के बाद पहला अवसर है जब उत्तर प्रदेश को 19वीं जम्बूरी की मेजबानी करने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है । डॉद्ध तिवारी ने बताया कि माननीय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी के अथक प्रयास से यक ऐतिहासिक जम्बूरी संपन्न होने जा रही है । इस भव्य एवं दिव्य राष्ट्रीय जम्बूरी का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं समापन महाम. हिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी करेंगी । लखनऊ में आयोजित होने वाली इस जम्बूरी में देश के सभी प्रदेशों सहित 15 अन्य देशों के लगभग 60 हज़ार बच्चे एवं प्रति. निधि भाग लेंगें । जिलाविद्यालय निरीक्षक डॉद्ध राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और अमेठी जनपद से 90 सदस्यों का दल प्रतिभाग करेगा । जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक यादव ने बताया कि दिनांक ङ्कक्कनवम्बर को सभी प्रतिभागियों को मुख्यालय पर बुला कर तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि विद्याकलश के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ल को जनपद प्रभारी (जम्बूरी)एवं गाइड कैप्टेन जूली मिश्रा को सहायक जनपद प्रभारी (जम्बूरी)नामित किया गया है।

# किसान कल्याण केंद्र पर किसानों का नहीं हो पा रहा कल्याण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर-अमेठी।** विकास क्षेत्र के ग्राम पन्हौना स्थित ख्रषि विभाग द्वारा नवनिल्समत भवन में दो वर्ष से अधिक समय से ब्लॉक स्तरीय किसान कल्याण केंद्र संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा करोड़ों की इमारत तो बनवा दी गई लेकिन विद्युत व्यवस्था आज भी उपलब्ध नही हो सका है। बिजली की सुविधा न होने से संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित केंद्र पर आने -जाने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में ख्रषि विभाग का सारा कार्य कंप्यूटराइज्ड व आनलाइन करना पड़ता है।



शासन से किसान कल्याण केंद्रों पर पीएम किसान,फार्मर रजिस्ट्री,किसानों का पंजीकरण,बीज़ वितरण आदि तमाम कार्यों को अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया गया है। केंद्र पर बिजली की सुविधा तथा कोई अन्य विकल्प नही होने से किसानों को बिना कार्य के ही मायूस वापस जाना पड़ता है। नवनिल्समत किसान कल्याण केंद्र भवन में पंखे,शौचालय,पेयजल हेतु समरसेबल आदि की व्यवस्था उपलब्ध होते हुए भी आज दो वर्षो से निष्प्रयोज्य के रूप में पड़ा हुआ है। यहां तक कि केंद्र पर किसानों के लिए उठने- बैठने की व्यवस्था तक मौजूद नही है। शनिवार को तहसील तिलोई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अमेठी सचिन कुमार सिंह से मिलकर समाजसेवी प्रभात द्विवेदी ने उन्हें केन्द्र पर हो रही समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए ख्रषि विभाग के अधिकारियों एवं विद्युत वितरण खंड तिलोई के अधिशासी अभियंता राकेश रौशन को निर्देशित किया कि किसान कल्याण केंद्र सिंहपुर में शीघ्र ही विद्युत आपूल्तत सुनिश्चित करायी जाए।

## सऊदी अरब में अमेठी के युवक की संदिग्ध मौत

**तिलोई अमेठी।** उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी के थाना जायस कस्बे के घोसियाना निवासी इसरार अहमद पुत्र बकरीदी की सऊदी अरब के अलहासा स्थित अल सैफ कंपनी में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, इसरार अहमद करीब पांच माह पहले ही अपने परिवार के बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर सऊदी अरब गए गया था, जहां पर वो कंपनी में हेल्पर के पद पर कार्यरत था। अचानक परिजनों को उनकी मौत की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, इसरार की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, जबकि पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बार-बार बेहोश हो जा रही है। परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा तथा जिला. धिकारी अमेठी से अपील की है कि मृतक का शव भारत लाया जाए ताकि परिजन अंतिम दर्शन कर सकें। साथ ही,उन्होंने सरकार से मृतक के परिवार को आल्थथक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# रिटायर्ड डीजीएम को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 47 लाख

### फर्जी सीबीआई अधिका. रियों ने दो दिन तक रखा वीडियो कॉल पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शहर के शृंगारनगर निवासी और यूपीपीसीएल के रिटायर्ड डिप्टी जनरल मैनेजर ओमप्रकाश नारायण मिश्र एक संगठित साइबर ठगी गिरोह का शिकार हो गए। लगभग अस्सी वर्ष के मिश्र को फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर फोन करने वाले ठगों ने दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और मनी लॉन्ड्रिग का भय दिखाकर उनसे सैंतालीस लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।




पीड़ित ने होश में आते ही साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने खाते फ्रीज़ कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मिश्र को व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर संपर्क करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को सीबीआई इंस्पेक्टर बताया और कहा कि उनके आधार और बैंक खाते का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। इसके बाद कॉल पर ही एक कथित 'सीबीआई कोर्ट' की कार्यवाही दिखाई गई। पहले दिन वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन और अगले दिन कथित जज का कमरा दिखाया गया। जज बनकर बैठे व्यक्ति ने पीड़ित को बताया कि मामला गंभीर है और अगर वे सहयोग नहीं करेंगे तो उन्हें जेल जाना पड़ेगा। मानसिक दबाव और भय में पीड़ित को कमरे में ही रहने को कहा गया और लगातार वीडियो कॉल पर निगरानी की गई। ठगों ने मिश्र को यह झांसा दिया कि मामला सुलझाने के लिए उनके खाते में मौजूद पूरी रकम एक सुरक्षित सरकारी खाते में भेजनी होगी, ताकि असली आरोपी को ट्रैप किया जा सके। इस बहाने पीड़ित ने लगभग छत्तीस लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से और करीब ग्यारह लाख रुपए अन्य ट्रांजैक्शन तरीकों से आरोपी खातों में भेज दिए। जैसे ही वीडियो कॉल समाप्त हुई और नम्बरों से संपर्क टूट गया, तब उन्हें अहसास हुआ कि वे ठगी का शिकार हुए हैं। बेटे की सलाह पर उन्होंने तुरंत साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है और बड़ी राशि को फ्रीज़ किए जाने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की डिजिटल अरेस्ट ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शहर में इससे पहले भी बुजुर्गों, डॉक्टरों और रिटायर्ड अफसरों को निशाना बनाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके लोगों का आसानी से झांसे में आ जाना अपने आप में चिताजनक है। साइबर सेल ने एक बार फिर नागरिकों को चेताया है कि कोई भी सरकारी एजेंसी व्हाट्सऐप, वीडियो कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से पूछताछ नहीं करती और न ही किसी भी सुरक्षा जांच में नागरिकों की धनराशि ट्रांसफर कराने का निर्देश दिया जाता है। पुलिस ने सलाह दी है कि किसी भी संदिग्ध कॉल के मामले में पहली सूचना हेल्पलाइन उन्नीस सौ तीस या नजदीकी साइबर थाने को दें, ताकि इस तरह की ठगी को रोका जा सके।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई मिसाल बनी काशी

## महिलाओं के आजीविका मॉडल से प्रदेश में छह माह में चार बार प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** काशी की महिलाएं घरों की दहलीज से निकलकर न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार दे रही हैं। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत जिले ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

अक्टूबर दो हजार पच्चीस की राज्य स्तरीय रैंकिंग में वाराणसी शीर्ष पर रहा, जबकि पिछले छह महीनों में चार बार प्रथम और दो बार शीर्ष दस में स्थान प्राप्त कर चुका है। यह उपलब्धि महिलाओं को संगठित करने, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने और रोजगार से जोड़ने की दिशा में लगातार हो रहे प्रयासों का परिणाम है।

राज्य स्तर पर इस रैंकिंग को तैयार करने के लिए सैंतीस संक. ेतकों के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाती है। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह के अनुसार वाराणसी ने वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष समूह गठन, महिलाओं को जोड़ने, रिवाल्विग फंड उपलब्ध कराने, आजीविका गतिविधियों का विस्तार, उत्पादक समूहों का गठन, बैंक सखी व उद्यम सखी चयन, बैंक ऋण उपलब्ध कराने और ग्राम संगठन की प्रोफाइलिग जैसे सभी प्रमुख बिंदुओं पर उत्दृष्ट कार्य किया है। इन सभी प्रयासों ने वाराणसी को लगातार शीर्ष पर बनाए रखा है। जिले में वर्तमान समय में ग्यारह हजार आठ सौ उन्यासी स्वयं सहायता समूहों में एक लाख अड़तीस हजार से अधिक महिलाएं सक्रिय हैं। ये समूह कृषि, पशुपालन, सब्जी व फूलों की खेती, ग्रोसरी, बीसी सखी, विद्युत् सखी, टेक होम राशन प्लांट, दोना-पत्तल निर्माण, ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई, सिल्क उद्योग, मुरब्बा निर्माण, काशी प्रेरणा कैफ़े, जूट बैग, ड्रोन सखी जैसी विविध आजीविकाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

उपायुक्त (स्वतंत्र रोजगार) पवन कुमार सिंह बताते हैं कि इन आजीविका गतिविधियों ने महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके परिवारों के जीवनस्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।

सरकार द्वारा महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सरस मेले, विभागीय प्रदर्शनियों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और 'काशी प्रेरणा मार्ट' जैसी पहलें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। जिला प्रशासन और आजीविका मिशन मिलकर महिलाओं को बीमा सखी, मधुमक्खी पालन, मखाना खेती, बकरी पालन सहित नई-नई गति. विधियों से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध प्रयास कर रहे हैं। सीएसआर फंड का उपयोग भी महिलाओं को आजीविका विस्तार में सहायक सिद्ध हो रहा है। एकता संकुल समिति, आराजीलाइन की वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक अंजू देवी कहती हैं कि मिशन ने महिलाओं को आय के साथ सम्मान भी दिया है। जो महिलाएं पहले बैंक जाने में संकोच करती थीं, आज वे पूरी सहजता के साथ बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले रही हैं और दो से तीन प्रकार के रोजगार कर अपनी पहचान बना रही हैं। वहीं चिरईगांव ब्लॉक की 'महिला शक्ति' स्वयं सहायता समूह की अमृता देवी बताती हैं कि सरकार की योजनाओं ने महिलाओं के हुनर को नए अवसर दिए हैं। आर्थिक मजबूती न होने के कारण जो कार्य पहले अधूरे रह जाते थे, वे अब उनके लिए रोज़गार का आधार बन गए हैं, और जीवन में आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं। वाराणसी की यह उपलब्धि न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरक है।

# प्रदेश में नए भर्ती अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा अलग-अलग जनपदों में मिली पहली तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे चौंतीस पीपीएस अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद राज्य सरकार ने सभी अधिकारियों को नई तैनाती दे दी है। इनमें तीस अधिका. रियों को पुलिस उपाधीक्षक के रूप में अलग-अलग जनपदों में भेजा गया है, जबकि चार अधिकारियों को कमिश्नरेट प्रणाली वाले शहरों में सहायक पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार बसंत सिंह को महाराजगंज, संकल्प दीप कुशवाहा को एटा, प्रतिज्ञा सिंह को बांदा, नारायण दत्त मिश्रा को बहराइच, ऋतिक कपूर को सुलतानपुर, अभिमन्यु त्रिपाठी को लखीमपुर खीरी, पीयूष कुमार पाण्डेय को झांसी, क्रिश राजपूत को मऊ, गायत्री यादव को मिर्जापुर, मनोज कुमार गंगवार को औरैया, सुधीर सिंह को मेरठ, जयंत यादव को कुशीनगर, रोहिनी यादव को सिद्धार्थनगर, प्रभा पटेल को हरदोई, आकृति पटेल को पीलीभीत, अभय कुमार वर्मा को फतेहगढ़, अभिषेक कुमार को सीतापुर, अनुभव राजर्षि को गाजीपुर, आकांक्षा गौतम को बिजनौर, शुभम वर्मा को शाहज. हांपुर, अमित कुमार को संतक. बीरनगर, देशहराज सिंह को बलिया, दीपशिखा को मैनपुरी, कुलदीप सिंह यादव को बस्ती, अवनीश कुमार सिंह को इटावा, शशांक श्रीवास्तव को बुलंदशहर, गौरव उपाध्याय को महोबा, मयंक मिश्रा को अयोध्या और विनी सिंह को उन्नाव भेजा गया है। अपूर्वा पाण्डेय को यूपी, एक सौ बारह, लखनऊ में पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त कमिश्नरेट तैनाती में शशि प्रकाश मिश्रा को सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ, हरेख्रष्ण शर्मा को सहायक पुलिस आयुक्त आगरा, अरुण पाराशर को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज और अपूर्व पाण्डेय को सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी बनाया गया है। राज्य सरकार का मानना है कि नयी तैनातियां जिलों में पुलिसिग की दक्षता बढ़ाने के साथ प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करेंगी।

# मां की ममता हुई शर्मशार, सड़क पर मिला मृत नवजात शिशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद के कोतवाली अमेठी क्षेत्र में एक मृत शिशु सड़क किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना जिले के अंतू रोड स्थित बाईपास के पास की है। रविवार की सुबह राहगीरों की नजर कंबल में लपेट नवजात पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना स्थानीय लोगों दी।

नवजात शिशु के मिलने की ख़बर क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई। प्रत्यक्ष दल्ल्शयों के मुताबिक नवजात शिशु को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कोई व्यक्ति उसे जानबूझकर यहां फेंक गया है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंची। डायल 112 की पुलिस टीम ने मृत प्रीमेच्योर शिशु को अपने कब्जे में ले लिया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मृत शिशु को यहां किसने और क्यों फेंका। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नवजात की पहचान और इस ख्रत्य के पीछे जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आसपास के लोगों ने इस घटना पर गहरी नारा. जगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है किस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए अत्यंत चिता जनक है। ऐसे ख्रत्य में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल अमेठी कोतवाली पुलिस के अनुसार मामले की छानबीन की जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही पूरे मामले का अमेठी पुलिस खुलासा करेगी।

# एक ऐसा गरीब परिवार जिसने अपने घर के इकलौते चिराग के इलाज में लगा दी सारी पूंजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** हम बात करने जा रहे हैं जनपद अमेठी तहसील तिलोई विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के अन्तर्गत रमनगरा मजरे जयनगरा गांव निवासी बृजनाथ उर्फ गुडडू के एक लौते बेटे आनंद कुमार कि जो पिछले लगभग पांच वर्षो से जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। अपने एक लौते बेटे के इलाज में पिता ने घर की एक एक पूंजी लगा दी जमीन बिक गई घर की भैंसे तक बिक गई पूरा परिवार घर के एक लौते चिराग के इलाज में कर्ज में डूबा हुआ है,

जिनके पास अब अपने बेटे का इलाज करवाने के लिए एक पैसा तक नहीं बचा है पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। विवरण के अनुसार आपको बताते चलें कि घर का एक लौता चिराग आनंद कुमार पुत्र बृजनाथ उर्फ गुडडू निवासी रमनगरा मजरे जयनगरा वर्ष 2021 में दीपावली के दिन उक्त गांव के ही रहने वाले सत्य नारायण पुत्र राम प्रसाद नया नया डीजे लाए थे उसी का प्रचार प्रसार करने के लिए आनन्द कुमार को अपने साथ लेकर गए हुए थे जहां पर डीजे पलट गया और पूरा डीजे स्टैंड के साथ आनंद कुमार के ऊपर जा गिरा जिसमें आनंद कुमार की कमर की हढी पूरी तरह से टूट गई , उक्त डीजे मालिक द्वारा इलाज करवाने की बात कहकर मामले को रफा दफा कर दिया गया था लेकिन आज लगभग पांच वर्ष बीत चुके है लेकिन डीजे मालिक के द्वारा इस गरीब बच्चे का इलाज नहीं करवाया गया, जिसके बाद आनंद कुमार के पिता बृजनाथ उर्फ गुडडू लगातार एक एक पैसे जोड़ कर अपने एक लौते बेटे का इलाज करवाते रहे जिसमें जमीन से लेकर घर की भैंसे तक बिक गई

लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ आज यह परिवार पैसों के अभाव में अपने बेटे का सही से इलाज भी नहीं करवा पा रहा है पूरा परिवार आल्थथक तंगी से जूझ रहा है,। वहीं बृजनाथ उर्फ गुडडू ने बताया कि हम लोग बहुत ही गरीब व्यक्ति है किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं बस पांच बेटियां भी है जिसमें दो की शादी किसी तरह कर चुके हैं तीन बेटियों की अभी शादी करनी है घर की एक एक चीज बेंच कर अपने बेटे के इलाज में लगा चुका हूं अब कुछ बचा नहीं है जिससे हम अपने बेटे का इलाज करवा सकूं ,पांच वर्षो से मेरा बेटा चार पाई और व्हीलचेयर पर अपनी जिन्दगी बिता रहा है, कमर से लेकर पैरों तक इन्फेक्शन फैलने लगा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विवाहिता को पीटने में छह के खिलाफ रिपोर्ट

## फोन पर दोस्ती के बाद हुआ था निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। प्रेम-प्रसंग से शुरू हुई कहानी निकाह तक पहुंची, लेकिन कुछ ही दिनों में हालात ऐसे बने कि युवती को ससुराल से निकाल दिया गया। दहेज मांग, मारपीट और धमकी के आरोपों के बाद पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, जिस पर धनौरा पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

चांदपुर क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी करीब छह माह पहले धनौरा क्षेत्र के एक युवक से फोन पर बात. चीत शुरू हुई थी। दोनों कई बार आपस में मिले भी। युवती का आरोप है कि युवक बाद में उसे घर से बहला-फुसलाकर ले गया। इस दौरान परिजन उसकी गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे। युवती का कहना है कि बाद में दोनों परिवारों की सहमति से उनका निकाह हो गया। निकाह के कुछ दिन बाद ही मामला बिगड़ गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के छह लोगों ने उससे दहेज की मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट की गई और पति ने तलाक देने की धमकी देते हुए उसे ससुराल से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर धनौरा थाना पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पटेल की जयंती पर निकाली एकता यात्रा

## गगन भेदी इलाकों से गूंज उठा इलाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर भाजपाइयों द्वारा विशाल एकता यात्रा निकाली गई। एकता यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।



रविवार को लोह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में ब्लॉक से एकता यात्रा का शुभारंभ किया गया। एकता यात्रा नगर पालिका अंबेडकर पार्क मैंन बाजार रहरा रोड होते हुए शाहपुर कला तीसरा मिल होकर गांव मंगरौली में जाकर समापन हो गया। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के राष्ट्र की एकता और अखंडता में दिये गये योगदान को याद किया। कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के सिद्धांतों को जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया इस दौरान डीजे और तारों से माहौल गूंज उठा। एकता यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने राष्ट्रीय एकता सद्भाव और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नगर पालिका गेट पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा एकता यात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, पूर्व पालिकाध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल, विधायक पुत्र देवेंद्र खड्गवंशी, प्रमोद त्यागी, अंकुर अग्रवाल, प्रधान देशपाल सिंह, पवन राज, संजय शर्मा, कविता सैनी, अमरपाली आदि मौजूद थे।

# तीन गांवों में बढ़ते विवादों पर कसी लगाम

## शांतिभंग के आरोप में 12 का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र में बढ़ते झगड़ों और तनाव पर अंकुश लगाने के लिए धनौरा पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 12 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। तीन अलग-अलग गांवों में विवादों की बढ़ती आग को पुलिस ने समय रहते थाम लिया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

सबसे बड़ा मामला हिरनाखेड़ी गांव से सामने आया, जहां जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने एक पक्ष से गुरमीत और दूसरे पक्ष से दिनेश व नरेंद्र को पकड़कर शांति भंग के आरोप में चालान किया। इसी तरह नांदनौर माफी गांव में भी आपसी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। यहां पुलिस ने एक पक्ष से अशोक कुमार और पवन, जबकि दूसरे पक्ष से रामकिशोर, आकाश और सुदेश को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। तीसरा मामला डींगरा गांव का रहा, जहां तनाव बढ़ता देख पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। यहां एक पक्ष से गुलशेर और अफजल, जबकि दूसरे पक्ष से यासीन और यामीन को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की को. शिश करने वालों पर सख्त एक्शन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी 12 आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है।

# सच्चाई और ईमानदारी से बनती है इंसान की पहचान

## चेहल्लुम की मजलिस में मौलाना नामदार ने किया खिताब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर के मोहल्ला मजापोता स्थित इमाम बारगाह मैमूना खातून में रविवार को आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए शिया धर्मगुरु मौलाना नामदार अब्बास ने कहा कि सामा. जिक हमदर्दी और एक दूसरे की मदद करते रहना पुण्य का काम है। एक अच्छा इंसान झूठ से दूर रहता है और समाज में एक दूसरे से हमदर्दी से पेश आता है। सैय्यद मंजर अब्बास मरहूम के देहांत उपरांत रविवार को चेहलुम की मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मौलाना ने कहा कि एक अच्छे इंसान की पहचान लोगों की परेशानियां दूर करना और उनके काम आना है। मौलाना ने बुराइयों से दूर रहने, शिक्षा हासिल करने और समाज के काम आने पर अपना विशेष संबोधन दिया। सैय्यद मंजर अब्बास के सिलसिले में मौलाना ने कहा कि वो एक हमदर्द इंसान थे और हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे, ऐसे इंसान को लोग मरने के बाद भी याद रखते है। आखिर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत का बयान पेश किया गया। जिसे सुनकर लोगों की आंखे नम हो गईं। इससे पूर्व सैय्यद सिब्ते सज्जाद ने मर्सिया पेश किया। इस दौरान मुबारक अमरोहवी, मोहम्मद सलमान नौशा अमरोहवी, सलीम अमरोहवी, हैदर कमाल, वसी हैदर खुर्रम, वकारुल हसनैन खान, खुलकें हैदर नकवी, हकीम जाफर मुंतजिर, नवाब मुराद अली, फैजान रजा, हसनैन अमरो. हवी, डा.चंदन नकवी, डा. तश्कील हैदर, शुजा अमरोहवी, लियाकत अमरोहवी, शीराज हैदर आदि मौजूद थे।

# अमरोहा फाटक पर दो पक्षों में मारपीट

## चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शादी समारोह से लौट रहे दो भाइयों पर युवकों के एक गुट ने अचानक हमला बोल दिया। अमरोहा फाटक के पास हुई इस वारदात में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मौहल्ला चीमन चांदपुर थाना चांदपुर (बिजनौर) निवासी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने भाई महेंद्र के साथ धनौरा में रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने आया था। शुक्रवार दोपहर जब दोनों भाई वापस लौट रहे थे, तभी अमरोहा फाटक के पास बोबी पुत्र राजू सैनी, गोलू पुत्र सुरेश पाल, राहुल पुत्र विजयपाल सैनी और रिंकू पुत्र नन्हे (निवासी गांधी नगर, धनौरा) ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। हमले में दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, तब जाकर हमलावर मौके से भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और पीड़ित की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं को बताए यातायात के नियम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। यातायात माह के तहत थाना पुलिस ने बुधवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता की मुहिम को नया आयाम देते हुए छात्रों को जीवनरक्षा के अहम नियम समझाए। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हेलमेट और सीट बेल्ट सिर्फ चालान से बचाने का साधन नहीं, बल्कि घर सुरक्षित लौटने की गारंटी हैं। मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय जानलेवा साबित होता है, और तेज रफ्तार कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है निरीक्षक ने छात्रों से सीधा संवाद कर उन्हें वास्तविक हादसों के उदाहरण देते हुए यातायात नियमों के महत्व को विस्तार से समझाया। विद्यालय परिसर पूरे दिन सुरक्षा पहले के संदेश से गुंजायमान रहा।

## घर के बाहर खड़ी बाइक जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रहस्यमय तरीके से घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर नाले का पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। रहरा थाना क्षेत्र में संभल जिले से धर्मपाल अपने साढू भोला से मिलने रहरा गांव आये थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। और अंदर बैठे थे।थोड़ी देर बाद अचानक बाइक से धुआं उठने लगा और उसमें आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। आग शॉर्ट सर्किट या पेट्रोल रिसाव के कारण लगी होना बताया जा रहा है। इस घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह नाले का पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगातार पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

## मानसिक रूप से पीड़ित युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले में एक युवक पर बेरहमी से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। मान. सिक बीमारी से पीड़ित युवक को पड़ोस के ही एक युवक ने लोहे के डंडे से पीटकर उसका पैर तोड़ दिया। पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर धनौरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांधीनगर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसका बेटा घर के पास ही मौजूद था, तभी मोहल्ले के ही गोलू नामक युवक ने उसे आवाज देकर बुलाया और अचानक लोहे के डंडे से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। हमले में पीड़ित के बाएं पैर की हड्डी टूट गई। परिजनों के मुताबिक आरोपी नशेड़ी प्रवृत्ति का है और अक्सर आवारा युवकों के साथ घूमता है। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल युवक को बचाया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां एक्स-रे में पैर की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी गोलू घटना के बाद भी धमकी दे रहा है कि अभी तो पैर तोड़ा है, अगली बार जान से मार दूंगा।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा, युवक की मौत

## फैक्ट्री के लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हादसे में फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव यकबगड़ी में स्व. चंद्रपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका 35 वर्षीय बेटा ललित कुमार गजरौला की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। शनिवार रात करीब दस बजे वह ड्यूटी कर घर लौट रहा था।जैसे ही वह मोगा होटल के सामने सर्विस रोड पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में ललित कुमार गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने ललित मृतक घोषित कर दिया। सीओ सिटी अर्घभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मृतक ललित के भाई दीपक की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जाम लगने से फंसी रही एम्बुलेंस

## आये दिन का जाम बना जी का जंजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के बाईपास मार्ग स्थित अमरोहा अड्डे से संभल अड्डे तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस दौरान मरीज से भरी एंबुलेंस करीब आधा घंटा जाम में फंस गई। तो वही मंगरौली से वापस आ रही विधायक की गाड़ी भी जाम में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू हो सका है।



रविवार को नगर के बाईपास स्थित अमरोहा अड्डे से लेकर संभल अड्डे तक करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी में वाहनों का जाम लग गया। उधर रींग-रींग कर चल रहे वाहनों के बीच मरीज से भरी एम्बुलेंस भी जाम में फस गई। करीब आधा घंटा एंबुलेंस जाम में फंसी रही और मरीज एंबुलेंस में त्राहि त्राहि कर रहा था। इस दौरान यात्रा से वापस आ रहे क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के वाहनों का काफिला भी जाम में फंस गया। जहां मौके पर तैनात स्थानीय पुलिस ने मिलकर यातायात नियंत्रित किया। काफी मशक्कत के बाद एम्बुलेंस को जाम से बाहर निकाला गया। जहां एक तरफ गन्ने का सीजन शुरू हो गया तो वहीं ई रिक्शा उल्टे सीधे चल रहे वाहनों के कारण लगातार बाईपास पर जाम की स्थिति बनी रहती है। एक तरफ जहां अमरोहा अड्डे पर लोगों द्वारा गोल चक्कर बनवाए जाने की मांग की जा रही है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके, और जाम से लोगों को निजात मिल सके। वहीं कुछ लोगों द्वारा सड़क के बीचो-बीच पटरी बनवाए जाने की मांग भी की जा रही है और क्रॉसिंग की जगह डिवाइडर के साथ गोल चक्कर भी बनवाया जाना चाहिए ताकि नगर को जाम के झाम से राहत मिल सके। इसके बाद पुलिस द्वारा यातायात नियंत्रित किया गया।

# भाकियू अम्बेडकर से दर्जनों ने दिया इस्तीफा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पर लगाये गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस पर किसानों की समस्याओ नए के जाने का आरोप लगाते हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संगठन से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की बैठक तहसील में आयोजित की गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने कहा कि उनके संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि किसानों से उनका कोई लेना देना नहीं है। ना ही किसानों की कोई समस्या है। वह किसानों की आवाज नहीं उठा पा रहे है। इससे संगठन के कार्यकर्ता अपने आप को ठगा था महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के इन शब्दों से संगठन के पदाधिकारी नाराज हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि अब वह और संगठन के अन्य कार्यकर्ता इसमें नहीं रह पाएंगे। देवेंद्र सैनी ने कहा कि वह तथा निजाम प्रधान प्रदेश प्रवक्ता, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, अतीक अहमद, असलम सैफी, अमीचंद चौहान, सोनू पोसवाल, राजू चौहान, हरकेश सिंह, महेंद्र सिंह, शौकीन अहमद, राम अवतार सिंह, शोएब अहमद, इसरार अहमद, मुस्तकीम अहमद, समीर कार्यकर्ता अपने पदों एवं संगठन से त्यागपत्र दे रहे हैं। भारी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा इस्तीफा देने से संगठन में अपना तफरी मच गई है।

**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मृतक लोकेश के परिजनों का बंधाया ढांढस**

# लोकेश के परिवार को एक करोड़ व सरकारी नौकरी मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दिल्ली कार ब्लास्ट में मारे गये लोकेश अग्रवाल एवं अशोक कुमार गुर्जर के घर पर पहुंचकर उनके परिवारों को ढांढस बंधाते हुए सरकार से एक करोड रुपये का मुआवजा दिलवाये जाने के साथ ही परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की है।



रविवार की देर रात गये लोकेश अग्रवाल के आवास रहरा रोड पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंच गये। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये। वह कम है। 13 लोग इस विस्फोट में मारे गये हैं उनके परिवार इस समय बहुत दुख में है। उन्होंने कहा सरकार फेल हो चुकी है। इतना बड़ा धमाका हो गया और अभी तक पीड़ित परिवारों की कोई मदद नहीं की गई है। उन्होंने कहा की सभी को शहीदी का दर्जा दिया जाये। सरकार प्रत्येक मृतक के परिवारों को एक करोड़ का मुआवजा दे तथा प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाये। इस अवसर पर पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली, सचिन चौधरी, ओमकार सिंह कटारिया, ख्यालीराम खड़गवंशी, समीर खान आदि मौजूद थे।

## सुखदेवी इंटर कॉलज की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। श्रीमती सुखदेव इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किये गये। रविवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए पराग अग्रवाल सचिव पद के लिए विनय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर बाल शंकर गौड़ मुकेश अग्रवाल तथा विनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष पद पर प्रशांत अग्रवाल उपसर्. चव पद पर अभिनंदन अग्रवाल के नामांकन पत्र दाखिल हुए है। सदस्य पद 6 पदों के लिए रवि शंकर शर्मा विभोर अग्रवाल मनोज कुमार अग्रवाल मोहित गर्ग शोभित गर्ग विवेक गुप्ता अनुराग अग्रवाल के नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। जो नामांकन पत्र दाखिल हुए थे दोपहर बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई। सभी नामांकन पत्र सही पाये गये नाम वापसी कल होगी। उसके बाद ही पता लग पायेगा कि कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। पिछले माह हुई सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र रजबपुर के गांव महेशरा निवासी कमल सिंह 27 अक्तूबर को रात नौ बजे बाइक से अपने घर जा रहे थे, जब वे स्वागत होटल के सामने पहुंचे तभी दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और तभी से उनका उपचार पाकबड़ा स्थित निजी हॉस्पिटल में चल रहा था, जहां पर 02 नवम्बर को कमल सिंह की मौत हो गई। घटना से स्वजनों में चीत्कार मच गई। कमल सिंह की पत्नी राजेन्द्री ने दुर्घटना के जिम्मेदार अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी, जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# होटल में चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गए दो युवक

## लोगों ने जमकर पिटाई की, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। एक निजी होटल में दो चोरों को चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर भीड़ ने उन्हें बुरी तरह पीट दिया। जानकारी के अनुसार होटल में मोबाइल और पर्स चोरी की शिकायतें बढ़ने के बाद लोगों की निगरानी भी बढ़ी हुई थी। रविवार को दो युवक चोरी करते पकड़े गए तो उन्होंने भागने की कोशिश की, जिससे भीड़ का गुस्सा और भड़क गया। गुस्साए लोगों ने दोनों आरोपितों को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मारपीट की इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। हालांकि घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कुछ लोगों ने घायल आरो. पितों को भीड़ के चंगुल से किसी तरह छुड़ाया। घटना के वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटा रही है।

# लखनऊ में विंटेज कारों की शाही परेड

## हजरतगंज से प्रतिष्ठान तक सजा पुरानी यादों का कारवां




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवाबी तहज़ीब और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने वाली विंटेज कार रैली ने आज राजधानी की सड़कों पर एक बार फिर पुराना दौर उतार दिया। हजरतगंज के ऐतिहासिक गलियारों से शुरू होकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक निकली यह शाही परेड लखनऊ की विशेष पहचान बन चुकी है, जो हर वर्ष शहरवासियों को न सिर्फ आकर्षित करती है बल्कि तकनीकी और सांस्कृतिक धरोहर को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाती है।

रैली की शुरुआत सुबह हजरतगंज चौराहे से हुई, जहां लोगों की भीड़ इन पुरानी लेकिन संरक्षित और चमकदार कारों को देखने के लिए उमड़ पड़ी। नब्बे वर्ष से भी अधिक पुरानी कारों की कतार सड़क पर बढ़ती गई तो दर्शकों ने इसे किसी चलचित्र की तरह देखा, जिसमें बीसवीं सदी की शुरुआत से लेकर मध्य दशक की ऑटोमोबाइल कला की अनोखी झलकें सामने थीं। इस बार की रैली में ऑस्टिन सेवन, फिएट स्पाइडर, वोक्सवैगन बीटल, शेवरले फैटन, जगुआर मार्क फोर और अन्य संग्रहणीय मॉडल शामिल रहे, जिन्हें शहर के ओध हेरिटेज कार क्लब तथा निजी कलेक्टरों ने वर्षों की मेहनत से सुरक्षित रखा है। इन कारों के बड़े हेडलाइट, चौड़े पहिए, पुरानी मशीनी ध्वनियां और उनके विशिष्ट स्टार्ट-अप सायरन ने युवा और बुजुर्ग सभी को उस ज़माने के यातायात की याद दिलाई, जब मोटर गाड़ियां खुद में एक शान और प्रतिष्ठा का प्रतीक थीं। रैली का मार्ग रूमी दरवाज़ा, कैसरबाग, हज़रतगंज का मुख्य मार्ग, जीरो बिंदु और वन ज़ीरो नब्बे चौराहे से होता हुआ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक रहा, जहां कारों का स्वागत एक गरिमामय माहौल में किया गया।

लखनऊ में विंटेज कार रैली का इतिहास कई दशकों पुराना है। यह रैली लखनऊ महोत्सव का भी प्रमुख आकर्षण रही है और शहर की पर्यटन छवि को मजबूत करने में इसकी भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है।

पिछले वर्षों के आयोजनों में उन्नीस सौ ग्यारह की मैरीवेदर, उन्नीस सौ छब्बीस की बेबी ऑस्टिन और उन्नीस सौ तीस के दशक की कारें लोगों के आकर्षण का केंद्र रही हैं। इस परंपरा का विस्तार आज भी जारी है, जिससे स्पष्ट होता है कि शहर में सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने की भावना लगातार बढ़ रही है। कारों के रखरखाव में आने वाली कठिनाइयां, पार्ट्स की दुर्लभता और विशेषज्ञ मरम्मत की आवश्यकता के बावजूद कार मालिक अपने शौक और विरासत-संरक्षण के संकल्प के साथ इन्हें सड़क पर चलने योग्य बनाए रखते हैं। आज की परेड केवल शौकिया प्रदर्शन भर नहीं थी, बल्कि इसका उद्देश्य विरासत संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। पिछले आयोजनों की तरह इस बार भी रैली में स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों को शामिल किया गया, जिससे यह रैली जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारी कारें देर शाम तक लोगों के लिए खुली रहीं, जहां बड़ी संख्या में लोग इन कारों के साथ तस्वीरें लेते और उनकी ऐतिहासिक बनावट को देखकर आश्चर्य व्यक्त करते रहे। लखनऊ की हवा में आज जो पुरानी दुनिया की सुगंध घुली, वह शहर के उन विरासत मूल्यांशों की याद दिलाती है, जिन्हें समय भी धुंधला नहीं कर पाया। विंटेज कार रैली न केवल मोटर इतिहास का प्रदर्शन है, बल्कि यह इस बात का जीवंत प्रमाण भी है कि नवाबी शहर अपनी धरोहरों को संजोने में आज भी उतनी ही गंभीरता रखता है जितनी कभी रखा करता था। इस शानदार आयोजन ने आज फिर यह सिद्ध कर दिया कि लखनऊ सिर्फ परंपरा का नगर नहीं, बल्कि उस परंपरा को जीने और दिखाने का भी साहस और सौंदर्य रखता है।

# मुख्यमंत्री योगी कल बस्ती आएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बस्ती आएंगे जहां वे देश बन्धु नंदानाथ की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने रविवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि श्री योगी आदित्यनाथ का 17 नवम्बर को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अस्पताल चौराहे पर देश बन्धु नंदानाथ की स्मृति मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। श्री योगी का हेलीकाप्टर श्री कृष्ण पाण्डेय इंटर कालेज परिसर में उतरेगा जहां सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किए गए है।

पूरे जनपद मे अलर्ट जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को देखते हुए ड्रोन कैमरों से भी निगरानी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि थाना पुरानी बस्ती सहित विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा चौराहों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाई गई है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है ताकि कोई भी असामाजिक तत्व कार्यक्रम में बाधा न उत्पन्न कर सके। गौरतलब है कि नंदा बाबा का निधन तीन नवम्बर की रात में हुआ था, ब्रह्मभोज 20 नवम्बर को है। वह गोरखनाथ मंदिर के बहुत ही करीबी थे।

# सड़क हादसे में भांजे की मौत, मामा घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार भांजे की मौत हो गई जबकि मामा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेरासपुर में चकपड़ौना-इब्राहिमपुर मार्ग पर आज सड़क हादसे में बाइक सवार गुड्डू बनवासी (30) निवासी बरछाएं, थाना मिर्जामुराद की मौत हो गई जबकि उसका मामा झुरी बनवासी (35) निवासी गुलौरी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि गुड्डू अपने मामा झूरी के घर आया था। जहां से दोनों सुबह बाइक पर सवार होकर बेरासपुर की ओर गए थे। वापस लौटते समय बेरासपुर के पास उनकी बाइक में एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# संदिग्धों को अवैधनिक तरीके से बसाने का पर्दाफाश होने पर हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में सैकघे की संख्या में बाहरी संदिग्धों लोगों को अवैधानिक तरीके से बसाने एवं उनके निवास प्रमाण पत्र निर्गत कराए जाने के एक गंभीर मामले का पर्दाफाश होने पर हड़कंप मच गया है एवं मामले में प्राथमिक जांच पघ्ताल में एक ग्राम विकास अधिकारी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे निलंबित कर दिया गया है जबकि इसमें शामिल राजस्व विभागके लेखपाल की भूमिका संदिग्ध मान सघन पड़ताल शुरू की गई है। जिले की कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के बेलाताल में पिछले कुछ दिनों में देखते ही देखते करीब चार सौ प्रवासियों की एक नई बस्ती बस जाने पर इन संदिग्धों लोगों की गति. विधियों से चितित ग्रामीणों ने पिछले दिनों इसकी शिकायत पुलिस ओर प्रशासन से की थी। जिसके बाद पुलिस तत्काल कार्रवाई करने मौके पर पहुंची बाद में उन्हें आदिवासी कबीला का बताते हुए अपने पल्ला झाध लिया। लेकिन विश्व हिन्दू परिषद समेत विभिन्न हिन्दू वादी संगठन प्रकरण में सक्रिय हो गए।

विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संगठन मंत्री मयंक तिवारी ने बताया की बेलाताल में आकर बसे उक्त बाहरी संदिग्ध लोगों की भाषा ओर बोलचाल बंगलादेशी रोहिग्या जैसी होने के कारण संगठन द्वारा ज्ञापन सौंप कर व्यक्त की गई चिता को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया ओर प्रवासियों के विषय में सघन पड़ताल शुरू कराई गई। जांच में हाल के दिनों में ही इनके स्थानीय स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से उन्हें स्थानीय निवासी बनाए जाने के लिए निवास प्रमाण पत्र निर्गत होने ओर ग्राम पंचायत के परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज किए जाने के चल रहे षड्यंत्र का खुलासा हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा ने परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज किए जाने की निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन न करने पर शनिवार को ग्राम सचिव आमिर खान को निलंबित भी कर दिया है। कुलपहाड के उप जिलाधिकारी कार्यालय के सूत्रों ने बताया की कोई दो माह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी अनुराग प्रसाद के हस्ताक्षरों से निर्गत बेलाताल के प्रवासियों के निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की जांच करके रिपोर्ट लेखपाल राम बाबू द्वारा दिए जाने की बात प्रकाश में आई है। आवश्यक अभिलेखों के बगैर स्वीकृत कराए गए सभी आवेदनो का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। बेलाताल पुलिस चौकी के इंचार्ज सुजीत जायसवाल ने बताया की पुलिस की जांच में बस्ती के लोगों ने पूर्व में वर्ष 2008 में निर्गत अपने आय, जाति, निवास के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें लखनऊ के तहसीलदार मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी किया गया था।

# निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के साइबर अपराध थाना द्वारा शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपयों की धोखाधडी करने वाले अंतर्राज्ईय गैंग के तीन सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साइबर ठगी करने वाले गिरोह द्वारा रामदत्त त्रिपाठी निवासी कडाधाम थाना कडाधाम जनपद कौशाम्बी को शेयर मार्केट में आईपीओ में निवेश कराने के नाम पर एक सितम्बर से 23 सितम्बर 2025 के मध्य कुल 61,19,211 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे। जिसके सम्बन्ध में राम दत्त त्रिपाठी की तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना जनपद कौशाम्बी पर बीएनएस व आईटी एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया था। घटना के खुलासा के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा साइबर क्राइम सेल की टीमें गठित की गई। साइबर सेल टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों व इलेक्ट्रानिक अभिलेखों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित तीन अभियुक्तों रणदीप मडावी निवासी हाउस नम्बर एएफ 102 हरिनगर नील गिरी टावर थाना रातीबड, नीलबड जिला भोपाल मध्यप्रदेश, धीरज मालवीय निवासी ममता पैलेश कलखेडा रोड नीलबड थाना रातीबड जिला भोपाल मध्यप्रदेश एवं शुभम पटेल उर्फ आदि निवासी एस-2 राम होम्स सी सेक्टर इन्द्रपुरी थाना पिपलानी जिला भोपाल मध्य प्रदेश को भोपाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उनके गैंग द्वारा लोगों को शेयर मार्केट में निवेश करने का लालच देकर उनके द्वारा दिए गए पैसो को आधार कार्ड पर कूट रचना करके फर्जी नाम पते पर बैंक में खाता खुलवाकर उसका एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक के माध्यम से सम्बन्धित बैंक में जाकर धनराशि निकालते है, उन पैसों को गैंग के अन्य सदस्यों तक पहुंचाया जाता है एवं लोगों के आधार कार्ड में पता बदल देते है। इसी तरह से जनपद कौशाम्बी से एक व्यक्ति से 62 लाख रुपये की धोखाधडी की गई है।

# सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र बनकट में कानपुर-वाराणसी हाईवे पर रविवार को एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया की ट्रेलर एवं ट्रक दोनों वाराणसी की तरफ जा रहे थे कि ट्रक चालक को झपकी आ जाने से आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया। भीषण टक्कर के चलते ट्रक चालक बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गया के वर्सा निवासी राहुल गोस्वामी (35) के रूप में हुई है। घायल खलासी महताब आलम (30) गया का निवासी है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद चालक के फंसे हुए शव को बाहर निकाला।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घायल खलासी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# औरैया में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया में कल रात इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाकरपुर बोहरा गांव के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। दोनों मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे और राजगीर-मिस्त्री का काम करते थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर औरैया अशोक कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई है, जिसमें कुछ लोग हताहत हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली औरैया के साथ सीओ नगर व पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गया। पुलिस को मौके पर दो व्यक्ति मिले जिनमें भूप सिंह (30) पुत्र मान सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी एवं गंभीर रूप से घायल महाराज सिंह (40) पुत्र नाथूराम, निवासी खरका की मढ़ैया, थाना कोतवाली, औरैया को पुलिस द्वारा तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों मृतक खरका की मढ़ैया गांव के ही निवासी थे और एक साथ काम करके लौट रहे थे। बताया कि पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# युवक का शव मिला

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में थाना क्षेत्र देलहुपुर के ग्राम भवालपुर में विश्वनाथ गंज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में रविवार को संदिग्धवस्था में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान चंद्र प्रकाश मिश्र (20) पुत्र अशोक कुमार मिश्र निवासी ग्राम रघवापुर राजापुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ के रुप में हुई। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान है। राहगीरों ने शव को देख पुलिस को सूचना दी। चंद्र प्रकाश शनिवार को एक बारात में जाने के लिए घर से निकला था। परिजनों ने हत्या करके शव को फेंके जाने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पटेल की 150वीं जयंती के अवसर एकता यात्रा निकाली गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता यात्रा निकाली गई।




एकता यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग सरदार वल्लभभाई पटेल को श्र(ांजलि देने पहुंचे। चार किलोमीटर लंबी इस यात्रा में कई विशिष्ट अतिथिगण भी शामिल थे। इस दौरान प्रबु( जनों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनके द्वारा देश को एक सूत्र में पिरोया जाने और एक अखंड भारत के निर्माण की बातों को याद करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल न केवल लौह पुरुष थे बल्कि उनके आदर्श युग युगांतर तक भारतीयों के हृदय में बसा रहेंगें। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनके आदर्श और उनके चरित्र तथा एक संयोजित राज्य शासन की व्यवस्था के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए।

# अमेठी में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में रविवार को शारदन गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई।




जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जिले के मुंशीगंज थाना कोतवाली क्षेत्र के टांडा बांदा राजमार्ग स्थित शारदन गांव के पास आज दोपहर बाद एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों मोटरसाइकिल चालकों की मौके पर ही मौत होगी। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान मुकेश चौहान (42) निवासी धम्मौर और संदीप शुक्ला (39) निवासी माधव पुर के रूप में हुई। हादसे में नरेंद्र चौहान घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को इलाज के लिए भेटुआ सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दोनों शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक मुंशीगंज शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बांदा में गांजे की अवैध खेती करते दो व्यक्ति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के अतर्रा थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने दो मकानों में छापा मार कर अवैध गांजे की खेती करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर गोखिया गांव निवासी लखनलाल एवं संतोष उर्फ बादे के घरों में पुलिस ने छापा मारा। जहां दोनों मकान परिसर के अंदर बाड़े में गांजे की अवैध खेती करते हुए पाए गए। पुलिस ने मौके पर खेती कर रहे लखन व संतोष को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों मकानों से 17 किलो से अधिक हरा और 1100 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया।

# 33 डंपरों का चालान कर वसूला गया लाखों रुपये समन शुल्क

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की पुलिस द्वारा इस महीने में विशेष अभियान चलाकर 33 डंपरों का चालान तथा आठ वाहनों को सीज कर लाखों रुपये का समन शुल्क वसूला गया। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा इस महीने में 110 डम्पर एवं ट्रकों की जांच की गई जिसमें 33 बड़े वाहनों का चालान करते हुए आठ वाहनों को सीज कर 2,05,000 रूपए समन शुल्क वसूले गए। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में बिना नम्बर प्लेट, अवैध डंपर एवं ट्रक संचालन के विरुद्ध 'विशेष अभियान' चलाकर जनपदीय पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जांच एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट अथवा गलत नम्बर लिखे वाहनों पर कार्रवाई की गई। जिसके तहत आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी, पम्पलेट वितरण एवं सुरक्षित ड्राइविग के उपाय बताए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### दम्पति के शव अलग अलग स्थानों पर लटके मिले

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में नानपारा क्षेत्र स्थित परसा अगेया गांव में एक दंपती के शव दो अलग-अलग स्थानों पर फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब पांच बजे विवाहिता बिट्टन का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला था। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। मायके वालों के पहुंचते ही पति पप्पू सोनकर सहित परिजन घर से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भराकर देर रात पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे पप्पू सोनकर का शव गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर माता प्रसाद के आम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया। मृतका बिट्टन के पिता का आरोप है कि दामाद समेत ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर मामले को आत्महत्या की तरह दिखाने की कोशिश की है। वहीं पप्पू सोनकर के पिता महंगू का कहना है कि शनिवार शाम पति-पत्नी में विवाद हुआ था, जिसके बाद पप्पू घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल बंद हो गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बहू के मायके पक्ष ने उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ पर टांग दिया है। सीओ प्रधुम्न सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है।

### सोनभद्र खनन हादसा में एक शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के ओबरा थाना क्षेत्र के एक पत्थर खदान में पहाड़ी धसकने से गिरे मलबे में 150 फीट नीचे गहराई में कार्य कर रहे लगभग बारह से ज्यादा दबे मजदूरों में से एक का शव बरामद किया गया है। राहत कार्य में जुटे एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम ने रविवार सुबह एक मजदूर का शव बरामद किया है। शेष दबे हुए मजदूरों को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया ने आज बताया कि शनिवार को रात से ही लगातार पहाड़ी से गिरे मलबे को हटाने का कार्य चल रहा है। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा बचाव कार्य जारी है। यह घटना बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र के मे0 कृष्णा माइनिग खदान में हुई है। बरामद शव की पहचान परिजनों ने पनारी गांव निवासी राजू सिंह गोड़ (30) पुत्र त्रिवेणी सिंह गोड़ के रूप में हुई है। एडी जी ने बताया कि चूंकि पहाड़ी से गिरे पत्थर काफ़ी बड़े हैं तथा गहराई में है जिसे निकालने में काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। मौके पर मलबे को हटाने के लिए पर्याप्त उपकरण व संसाधन लगाएं गए है और पुरा जिला प्रशासन राहत कार्य में जुट गए हैं। युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने बताया की राहत कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों से स्थिति के संबंध में बारीकी से जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस घटना में जो भी श्रमिक हताहत या घायल हुए हैं।

### युवा उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत कटौती शेड्यूल बदलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रविवार को उपविभागीय अधिकारी विद्युत विभाग के माध्यम से प्रबंध निदेशक विद्युत विभाग उ0प्र0 सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान समय में जो विद्युत शेड्यूल है, उस पर असंतोष जाहिर कर बदलने कि मांग की। विद्युत कटौती उस समय की जाती है जब आम जानता को विद्युत की अति आवश्यकता होती है घर के सभी कार्य सुबह में किए जाते है उस समय विद्युत की सप्लाई ना होना एक परेशानी बन जाता है। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि सुबह के समय की यह कटौती लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ रही है। घरों में महिलाएं गैस या इंडक्शन पर नाश्ता नहीं बना पा रहीं, बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली के ना होने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो जाती है। सुबह के समय सेहत के लिए टहलने वाले बुजुर्गों के लिए विद्युत का सुबह के समय ना होना एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है। बताया कि सुबह का यही समय दिन की सबसे व्यस्त घड़ी होती है, जब हर घर में भागदौड़ चलती है, बच्चों को स्कूल भेजना, नौकरी या व्यापार के लिए तैयारी करना। ऐसे में बिजली जाने से पूरा कामकाज ठप पड़ जाता है। छात्राओं का अंधेरे में तैयार होकर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गलियों और रास्तों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। जनमानस की गंभीर समस्या को देखते हुए विद्युत कटौती सुबह 05 बजे से 10 बजे तक और शाम 05 बजे से रात के 10 बजे तक किसी भी हाल में कटौती नहीं की जाए। जनमानस की परेशानी को देखते हुए तत्काल विद्युत शेड्यूल बदला जाए। ज्ञापन में प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रभात कृष्णा, मोहित, अमोल शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सांड के हमले में एक वृद्ध की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सांड के हमले में एक वृद्ध किसान की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जुवरा गांव निवासी चंद्रशेखर (80) आज सुबह अपने घर के बाहर बैठे थे इसी दौरान वहां से गुजर रहे सांड ने उन पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल चंद्रशेखर को नजदीकी अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टैक्टर की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के पंडरी थाना क्षेत्र के त्रिगोडा गांव में रविवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से एक नाबालिग की मौत हो गई। पंडरी थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि त्रिगोडा गांव में आज सुबह लगभग आठ बजे एक ट्रैक्टर मिट्टी लाद कर ले जा रहा था। गांव के निवासी दिनेश कुमार का पुत्र धीरज कुमार (12) सड़क पार करते समय ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है। गांव के लोगों ने चालक को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी है।

# पुलिस अधिकारी कर रहें थानों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित थानों को और बेहतर बनाने के मकसद से पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा थानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तृतीय सेन्ट्रल नोएडा राजीव गुप्ता द्वारा रविवार को थाना सूरजपुर का त्रैमासिक निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें कार्यालय अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा पीड़ित जनता के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने थाना परिसर में मौजूद पीड़ित व्यक्तियों से पुलिस की कार्यशैली को लेकर फीडबैक लिया। इस विषय पर पीड़ित व्यक्तियों ने पुलिस की कार्य शैली की प्रशंसा की।



आज सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेन्ट्रल नोएडा राजीव गुप्ता द्वारा थाना सूरजपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क, शस्त्र व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एसीपी ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी व हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने व लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद एसीपी ने हवालात, मेस व साइबर हेल्प डेस्क व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ितों की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने व सभी शिकायतों का अविलंब गुणवक्तापूर्ण निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने को निर्देशित किया।

वहीं थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टरों को पूर्ण व सही तरीके से रखरखाव रखने के लिए एसीपी ने निर्देशित किया। इसके अलावा थाना प्रभारी को सभी आने वाले नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने व लोगों से मृद व्यवहार करने, सभी विवेचकों को लंबित पड़ी विवेचनाओं का जल्द से जल्द समापन करने, पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने और ड्यूटी के प्रति कर्तव्य, दायित्व और ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने के संबंध में निर्देशित किया।

बता दें कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर इन दिनों पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन दिनों नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थानों का त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक सहायक पुलिस आयुक्त सेन्ट्रल नोएडा प्रथम वर्णिका सिंह द्वारा थाना फेस-3, सहायक पुलिस आयुक्त सेन्ट्रल नोएडा द्वितीय दीक्षा सिंह द्वारा थाना बादलपुर तथा अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा सन्तोष कुमार द्वारा थाना बिसरख का अर्द्धवार्षिक किया जा चुका है।

# नोएडा स्टेडियम में होने वाले 15वें महाकौथिग की तैयारियों को लेकर अहम बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 15वें महाकौथिग मेले के आयोजन को लेकर आयोजन समिति पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा आज यानी रविवार 16 नवम्बर को नोएडा स्टेडियम मे मुख्य संयोजक राजेन्द्र चौहान, संस्थापिका कल्पना चौहान एवं महाकौथिग के अध्यक्ष हरीश असवाल की अध्यक्षता मे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में महाकौथिग मेले के 7 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक सत्रों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई और कार्यक्रम से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

**जागेश्वर धाम की थीम पर तैयार होगा मंच:** इस अवसर पर मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान ने बताया कि महाकौथिग मेला उत्तराखंड की लोक संस्कृति, रीति रिवाज, औधोगिक विकास एवं धार्मिक परम्पराओं व प्रगति का अदभुत संगम है। उन्होने बताया कि इस बार के महाकौथिग मंच का स्वरूप ऐतिहासिक जागेश्वर धाम की थीम पर तैयार किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहेगा।

**इस बार सात दिनों का होगा महाकौथिग मेला:** आयोजन समिति के अनुसार इस बार का महाकौथिग मेला 7 दिनों का होगा. जो आगामी 19 दिसम्बर से 25 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक नोएडा स्टेडियम में आयोजित किया जायेगाचलेगा।

**उतराखंड के 13 जिलों के 150 कलाकार पेश करेंगे अपनी लोक संस्कृति की झलक:** इस वर्ष मेले में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के 150 से अधिक लोक कलाकार अपनी लोक संस्कृति, परंपराओं और कला का शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**शाम के सत्र में होंगे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम:** हर शाम उत्तराखंड के सभी 13 जिलों से आए 150 लोक कलाकार अपने पारंपरिक लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

बैठक में मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान, संस्थापिका स्वर कोकिला कल्पना चौहान, महाकौथिग के चेयरमैन आदित्य घिल्डियाल, अध्यक्ष हरीश असवाल, महासचिव यशवंत सिंह, उत्तराखंडी फिल्मों केनिर्माता/निर्देशक एवं अभिनेता राकेश गौड़, रेखा चौहान, इंद्रा चौधरी, जगत रावत, आरपी घिल्डियाल, लक्ष्मण रावत, चंदन गुसाई, नरेंद्र बिष्ट, सुबोध थपलियाल, हरिदत्त भट्ट सहित महाकौथिग की पूरी टीम उपस्थित रही।

# इनोवा ने टाटा बोल्ट कार को मारी टक्कर, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन के सामने इनोवा कार ने पीछे से टाटा बोल्ट कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टाटा बोल्ट कार के चालक विक्रांत सिरोही (31) निवासी यमुना विहार दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि जांच में पता चला है कि विक्रांत सिरोही परिवार के साथ दिल्ली में रहते थे। वह स्पेन की किसी कंपनी में काम करते थे। काम के सिलसिले में शनिवार को वह जीटा-1 आए थे। यहां से वापस दिल्ली स्थित अपने घर जाने के लिए रविवार देर रात कार से निकले। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन के सामने वह देर रात करीब 3:30 बजे सड़क हादसे का शिकार हो गए। जांच में पता चला है कि इनोवा कार चालक तेज रफ्तार में था। टाटा बोल्ट कार के चालक ने दायीं से बायी ओर अचानक से लेन बदल दी। इससे पीछे तेज रफ्तार में चल रही इनोवा चालक ने टाटा बोल्ट कोर को टक्कर मारने के बाद कार के बोनट से जा टकराई। इनोवा कार के एयरबैग खुलने के कारण इसमें सवार चालक बाल-बाल बच गया। जबकि टाट बोल्ट का बोनट का हिस्सा सहित अंदरूनी कार का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण इसमें सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक कार के चालक को रविवार को ही अपने काम से स्पेन जाना था।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इनोवा कार को कब्जे में ले लिया गया है। दुर्घटना के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत के बाद ट्रैक्टर से कुचलकर तीन की मौत; दो बच्चे गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बनारसी गांव के नजदीक दनकौर सिकंदराबाद रोड पर रविवार की सुबह भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना में दो बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के स्वजन का कहना है कि ट्रैक्टर चालक के लाप. रवाही के कारण हादसा हुआ है। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ऊंची दनकौर निवासी हीरालाल (25 वर्ष) अपनी भाभी तुलसी (36 वर्ष) और 12 वर्षीय भतीजी कुमकुम व 10 वर्षीय भतीजे देवा के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। जब उनकी बाइक दनकौर सिकंदराबाद रोड पर कनारसी गांव के नजदीक पहुंची इसी दौरान सामने से आ रही अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई।



दोनों बाइकों की भिड़ंत के बाद सभी लोग मुख्य सड़क पर ही गिर गये। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक की लापरवाही के कारण तीन लोगों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया जिससे कुचलकर उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे में हीरालाल उनकी भाभी तुलसी और अन्य बाइक चालक गौरव निवासी जुनेदपुर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दोनों बच्चों को भी गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना के बाद दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा सभी मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से ही मृतकों के स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत:** दादरी के जारचा क्षेत्र में कार और बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर अवस्था में पास स्थित अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने डेढ़ माह बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार, बागपत के बसौत निवासी गुलजार ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि चार अक्टूबर को उनके बेटे जुबैर की बाइक में बिसाहड़ा फाटक के समीप अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। पीड़ित पिता ने अब इस मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## एक नजर

### लाखों के जेवरात लेकर घरेलू सहायिका फरार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी के एक फ्लैट में काम करने वाली घरेलू सहायिका पर लाखों के जेवरात चोरी करने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी में रहने वाले हर्ष वसन ने पुलिस को बताया कि जिला सीतापुर के ककरई गांव निवासी सीमा बतौर घरेलू सहायिका काम करती थी। पत्नी नीलम ने सात नवंबर को पाजेब और मंगलसूत्र घर की अलमारी में रखने के लिए सीमा को दिया था। आरोप है कि इसके बाद अलमारी में देखा तो पाजेब और मंगलसूत्र गायब थे।

सीमा के मोबाइल पर कॉल करके संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। तब सीमा पर चोरी करने का संदेह विश्वास में बदल गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी महिला के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### भारत उत्कर्ष महायज्ञ का शुभारंभ

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-110 स्थित रामलीला मैदान में दस दिवसीय भारत उत्कर्ष महायज्ञ का रविवार को शुभारंभ हुआ। यज्ञ के बाद कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कलश स्थापना, गणपति होम, गो पूजन और नवग्रह शांति जैसे वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान से हुए। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नोएडा के विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, असम, पंजाब, उड़ीसा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की सांस्कृतिक झांकियां नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कीं। वैदिक यज्ञशाला में 108 कुंडों पर विश्वशांति और मानव कल्याण के लिए समर्पित यज्ञ अनुष्ठान लगातार चलता रहा। श्रद्धालुओं के लिए ध्यान, वेदाध्ययन और सत्संग जैसे विशेष आध्यात्मिक सत्र भी आयोजित हुए।

### वायु प्रदूषण पर बड़ी कार्रवाई, प्राधिकरण की 14 टीमें मैदान में सक्रिय

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण और AQI के 'खराब' श्रेणी में पहुँचने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने मोर्चा संभाल लिया है। मा0 CAQM आयोग द्वारा 14 अक्तूबर 2025 को जारी निर्देशों के तहत Graded Response Action Plan (GRAP) को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राधिकरण की 14 विशेष टीमें पूरे शहर में सघन अभियान चला रही हैं।

प्राधिकरण की टीमें सेक्टरों और गाँवों में जाकर कुल 62 स्थानों का निरीक्षण कर चुकी हैं। स्थानीय निवासियों और निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को GRAP और NGT के दिशा-निर्देशों के पालन के लिए जागरूक किया गया। शहर की मुख्य सड़कों पर धूल न उड़े, इसके लिए 54 टैंकरों से 231.70 किमी सड़क पर शोधित जल का छिड़काव किया गया। वहीं जन स्वास्थ्य विभाग की 19 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों ने 340 किमी लंबी सड़कों की सफाई की।

**हरियाली की धुलाई और एंटी-स्मॉग गन तैनात:** उद्यान विभाग के 19 टैंकरों से सेंट्रल वर्ज में लगे पौधों की धुलाई कराई गई। धूल नियंत्रण के लिए निर्माण स्थलों पर 88 एंटी-स्मॉग गन और 10 ट्रक माउंटेड एंटी-स्मॉग गन संचालित की जा रही हैं।

**C-D Waste का 600 टन से अधिक उठान:** शहर के विभिन्न हिस्सों से 601.89 टन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट उठाकर प्रसंस्करण केंद्र भेजा गया।

उल्लंघन करने वाले निर्माण स्थलों पर प्राधिकरण की टीमें जुर्माना भी कर रही हैं। निर्माण सामग्री को ग्रीन नेट से ढकने, पानी का नियमित छिड़काव करने, तथा मेटल शीट/ग्रीन कारपेट लगाने का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है।नोएडा प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों में सहयोग करें और GRAP के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छ हवा के अभियान में सहभागी बनें।

# मृदुल तिवारी के स्वागत में नोएडा की सड़कों पर उमड़ी भीड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सलमान खान के धमाकेदार शो 'बिग बॉस 19' ने छोटे पर्दे पर धूम मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'बिग बॉस 19' से बीते सप्ताह मृदुल तिवारी का एविक्शन हो गया था, जिससे फैंस को काफी झटका लगा था। मृदुल तिवारी को दर्शकों के वोट के आधार पर नहीं बल्कि लाइव ऑडियंस से मिले चार वोट के कारण घर से बेघर होना पड़ा था। हालांकि बाहर आने के बाद मृदुल तिवारी ने मेकर्स की पोल खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। वहीं अब मृदुल तिवारी अपने शहर नोएडा पहुंचे हैं, जहां उनका भव्य अंदाज में स्वागत हुआ। मृदुल तिवारी को देखने के लिए सड़कों पर लोगों का हुजूम उमड़ा नजर आया। लोगों ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।



मृदुल तिवारी का इससे जुड़ा वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देख फैंस भी उनपर खूब प्यार लुटा रहे हैं। 'बिग बॉस 19' फेम मृदुल तिवारी कार पर खड़े होकर अपने फैंस से मिलते नजर आए। वहीं फैंस भी उनके स्वागत में उन्हें माला पहनाते और हाथ मिलाते नजर आए। अपने फैंस को देखकर मृदुल तिवारी की खुशी सातवें आसमान पर नजर आई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मृदुल तिवारी की कार के चारों तरफ लोग नजर आए। मृदुल तिवारी का वीडियो देख एक यूजर ने लिखा, ष्असली विजेता मृदुल भाई। दूसरे यूजर ने लिखा, ष्हमारे लिये तो आप ही विज. ेता हो। तीसरे यूजर ने लिखा, कौन बोलेगा कि ये गौरव खन्ना की परछाईं में थे। लोगों को असल में इनका और जीके का बॉन्ड पसंद आया था।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीएम गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय कक्ष में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ तथा बीएलए के कार्यों में समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा समस्त ईआरओ और एईआरओ के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि इस कार्यक्रम को आयोग की मंशा के अनुरूप सफल बनाने हेतु समस्त बीएलओ एवं बीएलए आपसी समन्वय बनाते हुए अपने-अपने कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ एवं बीएलए के समन्वय बनाकर कार्य करने से बीएलओ को विशेष प्रगाढ़ परीक्षण के दौरान मतदाताओं के घर तलाशने, गणना प्रपत्र प्रविष्टि भरने, वितरण, संकलन और अन्य समस्याओं के समाधान में बीएलए का सहयोग मिलेगा।

समस्त ईआरओ द्वारा अवगत कराया गया कि आज भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सभी बीएलए से दूरभाष के माध्यम से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु वार्ता की गई, जिसमें विधानसभा 61 नोएडा में 35.25 प्रतिशत, विधानसभा 62 दादरी में 47. 92 प्रतिशत एवं विधानसभा 63 जेवर में 0% बीएलए की सक्रियता है।

जिलाधिकारी द्वारा विशेष विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में 100 प्रतिशत सभी बीएलए की सक्रियता के लिए पत्राचार के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों अवगत कराया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों से वार्ता कर वर्तमान स्थिति से अवगत करा दिया गया है और उनसे अपेक्षित सहयोग का अनुरोध किया गया है। सभी दलों के जिला अध्यक्षों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य अत्यंत तेजी से किया जा रहा है तथा अब तक 96 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में संकलन का कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है।

जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी ईआरओ को निर्देशित किया कि अगले दो दिवस में निर्धारित समय-सारणी और रोस्टर के अनुसार बीएलओ और बीएलए की समन्वय बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित कर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने सौंपे गए दायित्वों का शतख्रप्रतिशत निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिला अधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# दुकान के बाहर लगी एसी की मशीन चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-22 में एक दुकान के बाहर लगी एसी की आउटडोर मशीन चोरी हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-दो स्थित पाम ओलंपिया हाउसिंग सोसाइटी निवासी विवेक श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि उनकी सेक्टर-22 स्थित जियाराम कॉम्पलैक्स में भूतल पर एयर सेल्स कॉर्पोरेशन के नाम से दुकान है। 15 नवंबर की सुबह करीब 8.30 बजे वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान के बाहर रखा एसी का आउटडोर गायब है। उसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। चोर कॉपर के तार और कलपुर्जे भी ले गया है। उन्होंने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि दुकान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में सेंट एलीन ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खोड़ा।** खोड़ा-मकनपुर स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित किये गए अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में सेंट एलीन स्कूल ने बाजी मार ली। खोड़ा-मकनपुर स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में खोड़ा के 14 विद्यालयों में से कक्षा एक से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिया गुप्ता, काजल और पूर्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अखिल, माही, और श्रद्धा ने द्वितीय स्थान पर अपनी विजय दर्ज की। इस मौके पर सेंट एलीन स्कूल के प्रबंधक अजय गर्ग भी मौजूद रहे। आठ कक्षाओं में से चार कक्षाओं में सेंट एलीन विद्यालय ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका सुब्रतो चंद्र दास द्वारा निभाई गई। सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया।




# कोर्ट में मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में शुक्रवार को दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने के आरोप लगाए। मामले में एक पक्ष के पीड़ित अधिवक्ता रोहित कुमार का कहना है कि वह शुक्रवार को घर का पुराना दरवाजा हटाकर नया लगवा रहे थे, तभी महेन्द्र, उनके पुत्रों मनोज-पंकज और प्रवीन समेत 15-20 लोग घर में घुस आए और लगे हुए सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। आरोप है कि सभी लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने रोहित व उनके परिजनों प्रमोद, विपिन व भाभी सुनीता पर जानलेवा हमला किया।

इसकी शिकायत उन्होंने पहले ही पुलिस में की थी। शनिवार की सुबह जब वह पेशेगत कार्य से कचहरी पहुंचे तो वहां भी मनोज, पंकज, महेन्द्र, विष्णु व 50 से अधिक अज्ञात लोग पहले से मौजूद थे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। कचहरी में भीड़ जुटने पर सभी एक सफेद रंग की थार में फरार हो गए। उधर दूसरे पक्ष जैतपुर वैशपुर निवासी महेन्द्रपाल शर्मा का कहना है कि शुक्रवार को उनके पड़ोसी रोहित से विवाद हो गया था।

उसी प्रकरण में कार्यवाही व जमानत के लिए वह 15 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे कचहरी पहुंचे थे। आरोप है कि रोहित अपने साथियों के साथ पहले से घात लगाए बैठा था। जैसे ही महेन्द्रपाल अपने बेटों मनोज और पंकज के साथ वहां पहुंचे। उनके ऊपर लाठी-डंडों व ईंट से हमला कर दिया गया।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बाढ़ से सुरक्षा के लिए बिसरख नाले पर गेट लगेगा

**नोएडा।** हिंडन नदी में बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पानी को आने से रोकने के लिए बिसरख नाले पर गेट (रेगुलेटर) लगाने की तैयारी तेज कर दी गई है। प्राधिकरण ने सिंचाई विभाग को इस कार्य के लिए पांच करोड़ रुपये की राशि जारी की है। सिंचाई विभाग इस माह निविदा जारी करेगा। बारिश से पहले काम पूरा करने का लक्ष्य है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार सचान ने बताया कि बिसरख नाले पर गेट का निर्माण ऐमनाबाद बंध पर किया जाएगा।

नाला हिंडन नदी में यहीं पर गिरता है। निर्माण सिंचाई विभाग यह कार्य कराएगा। इस पर आने वाला खर्च लगभग 10.56 करोड़ रुपये प्राधिकरण वहन करेगा। साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी भी की जाएगी। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर नए साल में काम शुरू करा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तेज बारिश होने पर हर साल हिंडन नदी में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। खतरे के निशान से ऊपर आने पर नदी में गिरने वाले बिसरख नाले का पानी बैक फ्लो (वापसी प्रवाह) मारने लगता है। इससे नाला भी उफान मारने लगता है। भविष्य में बाढ़ का पानी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और आसपास के गांवों में न घुसे इसके लिए प्राधिकरण ने एहतियात के तौर पर गेट का निर्माण करने का निर्णय लिया है।

**प्रक्रिया आगे बढ़ी:** बिसरख नाले पर गेट का निर्माण किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को पूर्व में हुई बोर्ड बैठक में मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। गेट के बनने से हिंडन नदी में बाढ़ के दौरान पानी शहर में आने से रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही बिसरख नाले से डूब क्षेत्र में कटाव को रोकने में भी मदद मिलेगी।

# निर्माण के तीन दिन बाद ही उखड़ने लगी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी वन स्थित 4 एवेन्यू के पास निर्माण के तीन दिन बाद ही सड़क उखड़ने लगी है। जगह से बजरी निकल रही है। ऐसे में लोगों द्वारा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए हैं। साथ ही, प्राधिकरण द्वारा कार्य की जांच न करने का आरोप लगाया गया है। टाउनशिप में रहने वाले मनीष सीता और प्रशांत ने बताया कि 4 एवेन्यू के पास बनी सर्विस रोड की हालत खराब थी, जिसके निर्माण में मरम्मत की मांग को लेकर प्राधिकरण से काफी समय से मांग की जा रही थी। वहीं, प्राधिकरण द्वारा लोगों की समस्या के समाधान के लिए टेंडर जारी कर सड़क का निर्माण दोबारा से कराया गया।



लोगों का आरोप है कि सड़क का निर्माण ठीक तरीके से नहीं हुआ है। गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। सड़क निर्माण के तीन दिन बाद ही वह दोबारा से टूटने लगी है। जगह-जगह से बजरी निकल रही है। साथ ही, सड़क उखड़ने लगी है। ऐसे में वह कुछ दिनों में ही पहले जैसी हो जाएगी। लोगों का कहना है कि प्राधिकरण द्वारा टेंडर जारी कर दिया जाता है, लेकिन बाद में कार्य का निरीक्षण नहीं किया जाता है, जिसके चलते ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है।

# दहेज में अल्टो कार की मांग पर बहू को किया बेदम

**नंद-देवर ने दी जान से मारने की धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज की अवैध मांग को लेकर एक विवाहिता को प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की नीयत से हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। विवाहिता रियाज फातिमा खाता थाना हाफिजगंज ने अपने पति अरबाज हैदर निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा, कस्बा सेंथल सहित ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना हाफिजगंज में तहरीर दी, जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

विवाहिता के अनुसार उसका निकाह 9 जुलाई 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। पिता ने निकाह में लगभग 12 लाख रुपये खर्च किए, जिसमें मोटरसाइकिल, टीवी, फ्रिज, कूलर, घरेलू सामान और सोने-चांदी के जेवरात आदि दिए गए थे। विदा होने के बाद वह ससुराल में वैवाहिक जीवन निभाती रही। तहरीर में आरा. ेप है कि विवाह के कुछ ही समय बाद जेठों की ओर से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें शुरू हो गईं। शिकायत करने पर माफी माँगी गई, परन्तु कुछ महीनों बाद पुन: प्रताड़ना बढ़ने लगी। विवाहिता का कहना है कि उसके पति अरबाज हैदर, ससुर महताब हैदर, सास किश्वर फातिमा, नन्द रश्मि व इसमत फातिमा, जेठ आसाब हैदर आदि लोग दहेज में एक ऑटो कार की लगातार मांग करते हुए उसे गालियाँ देते, धमकाते और कई-कई दिनों तक भूखा रखते थे।

विवाहिता ने आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर उसे कई बार घर से निकाल भी दिया गया। 14 फरवरी 2025 की रात करीब 1 बजे सभी आरोपितों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और नंद-देवर ने जान से मारने की नीयत से गला दबाने का प्रयास किया। पेट पर लातें मारीं, जिसके बाद वह बमुश्किल अपनी जान बचा सकी। बाद में उसे घर से निकालते हुए चेतावनी दी गई कि ऑल्टो कार की मांग पूरी करने पर ही वापस आना। रियाज फातिमा का कहना है कि उसने 13 जून 2025 को थाना में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कार्रवाई न होने पर वह लगातार परेशान रही। अब पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के रहपुरा रोड पर रविवार दोपहर के समय दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में चार लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर के समय गांव रफियाबाद निवासी राजवीर बाइक के द्वारा फतेहगंज पश्चिमी से घर लौट रहा था। इसी दौरान एक स्कूल के सामने रहपुरा जागीर की ओर से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दूसरी बाइक सवार रहपुरा जागीर निवासी मुकेश, तेजपाल,पहली बाइक सवार राजवीर और एक अज्ञात घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को एंबुलेंस के



द्वारा अस्पताल भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेज दिया।

## एक नजर

# एसडीएम ने विधायक को गणना प्रपत्र सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसआईआर को लेकर जहां समूचा प्रशासन जी जान से जुटा हुआ है, वहीं विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को एसडीएम उदित पवार ने गणना प्रपत्र सौंपा।

इस दौरान विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विधानसभा के सभी मतदाताओं से अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ से मिलकर अपना वोट बनवाए जाने की अपील भी की।

# रिश्तेदारी में गई किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना शाही के एक गांव निवासी युवक ने थाना शीशगढ़ में दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह गत 26 अक्टूबर को थाना शीशगढ़ के गांव टांडा अपनी रिश्तेदारी में गया था। उसके साथ 17 वर्षीय किशोरी भी गई थी। आरा. ेप है कि 28 अक्टूबर को इरफान निवासी कुरसनड़प सैनी सादाबाद हाथरस रिस्तेदारी टांडा से किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। लड़कीं नजर नहीं आने पर तलाशने पर पता चला कि उपरोक्त लड़का ही उसकी लड़कीं को भगा कर ले गया है।आरोप है कि उक्त आरोपी के भाई इमरान से जब फोन पर किशोरी के बारे में जानकारी की तो उसने गन्दी गन्दी गालियां दीं। पीड़ित पिता की तहरीर पर शीशगढ़ थाना में उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# अश्लील टिप्पणी के विरोध पर दंपती की पिटाई, दोनों लहूलुहान, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ग्राम चुनुआ में बीते दिन गंदी टिप्पणी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। चार वर्षीय शिवम घर के पास खेल रहा था, तभी गांव का ही आरोपी थपन बच्चे से उसकी माँ के बारे में अश्लील टिप्पणियाँ करने लगा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे शिवम के पिता ओमचंद्र ने विरोध किया तो आरोपी उग्र हो गया।

आरोप है कि थपन ने ओमचंद्र को जमीन पर पटककर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, उसने हाथ में पहने लोहे के कड़े से चेहरे पर कई वार किए, जिससे उनके कान से खून बहने लगा। चीख-पुकार के बीच जब ओमचंद्र की पत्नी मौके पर पहुँची और बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। पेट में लात मारकर और टांग पकड़कर घसीटते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों के आते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाकर मेडिकल कराया। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी थपन के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है।

# सप्तशक्ति संगम ने दिया सशक्तिकरण और समाज परिवर्तन का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** रविवार को विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर भोजीपुरा बरेली में सप्तशक्ति संगम का दिव्य भव्य कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्म गौरव बढ़ाने के साथ साथ दायित्व बोध का जागरण कराना था।



अनीता गंगवार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना पेश की। मुख्य अतिथि शैफाली सक्सेना ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर अपना विषय रखा। मुख्य वक्ता शिवांगी गंगवार ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वीरांगनाओं के प्रसंग सुनाकर व वर्तमान सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा किये गये कार्यक्रमों में रानी लक्ष्मीबाई, मोबा. इल दुष्परिणाम, पर्यावरण संरक्षण पसंद किये गये। विशिष्ट माताओं का सम्मान, भारत माता के लिए शहीद हुए वीर बलिदानी मातृशक्ति का सम्मान, सनातन शुभचिंतक डॉ. बृजेश यादव की माता का सम्मान, मातृशक्ति का सम्मान आदि। कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक मातृशक्ति ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति गंगवार ने व आतिथ्य सत्कार गार्गी मिश्रा ने किया।

अंत में मातृशक्ति की सुप्त अवस्था को जागरण कर कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिला निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार, पूर्व संभाग निरीक्षक हरीश गंगवार, प्रधानाचार्य लाल बहादुर गंगवार आदि मौजूद रहे।

# जुलूसे परचम कुशाई से हुआ उर्स ए बशीरी व मंजूरी का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम, मोहल्ला शेखूपुर में 79वें दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी के मौके पर जुलूस ए परचम कुशाई निकाला गया। जुलुस में इस्लामी परचम के साथ देश की शान तिरंगा झंडा अमनो शान्ति का पैगाम देता चल रहा था। जुलूस में शामिल लोग लववैक या रसूल्लाह व उर्स ए बशीरी व मंजूरी और फैजाने शाहिदी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

रविवार को मोहल्ला शेखूपुर मंजूरी चौक से हजरत मौलाना सय्यद नूरी मियां, सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां की कयादत में जुलूसे परचम कुशाई निकाला गया। यह जुलूस ताज मस्जिद, होली चौराहा, पंजाबी कालोनी, नैनीताल रोड, माथुर रोड, मोती मस्जिद, शेरनगर कब्रिस्तान रोड, बशीरी मस्जिद होता हुआ दरगाह पर आकर सम्पन्न हो गया। जुलूस ए परचम कुशाई में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। बाद में दरगाह शरीफ पर परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां ने डोर हिलाकर परचम कुशाई की रस्म अदा की। बाद में दरगाह शरीफ पर फातिहा ख्वानी हुई। इशा की नमाज के बाद तरही नातिया मुशायरा हुआ।

# हाइवे पर जहरीला धुआं उगल रहे कोल्हुओं पर जल्द होगी कार्यवाही



**बढ़ती शिकायतों के बीच प्रदूषण नियंत्रण विभाग हुआ सक्रिय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नेशनल हाइवे किनारे चल रहे दो दर्जन से अधिक गन्ना कोल्हू अब प्रशासन के रडार पर आ गए हैं। इन कोल्हुओं की भट्ठियों में गंदा कपड़ा, प्लास्टिक और सड़ा-गला मोम जलाए जाने से पूरे क्षेत्र में जहरीला धुआं फैल रहा है। हालात यह हैं कि सुबह-शाम हाइवे पर घना कालापन छा जाता है, जिससे राहगीरों को सांस लेने में कठिनाई होती है, और आंखों की रोशनी भी कम हो जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से वे इस प्रदूषण के बीच जीने को मजबूर हैं, लेकिन कोई विभाग सुनवाई नहीं करता।

एसडीएम उदित पवार ने कुछ दिनों पहले कोल्हू संचालकों को कड़ी चेतावनी दी थी, लेकिन संच. ालक बेखौफ होकर गंदा कपड़ा जलाते रहे हैं, प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए भट्ठियों में कचरा जलना जारी रहा, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा अब चरम पर है। इधर, बढ़ती शिकायतों के बीच प्रदूषण नियंत्रण विभाग भी सक्रिय हुआ है। प्रदूषण अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस मुद्दे पर काफी शिकायतें मिल चुकी हैं। सोमवार को टीम मौके पर भेजकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि जहरीले धुएं से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने प्रशासन से तुरंत छापेमारी कर कोल्हुओं पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों ने भी कहा कि काला धुआं आंखों की रोशनी को कम कर देता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। अब सबकी नजर आज सोमवार को होने वाली सरकारी कार्रवाई पर टिकी है, जिससे उम्मीद है कि वर्षों पुरानी इस समस्या का समाधान हो सकेगा।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली एकता पदयात्रा, हजारों लोग हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सोमवार को भाजपाईयों द्वारा निकाली गई एकता पदयात्रा। सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

रविवार को खरसेनी कनौजिया इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं,महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। वहीं कॉलेज के बच्चों व एनसीसी कैडेटों ने अपने हाथों में सरदार पटेल के पोस्टर और तिरंगा झंडा थाम रखा था,जो पदयात्रा में शामिल हुए। यात्रा संयोजक और पूर्व जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में पदयात्रा रवाना हुई। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, डॉ. डी. सी. वर्मा, मीरगंज विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्षों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और हजारों कार्यकर्ता कॉलेज से एकता यात्रा में साथ रहे। एकता यात्रा अगरास होते हुए फतेहगंज पश्चिमी रामलीला मैदान पहुँचकर यात्रा का समापन किया गया।

मंच पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इसके बाद वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, एमएलसी वहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि सत्येंद्र यादव, गोपाल कृष्ण यादव, भूपेंद्र कुर्मी, पुष्पा पांडे सहित कई वक्ताओं ने सरदार पटेल के योगदान और देश की एकता में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला।अंत में सभी कार्यकर्ताओं व उपस्थित लोगों ने सामूहिक भोजन किया और राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया। सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ शामिल रहे।

# बरेली में दवाओं के नमूने फेल, चार फर्मों पर कार्रवाई, तीन के लाइसेंस निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नकली और मिलावटी दवाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत चार दवा फर्मों के नमूने जांच में फेल हो गए हैं। इसके बाद औषधि विभाग ने इन फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है, जिसमें तीन फर्मों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं, और एक के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है।



यह कार्रवाई जिलाधिकारी बरेली और मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर सहायक आयुक्त (औषधि), बरेली मंडल द्वारा गठित टीम ने की थी। टीम ने जनपद बरेली में नकली, नशीली और कफ सिरप में मिलावट वाली औषधियों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए मेसर्स लखनऊ ड्रग एजेंसी, साहनी मेडिकल स्टोर, गुनीना फार्मास्युटिकल्स और माधव एजेंसी कुहाड़ापीर सहित अन्य फर्मों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान फर्मों के मालिकों और सक्षम व्यक्तियों की उपस्थिति में औषधि विक्रय लाइसेंस, एलोपैथिक औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों और भंडारित औषधियों की गुणवत्ता की गहन जांच की गई। मौके पर सभी मेडिकल स्टोरों की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सहायक आयुक्त औषधि बरेली को भेजी गई थी। जांच के दौरान संदेह के आधार पर विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक औषधियों के नमूने लिए गए थे, जिन्हें विश्लेषण के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया। प्रयोगशाला रिपोर्ट में चार फर्मों के नमूने फेल पाए गए, जिसके बाद विभाग ने यह कार्रवाई की है। मेसर्स लखनऊ ड्रग एजेंसी, साहनी मेडिकल स्टोर (गली नवाबन बरेली) और माधव एजेंसी (कुहाड़ापीर जनपद बरेली) के लाइसेंस अगले आदेशों तक निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं, मेसर्स गुनीना फार्मास्युटिकल्स (गली नवाबन, बरेली) के खिलाफ न्यायालय बरेली में परिवाद दाखिल किया गया है। विभाग ने बताया कि अन्य शेष फर्मों की जांच पूरी होने के बाद दोषी व्यक्तियों और फर्मों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह जानक. ारी औषधि निरीक्षक राजेश कुमार और अनामिका अंकुर जैन ने दी।

# पुलिस ने 27 किलो डूडा चूरा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने एक युवक को डूडा चूरा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को पकड़ने के बाद अवैध डूडा चूरा अपने कब्जे में ले लिया, और युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

शनिवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने उपनिरीक्षक शेखर खोखर, यशपाल सिंह, अमीचन्द शर्मा, मनोज कुमार उपाध्याय मय हमराह हेड कांस्टेबल महावीर व कांस्टेबल दीपक कुमार के साथ कस्बा क्षेत्र में गश्त के दौरान मुर्गी फार्म सिमरिया से एक युवक को 27 किलो ग्राम डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक पपेन्द्र सिंह उर्फ सोनू उम्र 42 वर्ष पुत्र करनैल सिंह निवासी सिमरिया थाना बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ धारा 8/15/22 एनडीपीएस एक्ट के



तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# आरबीएसके के तहत दो साल की बच्ची के दिल का हुआ मुफ्त ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो वर्ष की बच्ची के दिल का मुफ्त इलाज कर डॉक्टरों ने उसकी जान बचा ली। बच्ची का इलाज करने वाले डॉ0 पारस गुप्ता ने बताया कि इस ऑपरेशन में करीब एक से डेढ़ लाख रुपये का खर्च आता है, लेकिन सरकार ने इस योजना के तहत इसका पूरा खर्च वहन किया है।

जानकारी के मुताबिक, तहसील बहेड़ी के ग्राम राजूनगला निवासी चेतन प्रकाश की दो वर्षीय बेटी तमन्ना के दिल में छेद था। पुत्री के दिल में छेद होने की बात जब उसके पिता चेतन और मां मीनू को लगी तो वह काफी घबरा गए। बच्ची का इलाज करने वाले डॉ0 पारस गुप्ता ने कहा कि मरीज की स्क्रीनिंग आरबीएसके टीम-बी, बहेड़ी के द्वारा की गई। इसके बाद



आरबीएसके नोडल अधिकारी डा. पवन कपाही के माध्यम से बच्ची को उच्च संस्थान सर्जरी के लिए भेजा गया, जहां उसकी सफल सर्जरी हो गई। बच्चे का इलाज कराने में टीम के मो. जाकिर, बहेड़ी इंचार्ज विवेक कुमार का अहम योगदान रहा है।

# बरेली में वात्सल्य कक्ष पूरे सर्किल में लागू



**एसपी सिटी मानुष पारीक ने किया उद्घाटन, बच्चों को मिलेगा सुरक्षित माहौल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने बच्चों और महिलाओं के लिए एक नई पहल की है। किला थाने में शुरू हुआ वात्सल्य कक्ष अब पूरे सर्किल के सभी थानों में लागू कर दिया गया है। शनिवार को एसपी सिटी मानुष पारीक ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान सीओ सेकेंड सोलानी मिश्रा और किला इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि वात्सल्य कक्ष को बच्चों के अनुकूल बनाया गया है। इसमें रंग-बिरंगी दीवारें, कार्टून थीम, स्टोरी बुक, पजल गेम, ड्राइंग और पढ़ाई के लिए अलग सेक्शन तैयार किए गए हैं। इसका उद्देश्य थाने आने वाले छोटे बच्चों और महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों को खेल, पढ़ाई और स्नेहपूर्ण माहौल प्रदान करना है।

उन्होंने यह भी बताया कि बाल अपराधियों यानी किशोर उम्र के बच्चों को भी इस कक्ष में लाया जाएगा। उन्हें खेलकूद और पढ़ाई के अवसर दिए जाएंगे, जिससे उनमें पुलिस का भय कम होगा और सकारात्मक सोच विकसित हो सकेगी।

सीओ सेकेंड सोलानी मिश्रा ने जानकारी दी कि यह पहल शासन की मंशा के अनुरूप शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि थाने में आने वाला कोई भी बच्चा भयभीत महसूस न करे। किला थाने से शुरू हुई यह योजना अब सर्किल के सभी थानों में लागू हो चुकी है, जहां बच्चों के लिए सुरक्षित कमरे निर्धारित किए गए हैं।

बरेली पुलिस ने इस पहल के लिए सुरक्षा के साथ स्नेह दिया जाएगा का स्लोगन भी जारी किया है। इस मॉडल को प्रभावशाली और उपयोगी बताया जा रहा है, जिसका संदेश जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश में पहुंचाया जाएगा। इस पहल से जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ने और पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आने की उम्मीद है।

# चोरों ने आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों की बैटरियां उड़ाई

**भट्टा मालिक ने पुलिस को दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र में बैटरी चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीती रात क्षेत्र के गांव गंगापुर उर्फ खामपुर स्थित भट्ठों पर खड़े आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों की बैटरियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, सुबह जब मजदूरों ने ट्रैक्टर चालू करने का प्रयास किया, तब ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी होने का खुलासा हुआ।

घटना से आक्रोशित भट्टा मालिक संजीव कुमार और वसीम गंगापुर खामपुर ने थाना नवाबगंज में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की



मांग की है। दोनों ने बताया कि लगातार हो रही बैटरी चोरी से कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में निगरानी बढ़ाने के बावजूद चोर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में चोरी की इन घटनाओं से लोगों में आक्रोश है, उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है।

# पुलिस ने टेंपो लूटने वाले तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना पुलिस ने टेंपो लूटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया टेंपो, मोबाइल फोन, नकदी और एक तमंचा बरामद किया है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को हुई थी। थाना नवाबगंज के गांव अभयराजपुर निवासी गौरव गंगवार बरखेड़ा मार्ग पर सीठोर के पास आ रहे थे, तभी तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर गौरव से उनका मोबाइल, 1270 रुपये नकद और टेंपो लूट लिया। विरोध करने पर गौरव को पीटा गया और बंधक बनाकर खाई में फेंक दिया गया। पीड़ित गौरव ने क्योलड़िया थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। हाफिजगंज थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि शनिवार रात एसआई रोबिन कुमार, दरोगा नितेश चौधरी, सिपाही दिनेश कुमार और प्रेम सिंह गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि ग्राम सुंदरी के आगे देशनगर तिराहे के पास एक टेंपो में तीन व्यक्ति लूट की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की और मौके से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोनू उर्फ सोमपाल, जितेंद्र उर्फ गंठा और लोकेश उर्फ अर्जुन उर्फ लड्डू के रूप में हुई है। ये तीनों क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव नकटी नरायनपुर के रहने वाले हैं। प्रवीन सोलंकी ने यह भी बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ हाफिजगंज और क्योलड़िया थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने स्वार क्षेत्र का किया तूफानी दौरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने स्वार क्षेत्र के ग्राम नानकार रानी सेडू का मजरा बालानगर खानपुर मानपुर उत्तरी नरपत नगर सड़क का माजरा मुंशीगंज मसवासी बिजार खाता हडपुरा पीपलसाना जाल्फ नगला आदि गांव का क्षेत्र का दौरा किया।

जिला रामपुर के क्षेत्र स्वर ग्राम नानकार रानी में मशहूर मौलाना कारी अली अहमद साहब कुचेते वालों का सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने उनके घर जाकर हाल-चाल जाना तथा उनकी लंबी उम्र के लिए अल्लाह ताला से दुआ की अल्लाह ताला सही है तथा सिराज अहमद एडवोकेट खलील प्रधान ब बबलू प्रधान के घर पहुंच कर उनसे मुलाकात की

ग्राम खानपुर में जमीन प्रधान के बेटे की शादी में सांसद नदवी शामिल हुए

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी ने गांव गांव जाकर कर लोगों की समस्याएं सुनी तथा उनके शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया

एडवोकेट अजीम इकबाल खान के घर पहुंचे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी रामपुर शहर के मशहूर तेज तरार सामाजिक कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीम इकबाल खान का अभी कुछ दिन पहले इंतकाल हो गया था सांसद नदवी ने मरहूम के लिए मगफिरत की दुआ की और उनके बेटे रहबर से कहा कि आपके पिता साफ सुथरी छवि वाले नेक दिल इंसान थे उन्होंने अपना जीवन समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित किया था समाजवादी पार्टी उनके योगदान को हमेशा याद रखेगी ग्राम शादी की मढ़ईयों में खालिद भाई की मां का इंतकाल अभी कुछ रोज पहले हो गया था उनके घर ताजीयत के लिए गए तथा मरहूम की मगफिरत की दुआ की। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, उवेश पठान, राम बहादुर सागर, मौलाना रफी नूरी, जुबेर अहमद, नरेश यादव, डॉक्टर मेहंदी हसन, अरशद अली एडवोकेट, नासिर शेख, जुबेर अहमद, कलवे अली, हाजी काशीर अहमद, डॉक्टर मकूतब अहमद, जमील सैफी एडवोकेट, उबेद उर्फ गुड्डू आदि लोग साथ रहे।

# घर में घुसकर मारपीट करने में एक गिरफ्तार, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दीवाली की रात हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक आरोपी की धर पकड़ की है। जबकि मामले में पिछले दो आरोपित को पहले जेल भेजा जा चुके हैं। और आरोपित फरार चल रहे हैं। जिसके चलते वाकी आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। मामला थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित मेघा नगला कदीम गांव का है। ग्रामीण ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। कि उसके गांव के ही शिवकुमार पुत्र भूपाल सिंह, सत्यवीर, चंद्रकेश, राजबीर, अरुण पुत्र शिवकुमार, उनेश देवी पत्नी सत्यवीर, कस्तूरी समेत सात लोग एक राय मशवरा होकर दीपावली बाली रात पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए परिजनों से मारपीट करने लगे और मोहल्ले में शोर शराबा होते देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। जिसके चलते शहजादनगर पुलिस ने मामले में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने बीते दिन चंद्रकेश पुत्र शिवकुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य और स्थिरता के लिए वैश्विक ग्रेन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन कार्यक्रम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हाईवे स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र रामपुर द्वारा अंबेडकर पार्क से गांधी समाधी तक ग्रीन हार्टफुलनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हार्टफुलनेस इवेंट कॉर्डिनेटर एवं आयुर्वेद मनोचिकित्सक डा. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि इस ईवेंट का उद्देश्य हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक पदम विभूषण कमलेश देसाई पटेल द्वारा ध्यान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक शांति के लिए जन समुदाय को जागरूक करना है।

हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा आयोजित यह गतिविधि संपूर्ण भारत के सभी जिलों सहित 168 देशों के प्रमुख शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। डा. कुलदीप ने कहा कि हार्टफुलनेस का उद्देश्य न केवल सही जीवनशैली जीने के लिए प्राणाहूतिक हृदय पर केन्द्रित ध्यान द्वारा हर गांवख्रशहरक्क हर घरक्क हर दिल ध्यान के साथ चेतना का विकास करना है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वनों का संरक्षणक्क शुद्ध पानी को संजोए रखने का समर्थन करना है, जो पानी की बर्बादी रोकने और पेड़ लगाने और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है।

इससे पहले हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यासियों ने सुबह अंबेडकर पार्क उपस्थित होकर आधा घन्टा ध्यान किया। ध्यान प्रशिक्षक कपिल द्वारा कराया गया। आठ बजे वरिष्ठ ध्यान प्रशिक्षक जगदीश सरन और देवतोष चन्द ने हरी झंडी दिखा कर ग्रेन्यूलस ग्रीन हार्टफुलनेस रन शुरू कराई। प्रमोद कुमारक्क पंकज सक्सैनाक्क वीर सिंहक्क डा. ओमक्कजयाक्ककृष्णाक्कसर्वेस देवीक्क मोहित कुमारक्क राजेश कुमारक्क लाक. `शक्कधर्मपालक्कदीपा रानाक्कराजेन्द्र एवं एस. के. जौहरी आदि ने प्रतिभाग किया।

# महिला परामर्श केंद्र मे पुलिस ने परिवार को टूटने से बचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** महिला परामर्श केंद्र प्रभारी की टीम ने आज एक परिवार को टूटने से बचाते हुए दंपति को मिलाया महिला परामर्श केंद्र प्रभारी चंद्रवती ने अपनी टीम के साथ दंपति की काउंसलिंग की।

समझाते हुए एक दूसरे के गिले शिकवे दूर कराये समझाते हुए एक दूसरे के गिले शिकवे दूर कराया। बता दें कि 30 नम्बर 2022 को नीतू निवासी करीमगंज थाना मिलक की शादी मनोज निवासी ग्राम पिपलिया थाना विलासपुर हुई थी। आपसी मतभेद होने के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्ष अपनी समस्याएं लेकर परामर्श केंद्र प्रभारी के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने दोनों की शिकायतों को सुना। महिला परामर्श केंद्र परिवार परामर्श केंद्र मिलक के द्वारा दोनों पक्षों के मतभेदों को ध्यान से सुना। दोनों के मध्यक्षता करते हुए गहनता पूर्वक समझाया। दंपति एक साथ रहने को तैयार हो गए।

# घर में घुसकर मारपीट करने में एक गिरफ्तार, छह फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक माह पूर्व हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक आरोपी की धर पकड़ की है। जबकि मामले में अभी भी छह आरोपी फरार चल रहे हैं। जिसके चलते पुलिस वाकी आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। मामला थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित मेघा नगला कदीम गांव का है। ग्रामीण ने थाना पुलिस को लगभग एक माह पूर्व तहरीर देकर आरोप लगाया था। कि उसके गांव के ही शिवकुमार पुत्र भूपाल सिंह, सत्यवीर, चंद्रकेश, राजबीर, अरुण पुत्र शिवकुमार,उनेश देवी पत्नी सत्यवीर, कस्तूरी समेत सात लोगों एक राय मशवरा होकर अचानक घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए परिजनों से मारपीट करने लगे और मोहल्ले में शोर शराबा होते देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। जिसके चलते शहजादनगर पुलिस मामले में सात लोगों की खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने बीते दिन चंद्रकेश पुत्र शिवकुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# डीएम ने निर्माणाधीन सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने रामपुर स्थित निर्माणाधीन सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और परियोजना की लागत व उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र में कई बहुद्देशीय संरचनाओं का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति 92 प्रतिशत है और परियोजना को 31 दिसम्बर, 2025 कर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से पूर्ण करायें।

# मजदूरी करने गये युवक की गाडर लगने से मौत परिवार मे मचा कोहराम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी युवक की गाडर लगने से मौत हो गई युवक की मौत से परीवार मे कोहराम मचा हुआ है।

दीपक पुत्र हर सरूप निवासी मोहल्ला चाऊपुरा काशीपुर मे राज मिस्त्री के साथ काम करता था रवीवार को भी वह काम करने के लिए काशीपुर गया था काम करते समय अचानक गाडर उसके ऊपर गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार मे कोहराम मच गया परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है वही युवक की मौत की खबर से मोहल्ले मे भी सन्नाटा पसर गया।

# गेट पर खड़ी बाइक हुई चोरी, मामला दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के गांधी आश्रम मोहल्ला के निवासी फरीद अहमद पुत्र यासीन की मोटर साइकिल दोपहर के समय उनके घर के गेट के सामने से चोरी हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में चोरी की तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरीद अहमद रविवार दोपहर लगभग 2 बजे बाजार से कुछ सामान लेकर आए थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 22 एवाई 1243 है, को अपने घर के गेट पर खड़ा किया और अंदर चले गए।

कुछ ही देर बाद, जब फरीद अहमद घर से बाहर आए, तो उन्होंने देखा कि उनकी मोटर साइकिल गेट पर मौजूद नहीं थी। मोटर साइकिल गायब देखकर उनके होश उड़ गए। मोटर साइकिल चोरी होने की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तुरंत आसपास और क्षेत्र में मोटर साइकिल की काफी तलाश की। हालांकि, काफी खोजबीन के बाद भी उन्हें मोटर साइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, पीड़ित फरीद अहमद ने अपनी चोरी हुई मोटर साइकिल की विस्तृत तहरीर थाने में दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मोटर साइकिल की तलाश शुरू कर दी है।

# सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें दो पहिया वाहन चालकः हरीश

**भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने मिलक में दो पहिया वाहन चालकों को किए हेलमेट वितरित**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक है कि दो पहिया चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। इसके साथ ही सीट बेल्ट व अन्य नियमों का भी पालन करना बेहद आवश्यक है। रविवार को मिलक में आयोजित कार्यक्रम में पेट्रोल पंप पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित करते हुए कहा कि आज सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लापरवाही और सुरक्षा कवच का अभाव है। ऐसे में सभी अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि हेलमेट न केवल दुर्घटना की स्थिति में सिर को गंभीर चोटों से बचाता है, बल्कि जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जिले में विभिन स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, ओवरस्पीडिंग व मोबाइल का प्रयोग न करने जैसी अहम बातों की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों वाले हैंडबिल वितरित किए और लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने हेलमेट वितरण पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। अंत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संगठन निरंतर सामाजिक हित से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय है और आगे भी सड़क सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# प्राथमिक विद्यालय भोट बक्काल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड स्वार के प्राथमिक विद्यालय भोट बक्काल में बाल दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर टंग ट्विस्टर,ड्राइंग कंपटीशन,नींबू चम्मच रेस रैबिट रेस म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कक्षा एक से पांच तक सभी कक्षाओं में प्रतिदिन आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।बाल दिवस पर विशेष भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को हलवा दिया गया। बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के सामने केक काटकर उनका जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया । इस अवसर पर बच्चों को पेस्ट्री टॉफी भी वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक मोहित कुमार सक्सेना ने बताया की इस दिवस को एक उत्सव की तरह आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । एसएमसी अध्यक्ष आबिद ने बताया कि विद्यालय में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच की दूरी कम होती है। कार्यक्रम के अवसर पर मोहित सक्सेना, महमूद अली, रूपवती,नीरज रोहेला, बबली कमर जहाँ, सर्वेश, कमलेश आदि उपस्थित रहे। संचालन छात्र सना अंसारी व मो अर्श के द्वारा किया गया।

# बुजुर्ग पर चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के मेंघानगला कदीम गांव निवासी हरिओम ने बीते माह 21 अक्तूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप था।

दीपावली पर भतीजा अमन घर के बाहर खड़ा था इस बीच गांव निवासी राजवीर बहां आया और अमन की तरफ पटाखे फोड़ने लगा, मना करने पर सात लोगों ने मिलकर धारदार हथियारों के बल पर शिकायत कर्ता के पिता महेंद्र सिंह बड़े भाई रोहन सिंह और माता रानी को बुरी तरह मारपीटा और पिता ब भाई पर चन्द्रकेश ने चाकू से हमला कर दिया था।

रविवार को पुलिस ने चन्द्रकेश को गिरफ्तार कर लिया।

# धमोरा में न्याय पंचायत स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता





**खेल कूद प्रतियोगिता में अब्बल रही टीमें**

50 मीटर में बालक प्रथम अनिकेत बृजपुर, द्वितीय वंश यादव नानकार, तृतीय कुलदीप पैगंबरपुर
बालिका में प्रथम राधिका नानकार, द्वितीय दिव्यांशी पैगंबरपुर
200 मीटर में बालक प्रथम सुमित, द्वितीय उवैस धमोरा तृतीय हर्ष पैगंबरपुर
बालिका के प्रथम राधिका नानकार, द्वितीय हर्षाली पैगंबरपुर, तृतीय हर्ष पैगंबरपुर
400 मीटर दौड़ में बालक प्रथम अमर नानकार, द्वितीय आहिल धमोरा, तृतीय विष्णु जादौपुर
बालिका प्रथम आरती यादव नानकार, अग्नि पैगंबरपुर
600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम बालक अर्जुन नानकार, द्वितीय कपिल जदोपुर, तृतीय आयुष पैगंबरपुर
बालिका प्रथम स्वाति, सपना
लंबी कूद में प्रथम बालक सुमित द्वितीय विजय, तृतीय कुलदीप
बालिका प्रथम राधिका द्वितीय प्रांशी, कबड्डी में प्रथम टीम नानकार की रही जबकि पैगंबरपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही।

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चमरौआ।** इन दिनों जिले भर के प्राथमिक स्कूलों में न्याय पंचायत स्तर के दौरान बल खेल कूद प्रतियोगिता कराई जा रही है। जिसके चलते बच्चों में कला की उत्साह उभर कर आ रहा है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा स्थित रेलवे स्टेशन के समीप खेल कूद के मैदान में बीते दिन धमोरा , पैगंबरपुर, नानकार, बाजपुर समेत कई गांवों के प्राईमरी, जूनियर स्कूलों के छात्र-छात्राओं को न्याय पंचायत स्तर खेल कूद प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान महावीर सिंह यादव ने 4 सौ मीटर,2 सौ मीटर ,50 मीटर दौड़ कराई गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसके चलते खेल महोत्सव में लंबी कूद, बॉलीबॉल, कबड्डी समेत कई खेल कराए गए।

जिसमें बालिका 4 मीटर में आरती यादव , बालक अमर नानकार अब्बल रहे। जबकि 2 सौ मीटर में बालिका राधिका, बालक में सुमित नानकार अब्बल रहे। साथ ही लंबी कूद बालक में सुमित नानकार प्रथम रहे इस दौरान सभी स्कूलों के अध्यापक रहे।

# विधायक के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक की भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** अपना दल एस पार्टी के स्वार विधानसभा जनपद रामपुर से माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी के आवास पर लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वार विधानसभा में पदयात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा, अपना दल एस पार्टी पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी के साथ कार्यक्रम प्रभारी अभय गुप्ता व अपना दल एस पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू व उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की और कार्यक्रम संयोजक राजकुमार चौहान ने यात्रा सम्वंधित कार्यक्रम को लेकर उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दी।

इस अवसर पर अपना दल एस पार्टी के जिला महासचिव हिफाजत हसन भाजपा के स्वार विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष व अन्य पार्टी पदाधिकारी व विधायक सलाहकार दीपक कुमार नागर ,आरिफ प्रधान मीडिया प्रभारी इदरीस पठान आदि मौजूद रहे।

# संस्कृत से संस्कार व चरित्र दोनों का होता है निर्माण

## जितने भी देश विकसित हुए हैं, वे अपनी भाषा से ही हुएः शर्मा

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** आईटी एवं इलैक्ट्रानिक्स कैबिनेट मन्त्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि, विश्व में समस्त विकसित देश अपनी भाषा के माध्यम से विक. सित हुए हैं, जबकि हम अपनी भाषा को सम्मान नहीं देकर अंग्रेजी के पीछे पड़े हुए हैं, हमें इस धारणा को बदलना होगा।

रविवार को नगर के सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं नव भवन के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि, देश की आजादी के बाद जितनी सनातन को क्षति हम लोगों ने स्वयं पहुंचाई, उतनी पहले नहीं पहुंची। पहले चोटी और यज्ञोपवीत धारण करने को सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता था, मगर आज लोगों को इसके मूल्य और महत्तव का कोई बोध नहीं है। हमें सनातन धर्म की रक्षा और विस्तार के लिए अधिकाधिक प्रयास करने होंगे। कहा कि समस्त विकसित देश आज अपनी भाषा के माध्यम से विकसित हुए हैं, जबकि हम अपनी भाषा को सम्मान नहीं देते हम अंग्रेजी के पीछे पड़े हुए हैं। अनन्त विभूषित 1008 स्वामी श्री महानन्द ब्रहमचारी ने संस्कृत भाषण और संस्कृत विद्यालयों के संरक्षण सं विकास पर समाज का ध्यान आकृषित किया। कहा संस्कृत से बच्चों में संस्कार एवं चरित्र दोनों का निर्माण होता है, इसके अतिरिक्त श्याम लाल शास्ली, इंजी. केशवशरण शर्मा, प्रबन्धक बसन्त सारस्वत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर महेन्द्रपाल शर्मा, मुक. ेश शर्मा, निर्भय शर्मा, मदनपाल शर्मा, मनोज शर्मा, अश्वनी शर्मा, समीर प्रभाकर, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, देवेश कुमार शर्मा, आचार्य खेम. राज शर्मा राजेन्द्र शर्मा, ध्यान सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने आभार जबकि संचालन साहित्य कुमार प्रभाकर ने किया।



गजरौला। सनातन धर्म विद्यालय के वार्षिकोत्सव को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा।

# महंगी बाइक का झांसा दे पांच लाख हड़पे

## दो भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रिश्तेदारी व उदोस्ती का फायदा उठाकर दो भाइयों ने युवक को मंहगी बाइक दिखाकर पांच लाख रुपये ठग लिए। पैसे मांगने पर धमकी मिलने के बाद पीड़ित ने एसपी से शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला नौगजा में समीर का परिवार रहता है। मेरठ के पीलोकड़ रोड श्यामनगर निवासी इकबाल हुसैन से उनकी रिश्तेदारी है। उनके बेटे सिकंदर व मोहसिन की समीर से दोस्ती थी। घर में भी आना-जाना था। आरोप है कि 2022 में दोनों भाई उनके घर आए। उन्होंने अपनी मंहगी बाइक देकर कहा कि उन्हें पांच लाख रुपये की जरुरत है। बाइक लेकर वह पांच लाख रुपये दे दें। जल्दी पैसे लौटा कर बाइक ले जाएंगे। लिहाजा, समीर ने बाइक लेकर उन्हें पांच लाख रुपये दे दिए लेकिन बाद में पता चला कि बाइक फाइनेंस पर खरीदी गई थी। समीर ने जब अपने पैसे की मांग की तो दोनों ने लौटाने से साफ मना कर दिया। पुलिस से शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित समीर ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने आरोपी मोहसिन व सिकंदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# गृहक्लेश में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

## बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्मघाती कदम उठाने के पीछे का कारण घरेलू क्लेश माना जा रहा है। परिजनों ने बगैर कार्रवाई मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां एक मजदूर का परिवार रहता है। उनका 43 वर्षीय बेटा भी पेशे से मजदूर था। उसके परिवार में पत्नी व बच्चे भी हैं। बताया जा रहा है कि युवक को नशे करने की लत थी। जिसे लेकर कई दिन से परिवार में झगड़ा चल रहा था। शनिवार रात युवक खाना खाकर कमरे में सोने चला गया था। रात में किसी समय उसने कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। रविवार सुबह जब वह सोकर नहीं उठा तो पत्नी ने कई बार आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर कमरे में जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में सूचना फैलते ही लोगों की भीड़ लग गई। रस्सी के सहारे झूल रहे शव को फंदे से नीचे उतारा गया। मामले में परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना नही दी है। बगैर कार्रवाई मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी से इनकार किया है।

# बिहार में पांच सीटें जीतने पर एमआईएम ने बांटी मिठाई

## कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एआईएमआई के पांच विधायक बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई का वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।

रविवार को संभल रोड पर एआईएमआई की बैठक का आयोजन किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी शहजाद खान ने कहा पार्टी ने विधानसभा चुनाव में बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। पांच विधायक लेकर भाजपा की बी टीम कहने वालों को झटका लगा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश के सर्कुलर दलों से गठबंधन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह मजबूती के साथ संगठन को मजबूत करने में जुड़ जाये। पार्टी के नेता चमन अंसारी ने कहा कि एआईएमआई ने बिहार विधानसभा चुनाव में यह साबित कर दिया है कि उसको जनता चाहती है। इस अवसर पर चमन अंसारी, मारूफ अंसारी, फिरोज अंसारी, बाबा फरीद, हाजी शहजाद, हाफिज आसिफ, सादिक कादरी, अली गौहर, इरफान ठेकेदार, डाक्टर विकार आदि मौजूद थे।

# प्रधानाचार्य के घर के बाहर खड़ी कार चोरी

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जीजीआईसी की प्रधानाचार्य की कार घर के बाहर से चोरी हो गई। सुबह घटना का पता चलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश तेज कर दी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र में आवास विकास कालोनी प्रथम का है। यहां पर जीजीआइसी की प्रधानाचार्य स्नेहलता वर्मा का परिवार रहता है। उन्होंने शनिवार शाम अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। रात में किसी समय चोरों ने उनकी कार चोरी कर ली। सुबह को जब परिजन सोकर उठे तो घटना की जानकारी पर होश उड़ गए। घर के बाहर खड़ी कार गायब थी। काफी तलाश किया लेकिन कार का कुछ पता नहीं चला। मामले में स्नेहलता वर्मा के पति अनिल कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कॉलोनी की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्दी ही चोरों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# सड़क की मरम्मत करते मजदूर की बाइक चोरी

## एसपी से शिकायत, आरोपी पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क मरम्मत का काम कर रहे युवक की बाइक चोरी होने का मामला पुलिस की ढिलाई के चलते सुर्खियों में आ गया है। लगातार शिकायतों के बाद भी कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने एसपी अमित कुमार आनंद से इंसाफ की मांग की, जिसके बाद सीओ ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के गांव सहदौली में शेर सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे नाहर सिंह 20 अक्तूबर की दोपहर करीब 3:30 बजे गांव खालकपुर में शराब की दुकान के पास एक सड़क की मरम्मत का काम कर रहे थे। उनकी बाइक शराब की दुकान के पास खड़ी थी, उसी दौरान बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत मूंढा चौकी पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी बीच उनकी बाइक के पार्ट्स दूसरी बाइक में लगा लिए गए। तलाश के बीच पीड़ित नाहर सिंह ने अपनी बाइक के पार्ट्स पहचान लिए। इसके बाद फिर पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में गांव खालकपुर के रहने वाले अंकित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# विधवा ने देवर पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

## छह दबंगों पर मुकदमा, एक को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ हुए शोषण का मामला तब उजागर हुआ जब उसने हिम्मत जुटाकर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में जिस हैवानियत का जिक्र था, उसे पढ़कर पुलिस भी दंग रह गई। आरोप है कि चार साल पहले पति खो चुकी महिला को उसके तहेरे देवर राधे ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण का शिकार बनाया। विरोध करने पर गाली-गलौच, मारपीट, बच्चों को नुकसान पहुँचाने की धमकी और हाल ही में गला दबाकर हत्या का प्रयास भी किया गया। इतना ही नहीं, उसके सोने के कुंडल छीन लिए गए और निजी फोटो वायरल कर बदनाम करने की कोशिश की गई। पीड़िता ने यह भी शिकायत की कि आरोपी पक्ष के रमेश, प्रमोद, महीपाल, रामकिशोर और करेशना आए दिन घर आकर डराने-धमकाने व मारपीट करने पहुंचते थे, जिससे वह भय के साए में जी रही थी। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी राधे पुत्र टेकचंद को दबिश देकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस की तेज कार्रवाई से पीड़िता को बड़ी राहत मिली है और इलाके में इस घटना को लेकर भारी चर्चा है।

# कबड्डी में नाईटिंगेल हाउस रहा विजेता

## स्कॉलर्स होम स्कूल में खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह उत्साह और जोश के माहौल में सम्पन्न हुआ। मैदान में बच्चों की उमंग, ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण ने पूरे परिसर को रोमांचित कर दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 9-12 वर्ग में नाइटिंगेल हाउस विजेता रहा, जबकि 6-8 वर्ग में ऑस्टिन हाउस ने बाजी मारी। खो-खो मुकाबलों में भी नाइटिंगेल हाउस ने 9-12 वर्ग में शानदार जीत दर्ज की, वहीं 6-8 वर्ग में लायल हाउस ने अपनी फुर्ती और टीमवर्क से जीत पर कब्जा जमाया।

लॉन्ग जंप, 100 मीटर दौड़, ड्रैगन रेस, स्पून-लेमन बैलेंस रेस, बैग पैक रेस, नीडल-थ्रेड रेस और बैलून रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं ने पूरे कार्यक्रम को और जीवंत कर दिया। बच्चों ने हर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेलभावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। कार्यक्रम के दौरान




प्रबंधक सोना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत ही विद्यालय की उत्कृष्टता की पहचान है। विद्यालय प्रबंधन ने भी बताया कि स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल पढ़ाई के साथख्रसाथ खेल, कला और व्यक्तित्व विकास के अवसरों को समान महत्व देता है।

# रस्साकशी में यैलो व ग्रीन हाउस ने मारी बाजी

## वाईएमएस स्कूल में खेल प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के प्रतिष्ठित वाई.एम.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार और जोशभरा समापन हुआ। मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। तालियों की गड़गड़ाहट और हाऊसों के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। खो-खो में ब्लू हाउस ने इस बार अपना जलवा ऐसा दिखाया कि बालक वर्ग और बालिका वर्गख्रदोनों की ट्रॉफियां जीतकर अव्वल स्थान पर रहा। कबड्डी के जूनियर बालक वर्ग में भी ब्लू हाउस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। रस्साकशी में मुकाबले रोचक और रोमांचक रहेख्रबालक वर्ग में येलो हाउस ने बाजी मारकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं, जबकि बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस ने जबरदस्त ताकत का प्रदर्शन कर विजय हासिल की। समापन समारोह में विद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद सैफी ने विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे खेल बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विजेता खिलाड़ियों और विद्यालय स्टाफ को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नाजिम सैफी, मोहम्मद हनीफ, आसमा खातून, प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ मौजूद रहा।

## पदयात्रा निकाल हिन्दुओं से एकजुट होने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया।** राष्ट्रीय भगवाधारी सेवा परिषद के राष्टीय अध्यक्ष की तरफ से हिन्दू जोड़ो एकता की पदयात्रा निकाली गई यात्रा प्रारंभ से पहले महंत विकास नाथ का फूलमाला डालकर स्वागत किया गया राष्टीय भगवाधारी सुरक्षा सेवा परिषद के राष्टीय अध्यक्ष महंत विकास नाथ महाराज की तरफ से कस्बे के मुख्य चौराहे से अमरोहा के हुसैनपुरा मोहल्ले तक हिन्दू जोड़ो एकता की पदयात्रा निक. ाली गई पदयात्रा से पहले राष्टीय अध्यक्ष महंत विकास नाथ का चौराहे पर फूल माला डाल स्वागत किया गया यहाँ से शुरू हुई पदयात्रा अमरोहा रोड होते हुए अतरासी रोड स्थित मोहल्ला हुसैनपुरा में जाकर समापत हुई सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी साथ चल रही थी इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार राहुल कुमार जयवीर सिंह मान सिंह जगदीश कुमार गीता रानी लीला वती गंगा देई आदि मौजूद रहे।

# पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा

## दहेज के लिए विवाहिता को जलाने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** झुलसी विवाहिता की हालत नाजुक बनी है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

जानकारी के मुताबिक बस्ती के मोहल्ला बगीची निवासी खायम अब्बास ने दो साल पहले बेटी निशा परवीन की शादी मोहल्ला अलीपुरा में रहने वाले मोहम्मद अकबर उर्फ मोनू के साथ की थी। निशा परवीन के एक साल का एक बेटा भी है। खायम अब्बास के आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले निशा दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि शनिवार सुबह ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मिट्टी का तेल उड़ेल निशा परवीन को आग के हवाले कर दिया था। जान से मारने की नीयत से किए गए हमले में वह बुरी तरह झुलस गई थी। इसके बाद ससुराल वाले उसे घर में तड़पता हुआ छोड़ गए थे। मायके वालों ने निशा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया था। निजी अस्पताल में भर्ती निशा की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। मामले में खायम अब्बास ने पुलिस को तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया था। पड़ोसियों के भी बयान दर्ज कर किए थे। सीओ ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर पति अकबर उर्फ मोनू, ससुर मोहम्मद अली, सास शायदा, देवर अब्बास अली व जुहैर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, जानलेवा हमला व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दिल्ली के अस्पताल में भर्ती विवाहिता की स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है। पीड़िता के भी बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

## 48 पुलिस कर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने 48 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र बदल दिया। इनमें पुलिस लाइन में तैनात 20 पुलिसकर्मियों को थानों व विभिन्न सेल के अलावा शाखाओं में तैनाती दी। वहीं, थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को भी इधर से उधर किया। जिनमें चार महिला पुलिस कर्मियों को भी दूसरे थानो में भेजा। बड़े स्तर पर किए गए तबादलों से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। शनिवार रात एसपी ने चार सीओ के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया था।

# वार्डो के गजेटियर बनाने की तैयारी तेज

## ईओ ने ली पालिका कर्मियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बैठक कर नगर के सभी 40 वार्डों का वार्ड गजेटियर तैयार करने व वार्ड दिवस आयोजित करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि एडीएम द्वारा वार्डवार सर्वे के लिए पालिका कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। प्रत्येक वार्ड में 4 पालिका कर्मियों को तैनात किया गया है, जिन्हें भवनों पर जाकर स्वामियों से आवश्यक जानकारी एकत्रित करने, वार्ड में उपलब्ध सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों का सर्वे करने के लिए प्रशिक्षण व विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्डों के शुद्ध एवं सटीक सर्वे को सुनिश्चित करने के लिए मंडल के सभी निकायों के अध्यक्ष व सभासदों के साथ ऑनलाइन बैठक करेंगे, जिसकी तैयारी पालिका स्तर पर पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि वार्डों के शुद्ध एवं सटीक सर्वे को सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त महोदय 17 नवम्बर 2025 को मंडल के सभी निकायों के अध्यक्ष व सभासदों के साथ ऑनलाइन बैठक करेंगे, जिसकी तैयारी पालिका स्तर पर पूर्ण कर ली गई है।



अमरोहा। पालिका सभागार में कर्मियों की बैठक लेते अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार।

# द. अफ्रीका ने भारत को हराया



● कप्तान बावुमा नाबाद 55 की जुझारू पारी, हार्मर के चार विकेट व यानसन और महाराज दो-दो विकेट की बदौलत जीता दक्षिण अफ्रीका

**कोलकाता, वार्ता।** कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू पारी के बाद साइमन हार्मर (चार विकेट), मार्को यानसन और केशव महाराज ( दो-दो विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर विश्व चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में तीसरे ही दिन भारत को रविवार को 30 रनों से हरा दिया। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत को तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भोजनकाल से पहले यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल को सस्ते में निपटा दिया। भोजनकाल तक भारत ने दो विकेट पर 10 रन बना लिए थे। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में मार्को यानसन ने यशस्वी जयसवाल (शून्य) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद उन्होंने तीसरे ओवर में केएल राहुल को भी उसी तरह आउट कराकर दिखाया कि बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पिच पर वह आसानी से भारत को जीतने नहीं देंगे। भारत का तीसरा विकेट 15वें ओवर में ध्रुव जुरेल (13) के रूप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज बेबस नजर आए और तू चल मैं आया की तर्ज पर एक-एक कर पवेलियन लौटते चले गए। ऋषभ पंत (दो) और रवींद्र जडेजा (18) को हार्मर ने आउट किया। 31वें ओवर में एडन मारक्रम ने वॉशिंगटन सुंदर (31) को आउटकर भारत की मैच जीतने की उम्मीद को खत्म कर दिया। 35वें ओवर में केशव महाराज ने अक्षर पटेल (26) और मोहम्मद सिराज को आउटकर भारत की दूसरी पारी का 93 के स्कोर पर अंत कर दिया। केशव महाराज ने अपने ओवर में एक चौका और दो छक्के खाने के बाद अक्षर पटेल का शिकार किया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो रन देकर दो विकेट) और जसप्रीत बुमराह (एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सुबह के सत्र में भोजनकाल से पहले दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी को 153 रनों के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और मुश्किल पिच पर भारत को जीत के लिए 124 रनों का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने कल के सात विकेट पर 93 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में टेम्बा बावुमा ने अपनी जुझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

## 120-125 हमेशा जीत का स्कोर नहीं होता: बावुमा



● हमने चुनौतीपूर्ण बल्लेबाजी परिस्थितियों के बावजूद, टीम ने संयम बनाए रखने और सामने आए मौको का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने ईडन गार्डन्स में भारत पर अपनी टीम की रोमांचक पहली टेस्ट जीत की कुंजी के रूप में दृढ़ता और विश्वास के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे दृढ़ संकल्प ने एक मामूली स्कोर को विजई प्रदर्शन में बदल दिया। मैच के बारे में बात करते हुए, बावुमा ने कहा कि ऐसा हर बार नहीं होता कि आप 120-125 का स्कोर बनाते हैं और आपको लगता है कि यह जीत का स्कोर है। यह बस खेल में बने रहने और विश्वास बनाए रखने का मामला था। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि चुनौतीपूर्ण बल्लेबाजी परिस्थितियों के बाव जूद, टीम ने संयम बनाए रखने और सामने आए मौकों का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया।

ये टिप्पणियां दक्षिण अफ्रीका द्वारा ईडन गार्डन्स में दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के पहले मैच में भारत को 30 रनों से हराने के बाद की गईं। प्रोटियाज की पारी को महत्वपूर्ण साझेदारियों, खासकर कॉर्बिन बॉश और मार्को जेनसन के साथ, ने मजबूत किया, जिसने टीम को निर्णायक क्षणों में गति प्रदान की। बावुमा ने कहा कि बॉश के साथ और मार्को के साथ भी, उस साझेदारी ने हमें आज सुबह थोड़ा बेहतर खेलने के लिए प्रेरित किया। हमने जितना हो सके खेल में बने रहने की कोशिश की। बावुमा ने भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के अपने तरीके पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि मैं यहां अच्छा प्रदर्शन करने की चाहत लेकर आया हूं। इन परिस्थितियों में मेरा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है, इसलिए खुद को इन परिस्थितियों को सीखते हुए और उन सभी छोटी-छोटी चीज़ों को लागू करते हुए जिन्हें मैं आजमा रहा हूं और टीम के लिए योगदान देते हुए देखना मेरे लिए एक उत्साहजनक अनुभव रहा है। जिस तरह से मैंने खेला, वह सिर्फ़ एक जागरूकता थी कि उन्होंने कहा। उन्होंने अपनी तकनीक और निर्णय लेने की क्षमता पर भरोसा जताया और दबाव में प्रतिक्रिया देने के बजाय निरंत. रता पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर ज़ोर दिया। बल्लेबाज़ी के नजरिए से, मैं अपने आप में, अपनी तकनीक में सहज हूं, ट्रिगरिंग और इस तरह की सभी चीज़ों की चिता नहीं करता। मुझे खेल की अच्छी समझ है, बावुमा ने आगे कहा। द.अफ्रीकी कप्तान ने गें. दबाजी इकाई, खासकर साइमन हार्मर और केशव की भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा की। कहा कि इन दोनों से हमारा गेंदबाजी आक्रमण निश्चित रूप से मजबूत हुआ है।

## मैं स्टैट्समैन नहीं हूं विनमैन हूं: साइमन हार्मर

● दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेने वाले हार्मर प्लेयर ऑफ द मैच बने

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की भारत पर पहले टेस्ट में तीसरे ही दिन रविवार को 30 रन की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने खुद को स्टैट्समैन नहीं विनमैन बताया। दोनों पारियों में चार-चार सहित कुल आठ विकेट लेने वाले हार्मर अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने।

प्रेजेंटेशन में हार्मर ने कहा कि टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लग रहा है। जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया वो यह दर्शाता है कि टीम को अपने ऊपर कितना विश्वास है। मैं स्टैट्समैन नहीं हूं, विनमैन हूं। टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लग रहा है। हार्मर ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमें पता था कि हम मैच में वापस आने से एक साझेदारी दूर हैं और गेंदबाजी के दौरान भी हम यही सोच रहे थे कि एक अच्छी साझेदारी मैच को हमसे दूर ले जा सकती है। जडेजा, पंत और जुरेल के विकेट के दौरान मैं भाग्यशाली रहा। मैं पंजे के बारे में नहीं सोच रहा था, मुझे लगा कि शुभमन शायद बल्लेबाजी के लिए आएंगे लेकिन नौवां विकेट गिरने के बाद जब सभी जश्न मनाने लगे तो मैं शुरुआत में समझ ही नहीं पाया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि ऐसे मुक़ाबले का हिस्सा होना हमेशा खास होता है खास तौर पर जब आप जीतने वाली तरफ हैं।

## बल्लेबाजी के लिए और धैर्य की जरूरत थी: गंभीर



● दोनों टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन यह ऐसी पिच थी, जहां तकनीक और धैर्य की परीक्षा हुई

**कोलकाता, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पिच खेलने लायक थी और उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय बल्लेबाजी के सामने चुनौतियां परिस्थितियों से ज्यादा तकनीक, धैर्य और मानसिक दृढ़ता से जुड़ी थीं। पहले टेस्ट में भारत की 30 रनों से हार के बाद गंभीर ने कहा कि विकेट ने रन बनाने के मौके दिए और बल्लेबाजों के कौशल के बजाय दबाव को झेलने की उनकी क्षमता का परीक्षण किया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा कि यह खेलने लायक थी। दोनों टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन यह ऐसी पिच थी जहां तकनीक और धैर्य की परीक्षा हुई, न कि ऐसी सतह जिस पर खेलना संभव न हो। गंभीर ने टेम्बा बावुमा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि विकेट के टर्निंग स्वभाव के बावजूद रन बने। उन्होंने बताया कि पिच से टर्न तो मिल रहा था, लेकिन ज्यादातर विकेट तेज गेंदबाज़ों ने लिए, जिससे उनकी इस राय को बल मिला कि पिच ज्यादा मुश्किल नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि क्यूरेटर काफ़ी सहयोगी थे और पिच बिल्कुल वैसी ही थी जैसी हमें चाहिए थी। अगर आप धैर्य बनाए रखें और मजबूत डिफेंस और धैर्य रखें, तो आप रन बना सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज़ ने भारत की बल्लेबाजी इकाई में अनुभव और मानसिक मजबूती की जरूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी इकाई को देखें तो ज्यादा अनुभव नहीं है। कौशल के अलावा, मानसिक मजबूती भी जरूरी है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में अगर आप दबाव नहीं झेल पाते, तो यह बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। टर्निंग विकेट पर, पहले 10-15 मिनट हमेशा सबसे मुश्किल होते हैं। एक बार जब आप इससे पार पा लेते हैं, तो तेज गेंदबाजों के लिए चीजें आसान हो जाती हैं। उन्होंने टीम की ज़िम्मेदारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया और इस बात पर ज़ोर दिया कि टेस्ट मैच एक सामूहिक प्रयास होता है। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर जीतते हैं और साथ मिलकर हारते हैं। कोई भी खिलाड़ी या टीम अकेले टेस्ट मैच नहीं जीतती या हारती। हर खिलाड़ी योगदान देता है, और जब हम हारते हैं, तो यह सामूहिक ज़िम्मेदारी होती है। गंभीर ने मैच के दौरान ऋषभ पंत के रवैए का बचाव करते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान देना और दबाव में समझदारी से काम लेना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि पंत बाएं हाथ के स्पिनर का सामना करने की कोशिश कर रहे थे, जो उस समय टीम को साझेदारियां बनाने और महत्वपूर्ण रन बनाने में मदद करने का सबसे अच्छा विकल्प था। कभी-कभी, आपको रणनी. तिक रहते हुए खिलाड़ियों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने देना चाहिए।

## हमें लक्ष्य हासिल करना चाहिए था: पंत



**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका से भारत की पहले टेस्ट में हार से निराश नजर आ रहे कार्यवाहक कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि टीम को लक्ष्य का पीछा करना चाहिए था। चोटिल कप्तान शुभमन गिल की जगह प्रेजेंटेशन में आए पंत ने रविवार को कहा कि इस तरह के मैच में आप ज्यादा नहीं सोच सकते। हमें इस स्कोर का पीछा करना चाहिए था। दूसरी पारी में हम पर दबाव बढ़ गया और हम इसका फ़ायदा नहीं उठा पाए। पंत ने कहा कि टेम्बा बावुमा और कार्बिन बॉश ने शानदार साझेदारी की और इसी ने उन्हें मैच में वापस ला दिया। विकेट से मदद मिल रही थी, 120 जैसा स्कोर मुश्किल हो सकता है, लेकिन एक टीम के तौर पर हमें दबाव को झेलने और उसका फ़ायदा उठाने में सक्षम होना चाहिए।

खेल विशेष

## महिला कबड्डी विश्व कप का खिताब डिफेंड करने उतरेगा भारत

**ढाका, वार्ता।** भारत महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगा। यह टूर्नामेंट सोमवार से बांग्लादेश के ढाका में शुरू हो रहा है। सभी मुकाबले 17 से 24 नवम्बर के बीच मीरपुर स्थित शहीद सुहरावर्दी इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत में महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की लाइव स्ट्रीमिग भी उपलब्ध रहेगी। यह टूर्नामेंट 13 साल बाद वापसी कर रहा है और यह कुल मिलाकर दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप है। पहले संस्करण में भारत की महिला टीम ने पटना, बिहार में खेले गए फाइनल में ईरान को हराकर खिताब जीता था। उस समय 16 टीमों ने खिताब के लिए मुकाबला किया था। 2025 संस्करण को पहले जून में बिहार में आयोजित होना था, फिर इसे अगस्त के लिए हैदराबाद शि"ट किया गया, लेकिन कई बार स्थगित होने के बाद आखिरकार इसे बांग्लादेश में आयोजित करने का फैसला लिया गया। यह टूर्नामेंट इतिहास में पहली बार भारत के बाहर आयोजित हो रहा है। इससे पहले सभी तीन पुरुष कबड्डी विश्व कप भी भारत में ही खेले गए थे। कुल 11 टीमें महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में खिताब की दौड़ में उतरेंगी। भारत, बंगलाद. श, चीनी ताइपे, जर्मनी, ईरान, केन्या, नेपाल, पोलैंड, थाईलैंड, युगांडा और ज़ांज़ीबार। अर्जेंटीना भी हिस्सा लेने वाली थी, लेकिन उसने अपना नाम वापस ले लिया। टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है, जहां एक में छह और दूसरे में पांच टीमें हैं। वूमेंस कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 टीम

ग्रुप ए: भारत, बंगलादेश, थाईलैंड, युगांडा, जर्मनी

ग्रुप बी : चीनी ताइपे, ईरान, पोलैंड, केन्या, नेपाल, ज़ांज़ीबार

हर ग्रुप की टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। फाइनल 24 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत और ईरान कबड्डी की दिग्गज टीमें मानी जाती हैं, लेकिन चीनी ताइपे ने

## स्लोवेनिया से हार के साथ भारतीय टेनिस टीम की क्वालीफायर की उम्मीदें खत्म

● बिली जीन कप रैंकिंग में स्लोवेनिया से 2-1 से हारी

**बेंगलुरु, वार्ता।** शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ में स्लोवेनिया से 2-1 से हार के साथ भारतीय महिला टेनिस टीम की पहली क्वालीफायर में जगह बनाने की उम्मीद खत्म हो गई। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को ग्रुप जी में दुनिया की 14वें नंबर की नीदरलैंड और 19वें नंबर की स्लोवेनिया के साथ रखा गया था। स्लोवेनिया, जिसने पहले मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया था, 2026 के क्वालीफायर्स में आगे बढ़ने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि भारत और नीदरलैंड 2026 के लिए अपने-अपने क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ गए। विश्व की 381वें नंबर की खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदिपति ने भारत के अभियान की शुरुआत 2021 फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा ज़िदानसेक के खिलाफ की, जो वर्तमान में महिला एकल में 162वें स्थान पर हैं। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन दो घंटे 19 मिनट में 6-3, 4-6, 6-1 से हार गईं। ज़िदानसेक ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और 4-0 की बढ़त बना ली, जबकि भामिदिपति को अपनी सीमा हासिल करने में दिक्कत हो रही थी। भारतीय खिलाड़ी ने छठे गेम में वापसी की, लेकिन स्लोवेनियाई खिलाड़ी की शुरुआती बढ़त बरकरार रही और उन्होंने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। भामिदिपति ने दूसरे सेट के शुरुआती गेम में भी ब्रेक किया और 5-1 की बढ़त बना ली। ज़िदानसेक ने आठवें गेम में ब्रेक हासिल किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने खुद को संभाला और निर्णायक सेट में जगह बनाई। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी, सहजा यामालापल्ली, जो विश्व रैंकिंग में 309वें स्थान पर हैं, को विश्व रैंकिंग में 98वें स्थान पर काजा जुवान से एक घंटे 30 मिनट में 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट 4-4 की बराबरी पर था, लेकिन नौवें गेम में यामालापल्ली ने अपनी सर्विस गंवा दी, जिससे जुवान को बढ़त मिल गई। स्लोवेनियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और चौथे और छठे गेम में सर्विस तोड़कर अपनी टीम के लिए मुकाबला जीत लिया। युगल मुकाबले में, एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बारे ने दलिला जाकुपोविक और नीका रेडिसिक पर 1-6, 6-3, 10-7 से जीत हासिल करके भारत को बढ़त दिलाई और स्लोवेनिया को क्लीन स्वीप से रोक दिया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को सात रनों से हराया

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** डैरिल मिशेल (119) और डेवन कॉन्वे (49) की शानदार बल्लेबाजी के बाद काइल जेमीसन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को रोमांचक मुक. ाबले में सात रनों से हराया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के खिलाफ काइल जेमीसन ने जॉन कैंपबेल (चार) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद केसी कार्टी और ऐलेक ऐथनेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने ऐलेक ऐथनेज (29) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

## धनुष श्रीकांत ने जीता स्वर्ण पदक

● धनुष ने जापान के टोक्यो में 10 मी. एयर राइफल में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** धनुष श्रीकांत ने जापान के टोक्यो में चल रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल में विश्व बधिर रिकॉर्ड तोड़ते हुए निशानेबाजी में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने डेफलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड भी तोड़कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में, धनुष ने 252-2 अंक बनाकर अपने ही विश्व रिकॉर्ड 251-7 अंक से बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने 250-1 अंक के साथ रजत पदक जीता। महिला निशानेबाजों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता के पहले दिन निशानेबाजी में भारत के लिए कुल चार पदक जीते। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फ़ाइनल में, महित संधू ने 250-5 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जो यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा से 1-9 अंक पीछे था, जिन्होंने 252.4 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत की कोमल मिलिंद वाघमारे ने 228.3 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतकर भारतीय महिलाओं के लिए दोहरा पोडियम फ़िनिश बनाया। फ़ाइनल में धनुष का स्कोर पिछले हफ़्ते आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा के फ़ाइनल में जर्मनी के मैक्सिमिलियन डेलिगर द्वारा बनाए गए स्कोर से ज्यादा है। जर्मन खिलाड़ी 252-0 अंकों के साथ विश्व चैंपियन बने, जो टोक्यो में धनुष द्वारा बनाए गए स्कोर से 0-2 अंक कम है। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, धनुष ने 630.6 अंकों के साथ मौजूदा डेफ़लिपिक विश्व रिकॉर्ड 625.1 अंकों से बेहतर प्रदर्शन किया, जो दक्षिण कोरिया के किम वू रिम ने ब्राज़ील के कैक्सियास डू सुल में पिछले संस्करण में बनाया था। मोहम्मद मुर्तजा ने भी मौजूदा डेफलंपिक स्कोर को 626.3 के स्कोर के साथ बेहतर किया। फ़ाइनल में दोनों भारतीय निशानेबाज़ों के बीच कड़ी टक्कर रही, लेकिन धनुष ने ज्यादातर हाई-10 स्कोर बनाए जिससे उन्हें स्वर्ण पदक मिला। दक्षिण कोरिया के सेउंघाक बाक ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में, क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड धारक माहित ने 623.4 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फ़ाइनल में जगह बनाई। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने डेफलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए 624.4 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोमल मिलिद वाघमारे 622.0 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पिस्तौल निशानेबाज कल 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे और पदकों का फैसला होगा।

## कोलकाता टेस्ट से पूरी तरह बाहर हुए शुभमन गिल

● पहले टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन के पीछे दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे गिल

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन के पीछे दर्द महसूस करने के बाद रिटायर्ड हर्ट हुए शुभमन गिल आगे इस टेस्ट मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। यह जानकारी बीसीसीआई ने रविवार सुबह तीसरे दिन के खेल शुरू होने से पहले दी।

बीसीसीआई के बयान में कहा गया कि गिल को दिन का खेल समाप्त होने के बाद जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। वह वर्तमान में अस्पताल में निगरानी में हैं। वह इस टेस्ट मैच में आगे कोई हिस्सा नहीं लेंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी। शनिवार रात ही यह साफ़ हो गया था कि ईडन गार्डन्स टेस्ट के बचे हुए हिस्से में गिल की भागीदारी संदिग्ध है। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था कि उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उस समय बीसीसीआई ने इसे एहतियाती कदम बताया था, क्योंकि उन्हें गर्दन में ऐंठन की समस्या हुई थी। स्टेडियम से निकलते समय गिल को नेक-ब्रेस पहने देखा गया और टीम डॉक्टर भी उनके साथ थे। अपनी पारी की शुरुआत में केवल तीन गेंदों के बाद ही, हार्मर की गेंद पर स्वीप लगाकर चौका जड़ने के बाद उन्हें असहजता महसूस हुई। उन्होंने तुरंत कफ़ज़ियो को बुलाया और गर्दन के पीछे हाथ रखते हुए तकलीफ का इशारा किया। गिल तुरंत मैदान छोड़कर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

## IPL 2026 में गायकवाड़ होंगे सीएसके के कप्तान



● ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2025 के शुरुआती पांच मैचों में टीम की कप्तानी की थी

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने एक्स पोस्ट से साफ कर दिया कि आईपीएल 2026 में टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ ही करेंगे। फ्रेंचाइजी ने औपचारिक ऐलान नहीं किया, लेकिन पोस्ट में जिस तरह तस्वीर और संदेश दिया था, उससे यह बिल्कुल स्पष्ट था कि कप्तानी फिर से गायकवाड़ के पास ही रहेगी। पिछला सीजन गायकवाड़ के लिए मुश्किल भरा था। उन्होंने आईपीएल 2025 के शुरुआती पांच मैचों में टीम की कप्तानी की थी। इन मुक. ाबलों में चेन्नई को सिर्फ एक जीत मिली थी और चार मैचों में हार झेलनी पड़ी थी।

इन्हीं पांच मैचों में गायकवाड़ ने 122 रन बनाए थे। राजस्थान के खलिाफ उन्हें कोहनी पर चोट लगी और उसके बाद वह पूरे सीजन से बाहर हो गए। टीम की कप्तानी फिर एम एस धोनी ने संभाली, लेकिन चेन्नई का प्रदर्शन नहीं सुधरा और वे 14 में से केवल चार मैच जीतकर आखरिी पायदान पर रहे। चेन्नई ने आईपीएल 2026 से पहले अपने स्क्वाड में बड़े बदलाव किए हैं।

रवींद्र जडेजा और सैम करन को ट्रेड कर दिया गया है और कई खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया है। टीम ने रुतुराज और धोनी के साथ मजबूत कोर बनाए रखा है और कुछ दिलचस्प रिटेंशन्स भी किए हैं। साथ ही टीम में संजू सैमसन का होना, उन्हें मजबूती प्रदान करेगा। सीएसके द्वारा आईपीएल 2026 से पहले रिलीज किए गए खिलाड़ी : रवींद्र जडेजा (आरआर को ट्रेड)।

## 'भारतीय बल्लेबाजों को ऐसी पिचों पर रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा': पुजारा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेजबान टीम को विश्व टेस्ट चैंपियन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बोलते हुए, जियोस्टार के विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा ने पिच के साथ भारत की मुश्किलों, बल्ले से कमज़ोरी और दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति पर प्रकाश डाला। 'क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, पुजारा ने भी बताया कि पहले टेस्ट में टीम इंडिया के लिए क्या गलत हुआ। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सबसे पहले, हमें नहीं पता कि टीम प्रबंधन वास्तव में ऐसी पिच चाहता था या नहीं। लेकिन सतह चाहे जो भी हो, आपको उस पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा और अच्छी तैयारी करनी होगी। मैं कहूंगा कि हमें थोड़ी बेहतर गेंदबाज़ी करनी चाहिए थी और साथ ही, बेहतर बल्लेबाज़ी भी करनी चाहिए थी। पुजारा ने कहा कि दुर्भाग्य से, हमारे पास एक बल्लेबाज कम था। शुभमन गिल पहली पारी में चोटिल हो गए और दूसरी पारी में भी उपलब्ध नहीं थे।

## निशांत सिधु और हर्षित ने दक्षिण अफ्रीका ए को 132 रन पर समेटा

**राजकोट, वार्ता।** निशांत सिधु (चार विकेट) और हर्षित राणा (तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ए ने रविवार को दूसरे अनौपचारिक एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ए को 132 रन के स्कोर पर समेट दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज लुआन-द्रे प्रेटोरियस और रिवाल्डो मूनसामी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़े। आठवें ओवर में हर्षित राणा ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (21) को आउटकर भारत ए को पहली सफलता दिलाई। 11वें ओवर में सिधु ने रिवाल्डो मूनसामी (33) का शिकार कर लिया। कप्तान मार्केस(सात) और जॉर्डन (पांच) विकेट मिले।

# रोहिणी की हार के मायने

बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में करारी हार के बाद सोमवार को पहली बार तेजस्वी यादव सामने आएंगे, हो सकता है, वह कुछ बड़ा नया कहें, लेकिन चुनाव का परिणाम आने के अगले दिन लालू प्रसाद यादव के परिवार में त्रासदी की जो बड़ी तस्वीर सामने आई है, वह देश दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। मीडिया के अनुसार लालू परिवार में दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने पहले कहा था कि उन्होंने परिवार छोड़ दिया, पार्टी छोड़ दी, फिर पटना से निकलते समय कहा कि मुझे परिवार से निकाल दिया। तेजस्वी यादव के दो करीबियों का नाम लेकर कहा था कि उनके बारे में बोलने पर चप्पल उठाई जाती है। अब, आज सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझ पर चप्पल उठाई गई। यह हंगामा 2024 की शुरुआत में ही शुरू हो गया था। जमीन, तो उससे पहले बन गई थी। लालू प्रसाद जब मुख्य धारा में शीर्ष पर थे, तब उनकी पत्नी राबड़ी देवी के भाई साधु यादव और सुभाष यादव का जलवा था। मीसा भारती और रोहिणी आचार्य की शादी तक यह जलवा कायम था। जैसे-जैसे लालू परिवार की नई पीढ़ी राजनीतिक समझ के साथ आगे बढ़ने लगी तो सबसे पहले साधु-सुभाष निकाल बाहर किए गए। दोनों भाई इस परिवार का सबकुछ जानते हैं। बहुत कुछ बता भी चुके हैं। अब भी बहुत कुछ छिपा रखा है, यह भी सभी जानते हैं, लेकिन, अब उससे आगे बेटियों की चर्चा। बड़ी बेटी मीसा भारती फिलहाल पार्टी और परिवार में सक्रिय हैं, जबकि रोहिणी आचार्य ने परिवार छुड़ाए और राजनीतिक छोड़ने की जानकारी दी, अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में मीसा भारती ने केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव को नहीं हराया होता, तो शायद उनका दर्द भी सामने आ जाता। रामकृपाल यादव कभी राजद के मजबूत आधार-स्तंभ थे, लेकिन एक सीट को लेकर चाचा के सामने भतीजी मीसा भारती उतरीं और हरा नहीं सकीं तो मामला राज्यसभा भेजकर संभाला गया था। शादी के बाद पति राव समरेश के साथ सिंगापुर में रह रहीं रोहिणी आचार्य बाकी बहनों राजलक्ष्मी, अनुष्का, रागिनी, हेमा और चंदा की तरह बिहार की राजनीति से दूर थीं। 2022 में जब सिंगापुर बुलाकर पिता लालू प्रसाद को रोहिणी आचार्य ने अपनी किडनी दान में दी और इलाज कराने के बाद भारत भेजा, तब तक उनके प्रति सहानुभूति की लहर फैल चुकी थी। लालू प्रसाद ने बिहार में एक सभा को वर्चुअल तरीके से संबो. धित किया, तो भी रोहिणी को लेकर नारे लगे। उन्होंने बेटी से जीवनदान मिलने का जिक्र भी किया। इन परिस्थितियों ने रोहिणी आचार्य के लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर दी। 2023 के अंत को थोड़ा यादव करना होगा। इस समय रोहिणी आचार्य सक्रिय राजनीति में नहीं उतरी थीं, लेकिन राजनीतिक बयानों से चर्चा में आने लगी थीं। बार-बार लग रहा था कि जनादेश 2020 के बाद अचानक आई महागठबंधन सरकार गिर सकती है। लेकिन, मुहर नहीं लग रही थी। अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर रोहिणी आचार्य का एक तीखा बयान आया और 24 घंटे के अंदर लोगों ने महागठबंधन सरकार गिरते और जनादेश 2020 के आधार पर चुनी गई एनडीए सरकार को वापस आते देख लिया। ऐसा नहीं है कि रोहिणी के एक बयान से वह सरकार गिरी, लेकिन रोहिणी ने तब वह भी लिख दिया था जो तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी चाचा नीतीश कुमार के बारे में बोलने से बच रहे थे। इसके बाद रोहिणी सक्रिय राजनीति में उतरीं और लोकसभा चुनाव 2024 में पिता लालू प्रसाद यादव ने उन्हें सारण लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ टिकट भी दे दिया। इस चुनाव में रोहिणी की हार के बाद से ही लालू परिवार में उनका सितारा खराब दिखने लगा।

## विकास के बड़े लक्ष्य नजरअंदाज न हों



दरअसल आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ और धीरे-धीरे मुंबई, पुणे, दिल्ली तक फैल गया है, भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा है, अब इस पर कठोर और असरदार एक्शन की जरूरत है, ध्यान दें, तो हर आतंकी घटना में दो चीजें बेहद अहम होती हैं, यह पता लगाना कि वारदात किसने और क्यों की और ऐसे हमलों को दोबारा होने से रोकने के उपाय, हर मुद्दे को युद्ध और शांति के चश्मे से नहीं परखा जा सकता, आतंकवाद पर सख्ती जरूरी है, लेकिन देश के विकास के बड़े लक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

-शशि थरूर
कांग्रेस सांसद

# कांग्रेस का निर्णायक मोड़: वैसाखियों से मुक्ति और जन विश्वास बहाली



वीरेश तरार

कांग्रेस आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहां उसके सामने सिर्फ चुनावी पराजय का खतरा नहीं, बल्कि एक सर्वांगीण राजनीतिक अस्तित्व संकट उभर आया है। यह वह स्थिति है जहां उसके लिए 'सबसे निचला पायदान' जैसे शब्द भी अतिशयोक्ति नहीं लगते। स्वतंत्र भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए यह क्षण केवल आत्ममंथन का नहीं, बल्कि आत्मपुनर्निर्माण की निर्णायक आवश्यकता का है। चुनावी परिदृश्य चाहे राज्यों का हो या राष्ट्रीय स्तर काकृकांग्रेस की हिचकिचाहट, संगठन की निष्क्रियता, नेतृत्व की अस्पष्टता और जनता तक पहुंचने के लिए प्रभावी मुद्दों की कमी ने उसकी पकड़ को लगातार ढीला किया है। परंतु यह कहना गलत होगा कि कांग्रेस पूरी तरह समाप्तप्राय अवस्था में पहुंच चुकी है। बिहार विधानसभा चुनाव के आंकड़े इस निष्कर्ष को गलत ठहराते हैं, क्योंकि वहां कांग्रेस प्रत्याशियों को औसतन बहत्तर हजार मत मिले, जो बताते हैं कि जनाधार पूरी तरह विखंडित नहीं हुआ है। उसका औसत मत संख्या का यह संकेत स्पष्ट करता है कि समस्या वोटर के पलायन की नहीं, बल्कि सैनिक-संगठन, रणनीति निर्माण और नेतृत्व-संयोजन की है।

वास्तविक संकट यह है कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक लड़ाई अपनी शर्तों पर नहीं लड़ पा रही। पिछले एक दशक में वह लगातार उस एजेंडा पर लड़ने को विवश हुई है जिसे भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी तैयार करते हैं। कोई भी राष्ट्रीय मुद्दा हो जाति, धर्म, अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, सामाजिक न्याय, डिजिटल पहल या कल्याणकारी योजनाएं हर मोर्चे पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया 'उत्तर' के रूप में रही, 'प्रश्न' के रूप में नहीं। एक राष्ट्रीय पार्टी की पहचान उसके अपने प्रश्नों से बनती है, अपने विचार से, अपने संघर्षों से। लेकिन कांग्रेस ने लंबे समय से यह क्षमता खो दी है कि वह खुद कोई राष्ट्रीय विमर्श तय करे। यात्रा राजनीति के जरिए राहुल गांधी ने जो नई ऊर्जा पैदा की, वह ऊर्जा संगठन में रूपांतरित नहीं हो सकी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की उनकी यात्रा ने जिन युवाओं को, जिन सामाजिक समूहों को प्रेरित किया, उन्हें स्थाई संरचना में बदलने का कोई प्रबंध पार्टी नहीं कर सकी। ऐसे समय में जब जनमत नौकरी, महंगाई, शिक्षा और जीवन-स्तर से जुड़े वास्तविक प्रश्नों पर समाधान चाहता है, कांग्रेस के पास उन सवालों के जवाब देने के लिए एक व्यवस्थित रणनीति नहीं दिखी। समस्या का दूसरा पक्ष नेतृत्व का राज्यस्तरीय रिक्तता है। यदि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भीड़ जुटा लेता है, भावनाएं जगा लेता है, तो वही भावनाएं राज्यों में नेतृत्व और संगठन के अभाव के कारण वापस बिखर जाती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में कांग्रेस के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है जिस पर जनता भरोसा कर सके कि वह आने वाले समय में मुख्यमंत्री पद के योग्य नेता के रूप में खड़ा हो सकेगा। हरियाणा में नेतृत्व केवल खेमों की खींचतान तक सीमित है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का प्रभाव सीमांत होता जा रहा है और नया नेतृत्व आकार नहीं ले पा रहा। राजस्थान में सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच चलने वाला लंबा संघर्ष पार्टी की जड़ों को खोखला कर चुका है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस लगातार कोई नया, आश्वस्त करने वाला नेतृत्व स्थापित नहीं कर सकी। दक्षिण भारत में उसकी स्थिति और भी जटिल है, जहां कई राज्यों में पार्टी न नेतृत्व दे पा रही है, न गतिशील संगठन। इन राज्यों की स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या अकेले शीर्ष नेताओं में नहीं, बल्कि संगठनात्मक ढांचे में है। कांग्रेस सेवा दल जैसी ऐतिहासिक विरासत कभी कांग्रेस की रीढ़ हुआ करती थी गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने वाली, बूथ तक वोटर को पहुंचाने वाली, पार्टी की नीतियों को जनता के मन में उतारने वाली व्यवस्था। यह प्रणाली वर्षों में निष्क्रिय हो गई, और इसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस के पास अब वह नेटवर्क ही नहीं बचा जो जनता से संवाद कर सके। चुनाव केवल लोकप्रिय चेहरे नहीं जीततेय वे संगठन के बूते जीते जाते हैं। आज भी बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर तक फैला अनुशासित नेटवर्क है। कांग्रेस में इसके ठीक विपरीत, संगठन लगभग अस्तित्वहीन स्थिति में है। इसी संगठनात्मक कमजोरी ने कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर निर्भर बना दिया है। जब भी कांग्रेस गठबंधन राजनीति में प्रवेश करती है, वह नेतृत्व छोड़कर साथी दलों के एजेंडे पर चलने लगती है। एक राष्ट्रीय पार्टी का अस्तित्व उसके स्वतंत्र एजेंडे पर निर्भर करता है, न कि दूसरों की शर्तों पर। लेकिन कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस निर्भरता को त्यागने की कोशिश ही नहीं की। बिहार या झारखंड में महागठबंधन हो, महाराष्ट्र में साझेदारी हो, तमिलनाडु में द्रविड़ दलों पर निर्भरता हो हर जगह वह सशक्त भूमिका न लेकर एक सहायक भूमिका में दिखाई देती है। यह स्थिति उसे न केवल कमजोर करती है, बल्कि उसके मूल मतदाता को भ्रमित करती है। कांग्रेस तभी राष्ट्रीय विकल्प बन सकती है जब वह स्वयं को क्षेत्रीय समीकरणों के बोझ से मुक्त करे और राष्ट्रीय नीति-संरचना को स्वयं गढ़े। राहुल गांधी को भी इस वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि उनकी लोकप्रिय छवि और यात्राएं तभी सार्थक हैं जब वे संगठन के पुनरूनिर्माण से जुड़ी हों। केवल भाषण, यात्रा, संवाद से कांग्रेस का पुनर्जन्म नहीं हो सकता। उसके लिए एक अनुशासित, सक्रिय, तकनीकी रूप से सक्षम और जन-संपर्क में निपुण संगठन की आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं को केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष निरंतर सक्रिय रखने की व्यवस्था बनानी होगी। यदि कांग्रेस अपने संगठन का पुनर्गठन नहीं करती, तो किसी भी राज्य में नेतृत्व गढ़ने का उसका प्रयास असफल रहेगा, क्योंकि नेतृत्व तभी प्रभावी होता है जब उसके पीछे एक मजबूत संरचना हो।

इसके साथ ही कांग्रेस के सामने मुद्दों की स्पष्टता का संकट भी है। आज के भारत में बेरा. जगारी, कृषि संकट, महंगाई, शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य व्यवस्था, आर्थिक असमानता, महिलाओं की सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता जैसे विषय जनता के मन में गहरे बैठे हैं। लेकिन इन मुद्दों पर कांग्रेस की नीति का कोई स्पष्ट, ठोस दस्तावेज जनता तक नहीं पहुंचता। यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि बीजेपी के पास अब कोई नया विमर्श प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त विकल्प नहीं बचा है। पिछले दस वर्षों की अधिकांश घोषणाएं अब या तो स्थिर हो गई हैं या जनमानस में अपनी सीमा तक पहुंच चुकी हैं। ऐसे समय में यदि कांग्रेस वास्तविक मुद्दों पर निर्भीकता से चलती है, तो जनता उसे विकल्प के रूप में देखने लगेगी। परंतु इसके लिए उसे अपने संवाद को सक्रिय, स्थाई और विश्वसनीय बनाना होगा।

युवाओं को जोड़ना इस समय कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। देश की विशाल युवा आबादी राजनीतिक रूप से सचेत है और रोजगार तथा शिक्षा से जुड़े मसलों पर अपनी भूमिका चाहती है। यदि कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व देने का वास्तविक मंच तैयार करती है, उन्हें प्रदेश और जिला स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपती है, संगठन को तकनीकी और डिजिटल स्तर पर आधुनिक बनाती है, तो यह नई पीढ़ी उसके पुनरुत्थान की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। किंतु यदि कांग्रेस केवल पुरानी संरचनाओं में ही उलझी रहेगी, तो उसके पास भविष्य की कोई ठोस दिशा नहीं बचेगी।

कांग्रेस को यह समझना होगा कि लोकसभा चुनाव के लिए जनता विकल्प तभी चुनती है जब वह उस विकल्प पर भरोसा कर सके। आज कांग्रेस के लिए यह भरोसा दो कारणों से कमजोर है संगठन की निष्क्रियता और नेतृत्व का अस्पष्ट स्वरूप। यदि कांग्रेस स्वयं को मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रीय मुद्दों पर दृढ़ नीति के रूप में प्रस्तुत करती है, तो उसके पास आने वाले वर्षों में विकल्प बनने की संभावना बनी रह सकती है। लेकिन यदि पार्टी क्षेत्रीय गठबंधनों की बैसाखियों पर ही चलती रही, अपने आंतरिक संघर्षों को हल नहीं कर सकी, और संगठन को पुनर्जीवित करने का साहस नहीं जुटा पाई, तो उसके लिए राजनीति की मुख्यधारा में लौट पाना अत्यंत कठिन हो जाएगा। भारत की राजनीति लोकतंत्र की हिमायत और हिफाजत में एक मजबूत विपक्ष की मांग करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सबसे तेज बनने के चक्कर में श्रद्धांजलि का पात्र मीडिया



तनवीर जाफरी

**सनी की टीम की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया कि मिस्टर धर्मेंद्र स्थिर हैं और ऑब्जर्वेशन में हैं। वे अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। झूठी अफवाहें न फैलाएं, प्राइवेसी का सम्मान करें और जल्द स्वस्थ होने की दुआ करें। इस अफवाहबाज गोदी मीडिया को सबसे अधिक जलालत व अपमान का सामना सोशल मीडिया में करना पड़ा। इतना आक्रोश तो उस समय भी देखना नहीं पड़ा था जब पहले भी कई बार यही गैर जिम्मेदार और झूठ परोसने वाला मीडिया कभी अमिताभ बच्चन तो कभी रजनीकांत कभी शाहरुख तो कभी फरीदा जलाल जैसे कई कलाकारों को जीवित रहते हुए भी मारने की खबरें चलाता रहा है।**

अन्य करोड़ों लोगों की तरह मैं भी फिल्म जगत में ही मैन के नाम से प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का बचपन से ही प्रशंसक हूं। 1985-87 के मध्य इलाहाबाद में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। उसी दौर में मुंबई आना जाना रहा। उन दिनों मुझे संजय खान, दारा सिंह, रणजीत, देव कुमार उनकी सुपुत्री मिस इंडिया मनीषा कोहली सहित अन्य कई कलाकारों से व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिला परन्तु इत्तेफाक से दो बार कोशिशों के बावजूद धर्मेंद्र से इसलिए न मिल सका क्योंकि मेरे मुंबई के प्रवास के दौरान वे शूटिंग पर कहीं बाहर होते। बहरहाल उनसे मिलने व उनके साथ बैठने की हसरत दिल में ही रही। इत्तेफाक से 2005 में जब मैं लोकसभा की कार्रवाई देखने के लिए दिल्ली गया था उसी दौरान संसद के मुख्य द्वार पर मेरी नजर इस महान अभिनेता पर पड़ी। उस समय वे 2004 से 2009 के मध्य बनी 14वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्वाचित हुए सांसद थे। मैं उन्हें देखकर जोर से बोल पड़ा अरे बीरु और धर्मेंद्र ने मेरी तरफ दोनों हाथ बढ़ाते हुए जोर से कहा आ जा मेरी जान। मैं उनकी तरफ तेजी से बढ़ा, उन्होंने बी आगे बढ़कर पूरी गर्मजोशी से मुझे दोनों हाथों से झप्पी डालते हुए इतनी जोर से उठाया कि मेरे दोनों पैर जमीन से ऊपर उठ गए। उस अविस्मरणीय क्षण को मैं आज भी भी याद करता हूं।

बहरहाल पिछले दिनों भारत के बदनाम जमाना गोदी मीडिया ने देश के उस हरदिल अजीज अभिनेता को उनके जीवनकाल में ही अपनी खबरों में श्रद्धांजलि दे डाली। गौर तलब है कि सांस लेने में दिक्कत होने के कारण उन्हें पिछले दिनों मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती होते ही टीआरपी के भूखे गोदी मीडिया ने अपने मुख्य वाक्य सबसे तेज को साकार करने के मकसद से मोर्चा संभाल लिया। और 10-11 नवंबर के बीच अच्छे खासे बोलते बात चीत करते इस लोकप्रिय अभिनेता की मौत की झूठी अफवाहें तेजी से फैला दीं। ऐसी अफवाहबाजी कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंहवी, तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी, अभिनेत्री भाग्य, गीतकार व पटकथा लेखक जावेद अख्तर यहां कि खुद गोदी मीडिया की ही एक चर्चित पत्रकार चित्रा त्रिपाठी तक ने इसी झूठी खबर पर विश्वास करते हुए धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर डाले। बाद में इनमें से कई हस्तियों ने अपने ऐसे ट्वीट डिलीट भी किए? यहां तक कि कई बड़े अखबारों ने भी इसी गोदी मीडिया की इस झूठी खबर पर विश्वास हुए मुख्य पृष्ठ पर खबरें प्रकाशित कर डालीं। उधर वही धर्मेंद्र अपनी मौत की झूठी खबर फैलने के अगले ही दिन यानी 12 नवंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए। अस्पताल से छुट्टी के बाद वे सजे संवरे सर पर हैट धारण किए अपने अभिनेता पुत्रों के साथ हंसते मुस्कुराते और उसी मीडिया का अभिवादन करते हुए अपने घर जाते नजर आए परन्तु पहले भी इस तरह की अफवाह फैलाते रहने वाले गोदी मीडिया को इस बार कुछ ज्यादा ही मुंह की खानी पड़ी। न केवल धर्मेंद्र के परिवार के सदस्यों ने बल्कि धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने भी सोशल साइट्स पर गोदी मीडिया की धज्जियां उड़ाकर रख दीं।

धर्मेंद्र की बेटी अभिनेत्री ईशा देओल ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मीडिया हद से ज्यादा सक्रिय है और झूठी खबरें फैला रहा है। मेरे पापा स्थिर हैं और रिकवर कर रहे हैं। परिवार को प्राइवेसी दें। पापा के जल्द ठीक होने की दुआओं के लिए शुक्रिया। उसके फौरन बाद अभिनेत्री पत्नी व सांसद हेमा मालिनी ने ट्विटर पर गुस्से में लिखा कि जो हो रहा है वो अक्षम्य है। जिम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबरें कैसे फैला सकते हैं जो इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहा है और रिकवर कर रहा है? यह बेहद असम्मानजनक और गैर -जिम्मेदाराना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आखिर क्यों नहीं रुकते देश में आतंकवादी हमले



विनीत नारायण

एक बार फिर आतंकवादी हमलों ने देश की राजधानी दिल्ली को दहला दिया। लाल किले के भीड़ भरे इलाके में यह जानलेवा विस्फोट उस साजिश से कहीं कम थे जो पूरी दिल्ली को दहलाने के लिए रची गई थी। इन आतंकी हमलों के पीछे पढ़े लिखे ऐसे लोग शामिल हैं जिनसे ऐसी वैशियाना हरकत की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्रश्न है कि जब देश की सुरक्षा एजेंसियां हर समय अपने पंजों पर रहती हैं उसके बावजूद भी देश की राजधानी जो कि सुरक्षा के लिहाज से काफी मुस्तैद मानी जाती है, वहां पर इतनी भारी मात्रा विस्फोटक सामग्री लेकर एक आतंकी कैसे घूम रहा था? कैसे इन विस्फोटक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पहुंचा? हमारी रक्षा और गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थी?

इन हमलों से सारा देश हतप्रभ है पहलगाम में हुई आतंकवादी वारदात के छह महीने बाद ही ए दूसरा बड़ा झटका लगा है। सवाल उठता है कि देश में आतंकवाद पर कैसे काबू पाया जाए? हमारा देश ही नहीं दुनिया के तमाम देशों का आतंकवाद के विरुद्ध इकतरफा साझा जनमत है। ऐसे में सरकार अगर कोई ठोस कदम उठाती है, तो देश उसके साथ खड़ा होगा। उधर तो हम सीमा पर लड़ने और जीतने की तैयारी में जुटे रहें और देश के भीतर आईएसआई के एजेंट आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते रहें तो यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। मैं पिछले 30 वर्षों से अपने लेखों में लिखता रहा हूं कि देश की खुफिया एजेंसियों को इस बात की पुख्ता जानकारी है कि देश के 350 से ज्यादा शहरों और



कस्बों की सघन बस्तियों में आरडीएक्स, मादक द्रव्यों और अवैध हथियारों का जखीरा जमा हुआ है जो आतंकवादियों के लिए रसद पहुंचाने का काम करता है। प्रधानमंत्री को चाहिए कि इसके खिलाफ एक 'आपरेशन क्लीन स्टार' या 'अपराधमुक्त भारत अभियान' की शुरुआत करें और पुलिस व अर्धसैनिक बलों को इस बात की खुली छूट दें जिससे वे इन बस्तियों में जाकर व्यापक तलाशी अभियान चलाएं और ऐसे सारे जखीरों को बाहर निकालें।

गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में हुए धमाके के बाद अपने बयान में यह साफ कहा कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि पूरी दुनिया देखेगी। उल्लेखनीय है कि कश्मीर के खतरनाक आतंकवादी संगठन 'हिजबुल मुजाईदीन' को दुबई और लंदन से आ रही अवैध आर्थिक मदद का खुलासा 1993 में मैंने ही अपनी विडियो समाचार पत्रिका 'कालचक्र' के 10वें अंक में किया था। इस घोटाले की खास बात यह थी कि आतंकवादियों को मदद देने वाले स्रोत देश के लगभग सभी प्रमुख दलों के बड़े नेताओं और बड़े अफसरों को भी यह अवैध धन मुहैया करा रहे थे। इसलिए सीबीआई ने इस कांड को दबा रखा था। घोटाला उजागर करने के बाद मैंने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आतंकवादियों को आ रही आर्थिक मदद के इस कांड की जांच करवाने को कहा। सर्वोच्च अदालत ने मेरी मांग का सम्मान किया और भारत के इतिहास में पहली बार अपनी निगरानी में इस कांड की जांच करवाई। बाद में यही कांड 'जैन हवाला कांड' के नाम से मशहूर हुआ। जिसने भारत की राजनी. ति में भूचाल ला दिया। पर मेरी चिंता का विषय यह है कि इतना सब होने पर भी इस कांड की ईमानदारी से जांच आज तक नहीं हुई और यही कारण है कि आतंकवादियों को हवाला के जरिए, पैसा आना जारी रहा और आतंकवाद पनपता रहा।

उन दिनों हॉगकॉग से 'फार ईर्स्टन इकोनोमिक रिव्यू' के संवाददाता ने 'हवाला कांड' पर मेरा इंटरव्यू लेकर कश्मीर में तहकीकात की और फिर जो रिर्पोट छपी, उसका निचोड़ यह था कि आतंकवाद को पनपाए रखने में बहुत से प्रभावशाली लोगों के हित जुड़े हैं। उस पत्रकार ने तो यहां तक लिखा कि कश्मीर में आतंकवाद एक उद्योग की तरह है। जिसमें बहुतों को मुनाफा हो रहा है। उसके दो वर्ष बाद जम्मू के राजभवन में मेरी वहां के तत्कालीन राज्यपाल गिरीश सक्सैना से चाय पर वार्ता हो रही थी। मैंने उनसे आतंकवाद के बारे में पूछा, तो उन्होंने अंग्रेजी में एक व्यग्यात्मक टिप्पणी की जिसका अर्थ था कि मुझे 'घाटी के आतंकवादियों' की चिंता नहीं है, मुझे 'दिल्ली के आतंकवादियों' से परेशानी है। अब इसके क्या मायने लगाए जाए?

आतंकवाद को रसद पहुंचाने का मुख्य जरिया है हवाला कारोबार। अमरीका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के तालि. बानी हमले के बाद से अमरीका ने इस तथ्य को समझा और हवाला कारोबार पर कड़ा नियन्त्रण कर लिया। नतीजतन तब से आज तक वहां आतंकवाद की कोई घटना नहीं हुई, जबकि भारत में हवाला कारोबार बेरोकटोक जारी है। इस पर नियन्त्रण किए बिना आतंकवाद की श्वासनली को काटा नहीं जा सकता। एक कदम संसद को उठाना है, ऐसे कानून बनाकर जिनके तहत आतंकवाद के आरोपित मुजरिमों पर विशेष अदालतों में मुकदमे चला कर 6 महीनों में सजा सुनाई जा सके। जिस दिन मोदी सरकार यह कदम उठा लेगी उस दिन से भारत में आतंकवाद का बहुत हद तक सफाया हो जाएगा। यह चिंता का विषय है कि तमाम दावों और आश्वासनों के बावजूद पिछले चार दशक में कोई भी सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई कारगर उपाय कर नहीं पाई है। हर देश के नेता आतंकवाद को व्यवस्था के खिलाफ एक अलोकतांत्रिक हमला मानतेरहे हैं और बेगुनाह नागरिकों की हत्याओं के बाद यही कहते रहे हैं कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर कई दशक बीत जाने के बाद भी विश्व में आतंकवाद के कम होने या थमने का कोई लक्षण हमें दिखाई नहीं देता। नए हालात में जरूरी हो गया है कि आतंकवाद के बदलते स्वरूप पर नए सिरे से समझना शुरू किया जाए। हो सकता है कि आतंकवाद से निपटने के लिए बल प्रयोग ही अकेला उपाय न हो। क्या उपाय हो सकते हैं उनके लिए हमें शोधपरख अध्ययनों की जरूरत पड़ेगी। अगर सिर्फ 70 के दशक से अब तक यानी पिछले 40 साल के अपने सोच विचार.ष्टि अपनी कार्यपद्धति पर नजर डालें तो हमें हमेशा तदर्थ उपायों से ही काम चलाना पड़ा है। इसका उदाहरण कंधार विमान अपहरण के समय का है जब विशेषज्ञों ने हाथ खड़े कर दिए थे कि आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे पास कोई सुनियोजित व्यवस्था ही नहीं है।

यदि विश्वभर के शीर्ष नेतृत्त्व एकजुट होकर कुछ ठोस कदम उठाऐं, तो उम्मीद है कि हम आतंकवाद के साथ भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, शोषण और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का भी समाधान पा लें। देश इस समय गंभीर हालत से गुजर रहा है। मातम की इस घड़ी में रोने के बजाए सीमा सुरक्षा पर गिद्धदृष्टि और दोषियों को कड़ा जबाब देने की कार्यवाही की जानी चाहिए पर यह भी याद रहे कि हम जो भी करें, वो दिलों में आग और दिमाग में बर्फ रखकर करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का जश्न मनाते भाजपा समर्थक।

# साउथ कोरिया की न्यूक्लियर पनडुब्बियों में मदद करेगा अमेरिका

## साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच एक समझौता, साउथ कोरियाई मंत्री बोले: यह किम जोंग की नींद उड़ा देगी

**वाशिंगटन।** साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ है, जिसमें अमेरिका ने साउथ कोरिया को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियां (अटैक सबमरीन) बनाने की इजाजत दे दी है।

व्हाइट हाउस ने गुरुवार को जारी किए गए एक लेटर में बताया कि अमेरिका इन पनडुब्बियों के लिए फ्यूल देने के साथ तकनीकी सहयोग भी करेगा। पिछले महीने हुए व्यापार समझौते के तहत साउथ कोरिया, अमेरिका में 29.58 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसमें 16.9 लाख करोड़ रुपये नकद और 12.68 लाख करोड़ रुपये जहाज निर्माण में लगेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ये पनडुब्बियां अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया के शिपयार्ड में बनेंगी, जो दक्षिण कोरियाई कंपनी हन्वा की अमेरिकी यूनिट है। हालांकि दक्षिण कोरियाई अधिकारी चाहते हैं कि ये पनडुब्बियां कोरिया में ही बनाई जाएं, क्योंकि वहां मौजूदा सुविधाएं इनका निर्माण तेजी से कर सकती हैं।



**पिछले महीने हुए व्यापार समझौते के तहत साउथ कोरिया, अमेरिका में 29.58 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा**

साउथ कोरियाई रक्षा मंत्री अहन ग्यू-बैक ने कहा कि यह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की नींद उड़ा देंगी। अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के नेताओं ने पिछले महीने एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई थी, जिसके तहत अमेरिका ने टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वर्ष की शुरुआत में साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दी थी। राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने 15 प्रतिशत तक कम करने के लिए बातचीत की थी। वर्तमान में सिर्फ 6 देशों के पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। इसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और भारत शामिल है। साउथ कोरिया के पास पहले से ही लगभग 20 पनडुब्बियां हैं, लेकिन वे सभी डीजल से चलती हैं और इसलिए उन्हें बार-बार सतह पर आना पड़ता है। इसके तुलना में परमाणु पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं, तेज गति से चल सकती हैं और दूर तक ऑपरेशन कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेस के दौरान कार के बाड़ से टकराने से नौ लोग घायल

**सिडनी।** सिडनी के उत्तर में एक रेस कार्यक्रम के दौरान एक कार के बाड़ से टकराने से नौ लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने रविवार को एक बयान में कहा कि वाहन एक दौड़ में हिस्सा ले रहा था और शनिवार शाम लगभग 6:15 बजे सिडनी से 320 किलोमीटर उत्तर में स्थित वाल्चा के छोटे से शहर में एक बाड़ से टकराने के बाद एक मंच से टकरा गया। दर्शकों ने घायलों को एम्बुलेंस पैरामेडिक्स आने तक सहायता प्रदान की और 20 से 75 वर्ष की आयु के सात पुरुषों और दो महिलाओं को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया।

### आईएफएफआई ने इफिस्टा 2025 का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) इस वर्ष दूरदर्शन द्वारा प्रस्तुत चार दिवसीय संगीत एवं प्रदर्शन कार्यक्रम इफिस्टा 2025 के साथ अपने सांस्कृतिक प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में 21 से 24 नवम्बर तक प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चलेगा। वेव्स कल्चरल्स एंड कॉन्सर्ट्स के तहत तैयार किया गया।

### कॉप-30 में हरित औद्योगिकरण के लिए बेलेम घोषणा पत्र जारी

**बेलेम।** ब्राजील के बेलेम में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन (कॉप-30) में 35 देशों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और संस्थाओं के समर्थन से हरित औद्योगीकरण के लिए बेलेम घोषणापत्र जारी किया गया। यह दस्तावेज तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास के एक स्थाई मॉडल को स्थापित करने के लिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भागीदार देश साझा प्रयास करेंगें और समन्वित कार्रवाई करेंगे।

# मेक्सिको में भ्रष्टाचार के खिलाफ GenZ का प्रदर्शन

## 120 घायल, मेयर की मौत से गुस्साए, राष्ट्रपति निवास की दीवारें गिराईं

**मेक्सिको।** मेक्सिको में हजारों जैन-जी बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, हिंसा में मिल रही छूट, सार्वजनिक हत्या औरा सुरक्षा की कमी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। यह गुस्सा एक मेयर की सार्वजनिक हत्या के बाद और भड़क गया। मेक्सिको के पश्चिमी राज्य मिचोआकेन में 1 नवम्बर को उरुअपन के मेयर कार्लोस मंजो की एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

गुस्साए जैन-जी ने राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास नेशनल पैलेस की सुरक्षा दीवारों को गिरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, हथौड़े, पटाखों, लाठियों और जंजीरों से हमला किया। इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने द इंडिपेंडेंट को बताया कि प्रदर्शन में 120 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। वहीं 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस साल कई देशों में जेन जेड युवा असमानता, लोकतंत्र की गिरावट और भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। नेपाल में सितम्बर में सोशल मीडिया बैन के बाद बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिससे प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा।



मेक्सिको में भी युवा भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों में मिल रही छूट से परेशान हैं। 29 साल के बिजनेस कंसल्टेंट एंड्रेस मासा ने कहा कि हमें ज्यादा सुरक्षा चाहिए। प्रदर्शन में सिर्फ युवा ही नहीं, बल्कि मध्यम आयु और बुजुर्ग वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

43 वर्षीय चिकित्सक एरिजबेथ गार्सिया ने बताया कि हम सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए ज्यादा फंडिंग चाहते हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा है। डाक्टर भी असुरक्षित हैं। यहां कोई मारा जाता है और कुछ नहीं होता। मेक्सिको ने हाल में हुए कई हाई-प्रोफाइल हत्याकांडों ने राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम को लेकर जनता में गुस्सा भर दिया है। प्रदर्शन से कुछ दिन पहले शीनबाम ने दक्षिणपंथी विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये दल जेन जेड आंदोलन में घुसपैठ कर रहे हैं और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके प्रदर्शन को बड़ा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इस हफ्ते कुछ जैन-जी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने प्रदर्शन से अपना समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर, पूर्व राष्ट्रपति विसेंट फाक्स और मेक्सिको के अरबपति उद्योगपति रिकार्डो सालिनास प्लिजियो ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का खुला समर्थन किया। विरोध में जैन-जी (18 से 29 साल के युवा) जापानी कामिक्स 'वन पीस' के करेक्टर 'लूफी' को अपना प्रतीक बना रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथ में खोपड़ी वाली टोपी का निशान देखा जा रहा है, जो लूफी की पहचान है। एक छात्र नेता लियोनार्डो मुन्योस ने कहा कि लूफी जगह-जगह जाकर भ्रष्ट और तानाशाही शासकों से जनता को आजाद कराता है। यहां भी वही स्थिति है। अब और खामोश नहीं रहेंगे छात्र सैंटियागो जापाटा ने कहा हम इस बात से थक चुके हैं कि मौत और भ्रष्टाचार को सामान्य बना दिया गया है। हमारी पीढ़ी अब खामोश नहीं बैठेगी। सरकार को जनता से डरना चाहिए, न कि जनता को सरकार से। वन पीस जापान की मशहूर कामिक्स और ऐनिमे सीरीज है। इसकी कहानी समुद्री डाकुओं (पाइरेट्स) पर आधारित है, जो आजादी, दोस्ती और न्याय के लिए लड़ते हैं। यह सीरीज पूरी दुनिया में युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है। जैन-जी ने प्रदर्शन के लिए जापानी कामिक्स 'वन पीस' के करेक्टर 'लूफी' के मशहूर निशान खोपड़ी के झंडे लहराए। बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी महाद्वीप में भी जैन-जी प्रदर्शन हुए। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता से त्रस्त यह युवा पीढ़ी अब केवल विरोध नहीं कर रही, वह सरकारें बदल रही है। पिछले एक साल में केन्या, मेडागास्कर, मोरक्को और बोत्सवाना जैसे देशों में जेन-जी के नेतृत्व में व्यापक प्रदर्शन हुए।

# जापान में चीनी नागरिक सुरक्षित नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को जापान पढ़ने जाने वाले चीनी छात्रों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। चीन का कहना है कि जापान में इन दिनों सुरक्षा स्थिति ठीक नहीं है और वहां रहने वाले चीनी नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। चीन के मुताबिक, जापान में हाल ही में अपराध बढ़े हैं और चीनी छात्रों के लिए माहौल पहले जैसा सुरक्षित नहीं रहा। चीन की यह चेतावनी उस समय आई है जब जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने संसद में ताइवान को लेकर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया या उस पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो जापान अपनी सैन्य कार्रवाई करेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया है। चीन का कहना है कि ताकाइची का यह बयान दोनों देशों के रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है और पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है। चीन ने इस बयान का विरोध करते हुए जापान के राजदूत को तलब किया और प्रधानमंत्री से अपने बयान को वापस लेने की मांग की। दूसरी तरफ, जापान ने भी चीन के एक राजनयिक की सोशल मीडिया पोस्ट पर आपत्ति जताई है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया, तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा।

# जापान के प्रधानमंत्री अपने गैर-परमाणु सिद्धांतों में करेंगे बदलाव

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री अपने उन 3 गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं जो उसे परमाणु हथियार नहीं रखने, उसका उत्पादन नहीं करने और जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते हैं। जापान के प्रधानमंत्री के इस कदम से देश की सुरक्षा नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत मिल रहा है। जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची देश में लंबे समय से चले आ रहे उन तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं। क्योडो न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री के इस विचार से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद तय है।

ताकाइची जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और दो संशोधित दस्तावेजों को अद्यतन करते हुए तीसरे सिद्धांत को भी संशोधित करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि वे परमाणु हथियारों को जापान के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस सिद्धांत में बदलाव किया जाता है तो यह देश की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इस पर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद होना तय है। गौरतलब है कि वर्ष 1967 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ईसाकु सातो ने देश की संसद डाइट में अपने तीन परमाणु सिद्धांतों की घोषणा करते हुए कहा था कि उनका देश अब न तो परमाणु हथियार रखेगा, न ही



**प्रधानमंत्री के इस विचार से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद तय है**

उनका उत्पादन करेगा और न ही जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के प्रवेश की अनुमति होगी। जापान में तब से इसे एक राष्ट्रीय सिद्धांत माना जाता है। जापान में वर्ष 1922 में कैबिनेट द्वारा जब राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अनुमोदित की गई, तब उस समय भी कहा गया कि तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों का पालन करने की मूल नीति भविष्य में भी अपरिवर्तित रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ताकाइची का परमाणु हथियार न रखने या उनका उत्पादन न करने के जापान के रुख को संशोधित करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन उनका मानना है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति न देने से अमेरिकी परमाणु-सशस्त्र जहाजों के बंदरगाहों पर आने-जाने में बाधा आ सकती है, जिससे अमेरिकी परमाणु प्रतिरोध कमजोर हो सकता है।

# ताइवान के जल क्षेत्र में देखे गए चीनी विमान और नौसेना जहाज

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय जलक्षेत्र के आसपास रविवार सुबह 6 बजे तक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 30 विमानों और सात नौसेना (पीएलएएन) के जहाजों के साथ-साथ एक चीनी आधिकारिक जहाज को सक्रिय देखा गया।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 30 पीएलए विमान, 7 पीएलए के जहाज और 1 आधिकारिक जहाज सक्रिय देखे गए। 17 उड़ानें मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं। हमने स्थिति पर नज़र रखी है और जवाबी कार्रवाई की है। ताइवान ने चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज तैनात किए और चीनी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए तट-आधारित मिसाइल प्रणालियों को सक्रिय किया। चीन की गतिविधियों में वृद्धि को ताइवान और अमेरिका की हालिया रक्षा खरीद की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को ही अमेरिका ने 33 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लड़ाकू विमानों और विमानों के पुर्जो को ताइवान को बेचने पर सहमति जताई थी।

# जलवायु जिम्मेदारी निभाते हुए विकास कर रहा भारत

## यूएनडीपी प्रमुख हाओलियांग शू बोले: भारत ने ये दिखाया: आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश एक साथ आगे बढ़ सकते हैं

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत ने ये दिखाया है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि समतापूर्ण विश्व बनाने के लिए दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत है। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओ. लियांग शू ने कहा कि भारत के विकास की कहानी न केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी है कि प्रौद्योगिकी और सहभागी शासन साथ-साथ चल सकते हैं।

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूस और जलवायु-उत्तरदाई दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास माडल की सराहना की। यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तेज विकास को लोगों, विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है। शू ने खासकर भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन प्लेटफार्मों, जिनमें जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) शामिल हैं, ने करोड़ों लोगों तक पारदर्शी और सीधे लाभ पहुंचाने में मदद की है।

> **भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूत और जलवायु-उत्तरदाई दोनों हों**

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात लोग मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राहत एवं आपातकालीन बचाव टीम 1122 सिंध के प्रवक्ता हसन उल हसीब ने बताया कि यह विस्फोट शनिवार शाम हैदराबाद जिले के लगहारी गोठ में हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट के बाद भीषण आग ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

# टेम्स नदी में इंडियन के पैर धोने से विवाद

## सोशल मीडिया यूजर बोले: गंगा-यमुना काफी नहीं, टेम्स को भी वैसा बनाना चाहते हो

**लंदन।** लंदन की मशहूर टेम्स नदी में एक भारतीय युवक के पैर धोने से विवाद छिड़ गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि उसने नदी में नहाने की भी कोशिश की थी।

टेम्स नदी लंदन की पहचान मानी जाती है और इसके किनारे संसद भवन, लंदन आई और टावर ब्रिज जैसी मशहूर जगहें हैं। जब यह वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर सामने आया, तो लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं दी। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि गंगा-यमुना काफी नहीं थीं, अब टेम्स को भी वैसा बनाना चाहते हो। एक अन्य ने लिखा कि इंडियन आदमी टेम्स में पैर धो रहा है, लोग नाराज हैं। ये कैसी हरकतें हैं? कई सोशल मीडिया यूजर्स ने युवक के सपोर्ट में भी ट्वीट किए हैं। एक



यूजर ने लिखा कि पैर धोने में आखिर समस्या क्या है। सम्मान के साथ पूछ रहा हूं, इसमें दिक्कत क्या है? एक यूजर ने पूछा-क्या पानी में पैर डालना गैरकानूनी है? एक यूजर ने लिखा कि नदी का रंग ही बता रहा है कि इसमें कुछ भी धोना ठीक नहीं। दूसरे ने मजाक में कहा-भाई, पैर मत धोओ, लोग यही पानी पीते हैं। टेम्स नदी लंदन शहर के बीच से गुजरती है और सदियों से शहर के विकास, व्यापार और परिवहन का मुख्य आधार रही है। रोमन साम्राज्य के समय से ही यह नदी महत्वपूर्ण रही है। लंदन शहर की स्थापना भी इसी नदी के किनारे हुई थी। टेम्स नदी पर लंदन ब्रिज, टावर ब्रिज, वेस्टमिंस्टर पैलेस, लंदन आई और टेम्स बैरियर जैसे फेमस ब्रिज हैं। नदी के किनारे कला, संगीत, थियेटर और त्योहारों से जुड़ी कई एक्टिविटी होती हैं। टेम्स पर की जाने वाली क्रूज यात्राएं लंदन के प्रमुख आकर्षणों में से हैं। इस विवाद के बीच, नदी की सफाई और प्रदूषण पर भी चर्चा शुरू हो गई। 'द गार्जियन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेम्स नदी के कई हिस्सों में ई.कोली बैक्टीरिया और सीवेज के प्रदूषण की मात्रा काफी बढ़ गई है। जांच में यह भी पाया गया कि नदी में गीले वाइप्स और प्लास्टिक का कचरा जमा होकर वेट वाइप आइलैंड्स जैसी बड़ी ढेरियां बन चुकी हैं। ऐसा ही एक बड़ा ढेर हेमरस्मिथ ब्रिज के पास मिला है।

# मादुरो ने अमेरिकी धमकियों के खिलाफ लामबंदी का आह्वान किया

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कैरिबियाई क्षेत्र में अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास की घोषणा के बाद देश के पूर्वी क्षेत्र में स्थाई तौर पर सतर्कता बरतने और लामबंदी का आह्वान किया है। मादुरो ने उत्तरी राज्य मिरांडा के पेटारे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं एक बार फिर पूर्वी राज्यों-दक्षिणी बोलिवर, डेल्टा अमाकुरो, मोनागास, सूक्रे, एंज़ोएटेगुई और नुएवा एस्पार्टा-के सभी लोगों से नागरिकों, सैन्य बलों और पुलिस के बीच पूर्ण एकता बनाए रखने, सतर्कता बरतने और वेनेजुएला का झंडा ऊंचा करके सड़कों पर मार्च करने का आह्वान करता हूं।


मोदीनगर की संस्थापिका

UMESH MODI GROUP MODINAGAR

स्व.श्रीमती दयावती मोदी जी

के 110वें जन्मदिवस 17 नवम्बर, 2025 पर

हम सब उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



स्व.श्रीमती दयावती मोदी
1915 – 1994

समस्त प्रबंधक एवं कर्मचारीगण

उमेश मोदी ग्रुप

मोदीनगर